CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

नई दिल्ली, सोमवार 8 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 157 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 15 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में अब नौकरियों की बौछार: योगी

पेज 2




भारतीय पुरुष कम्पाउंड टीम ने जीता स्वर्ण पदक

खेल टाइम्स



प्राकृतिक आपदाओं का बढ़ता कहर

सम्पादकीय



ट्रम्प के रोजगार के वादे धरे रह गए अमेरिका में नियुक्तियां ठप

पेज 12

## हॉकी में भारत का 'चौका', एशिया कप पर कब्जा



**साउथ कोरिया को 4-1 से फाइनल में हराया हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भी किया क्वालिफाई**

**राजगीर।** भारत ने मेंस हॉकी एशिया कप 2025 का खिताब जीत लिया है। बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रविवार को टीम इंडिया ने साउथ कोरिया को 4-1 से फाइनल हराया। भारत ने चौथी बार यह खिताब जीता। इस जीत के साथ भारत ने 2026 के वर्ल्ड कप में भी जगह बना ली।

भारत से फाइनल मैच के पहले ही मिनट में सुखजीत सिंह ने गोल दाग दिया था। दूसरे क्वार्टर में फिर दिलप्रीत सिंह ने गोल दागा और भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में दिलप्रीत ने एक और गोल किया। चौथे क्वार्टर में अमित रोहिदास ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा और भारत को 4-0 से आगे कर दिया। साउथ कोरिया से सोन डायन ने इकलौता गोल किया। टीम इंडिया ने 5 बार की चैंपियन साउथ कोरिया को फाइनल हराकर चौथी बार टाइटल जीता। भारत ने 2017 में मलेशिया को फाइनल हराकर आखिरी बार एशिया कप जीता था। कोरिया दूसरी बार ही रनर-अप रही। टीम को 2007 में भी भारत ने ही फाइनल हराया था।

## पोक्सो में बच्ची की गवाही ही काफी, HC का बड़ा फैसला

### 10 साल की बच्ची से दुष्कर्म मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने दोषसिद्धि बरकरार रखी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कोर्ट ने कहा: पीड़िता की गवाही विश्वसनीय है और इसके आधार पर सजा भी हो सकती है**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 2017 में 10 साल की एक मासूम बच्ची के साथ बलात्कार के मामले में एक शख्स को 12 साल की जेल की सजा को बरकरार रखा। इसके साथ ही कोर्ट ने ये भी कहा कि पीड़िता की गवाही विश्वसनीय है और इसके आधार पर सजा भी हो सकती है।

जस्टिस मनोज कुमार ओहरी ने इस मामले में दोषी करार दिए गए टोनी नाम के शख्स की याचिका 3 सितम्बर को खारिज करते हुए यह आदेश दिया। सुनवाई के दौरान जस्टिस मनोज कुमार ने कहा कि कानून की स्थापित स्थिति यह है कि भले ही पीड़िता घटना की एकमात्र गवाह हो, अगर उसकी गवाही विश्वसनीय और भरोसेमंद पाई जाती है, तो दोषसिद्धि बरकरार रखी जा सकती है। अगर पीड़ित बच्ची की गवाही विश्वसनीय है, तो दोषसिद्धि उसी के आधार पर हो सकती है'। प्राथमिकी के मुताबिक दोषी शख्स टोनी फर्नीचर की एक दुकान में काम करता था। ये दुकान बच्ची के स्कूल के पास थी। इस दौरान टोनी की नजर बच्ची पर पड़ी। उसने बच्ची को चाउमीन और कचौड़ी जैसी खाने की चीजों का लालच दिया और उसे बहला फुसलाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया था। इसके साथ ही आरोपी टोनी ने बच्ची को डराने के लिए धमकी भी दी थी कि अगर उसने इस बारे में किसी को भी कुछ बताया तो वो उसकी जान ले लेगा। आरोपी ने कहा कि वो उसे नाले में डुबो देगा या लकड़ी की तरह उसके टुकड़े-टुकड़े कर देगा। इन धमकियों की वजह से बच्ची चुप रही। यह मामला तब सामने आया जब बच्ची की स्कूल की टीचर ने उससे पूछताछ की और बच्ची ने उन्हें सारी बात बताई। इसके बाद टीचर ने बच्ची की मां को पूरी बात बताई जिसके कारण पुलिस में शिकायत दर्ज की गई। सुनवाई के दौरान जस्टिस मनोज कुमार ने कहा कि बच्ची का बयान एक समान और विश्वसनीय रहा। साथ ही आरोपी शख्स जिरह के दौरान पीड़िता की गवाही को झुठला नहीं सका। कोर्ट ने माना कि बच्ची के बायन में सच्चाई है, जिसके आधार पर कोर्ट ने आरोपी टोनी की 2 साल की जेल की सजा को बरकरार रखा।

### अखिलेश के बाद सिद्धारमैया का कटा चालान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के वाहन ने इस साल 7 बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया है। इसको लेकर उनके खिलाफ मामले भी दर्ज किए गए हैं। इनमें ज्यादातर सीट बेल्ट न पहनने के कारण आए हैं। इसके लिए सिद्धारमैया पर 2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बेंगलुरु के इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम कैमरों ने इन उल्लंघनों को रिकॉर्ड किया है। खास बात ये है कि सभी चालान पिछले 9 महीने के हैं। मुख्यमंत्री पर कुल 2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया था, जिसे मुख्यमंत्री ने अदा कर दिया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की सरकारी गाड़ियों की ओवरस्पीडिंग का 8 लाख रुपये का चालान आया है। इस मामले में सपा चीफ ने उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। सपा चीफ ने कहा कि हम तो राजनीतिक पार्टी के खाते से चालान भर देंगे लेकिन गरीब लोग इतना पैसा कहा से लाएंगे?

### 10 लाख का इनामी नक्सली अमित हांसदा ढेर

**रांची।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के बुर्जुवा पहाड़ी पर रविवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ में माओवादी के जोनल कमांडर अमित हांसदा मारा गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस मुठभेड़ में 10 लाख रुपये का इनामी भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर अमित हांसदा उर्फ अपटन को सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया। अमित हांसदा झारखंड के बोकारो जिले का रहने वाला था और माओवादी संगठन में उसकी पैठ काफी मजबूत मानी जाती थी।

### अशोक स्तंभ को लेकर कश्मीर में मचा बवाल

**श्रीनगर।** श्रीनगर स्थित प्रसिद्ध हजरतबल दरगाह में लगे अशोक चिन्ह को क्षतिग्रस्त करने के मामले में 25 से अधिक लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। यह घटना जुमे की नमाज के बाद सामने आई थी, जिसके बाद इलाके में विवाद और राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। पुलिस के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज और अन्य वीडियो की जांच के आधार पर इन लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## वोटर आईडी में अब मकान नंबर 'जीरो' नहीं होगा

### घर नहीं होने पर काल्पनिक नंबर नहीं दिए जाएंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो




**मतदाता के पते के बारे में नए फॉर्मेट पर किया जा रहा विचार**

**वोटर आईडी में मकान नंबर डालने की अनिवार्यता समाप्त करना भी शामिल**

**मकान नंबर की जगह आधार नंबर डालने को भी विकल्प के तौर पर देखा जा रहा**

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लगाए थे चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप**

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में सैकड़ों मतदाता पहचान पत्रों में मकानों का एक ही पता 'जीरो' दर्ज होने से मचे बवाल के बीच चुनाव आयोग कुछ परिस्थितियों में नेशनल नंबर देना खत्म करने जा रहा है। इसके लिए मतदाता के पते के बारे में नए फॉर्मेट पर विचार किया जा रहा है, ताकि काल्पनिक नंबर देने की मजबूरी खत्म हो जाए। इसके तहत वोटर आईडी में मकान नंबर डालने की अनिवार्यता समाप्त करना भी शामिल है।

मकान नंबर की जगह आधार नंबर डालने को भी विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने बड़ी संख्या में मकानों को नंबर 00 या 77777 या 9999 देने को राजनीतिक मुद्दा बनाया हुआ है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक की वोटर लिस्ट में ऐसे कई पते दिखाए थे, जिनके आगे यही नंबर लिखे हुए थे। इसके बाद ऐसे वोटर्स को लेकर नई बहस छिड़ गई थी। चुनाव आयोग पर भी सवाल उठ रहे थे। चीफ इलेक्शन कमिश्नर (ईसी) ज्ञानेश कुमार ने 17 अगस्त को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बताया था कि बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता होते हैं, जो फुटपाथ पर, पुलों के नीचे या किसी लैंपपोस्ट के नीचे रात बिताते हैं। ऐसे मतदाताओं के घर के पते में मकान नंबर जीरो दर्ज किया जाता है। आधार जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई का अनुमान है कि 12 लाख लोगों के आधार में स्थायी पता दर्ज नहीं है। आधार अथॉरिटी ने ऐसे लोगों के लिए हेड ऑफ द फैमिली को केयर ऑफ दिखाकर पता दर्ज किया हुआ है।

### पूरे देश में वोटर वेरिफिकेशन करेगा चुनाव आयोग

**10 सितम्बर को दिल्ली में ईसी की मीटिंग, साल के आखिरी में शुरू हो सकती है वेरिफिकेशन प्रक्रिया**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसीआई) पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) करने की तैयारी में है। इसको लेकर दिल्ली में 10 सितम्बर को बैठक होगी। बैठक में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) शामिल होंगे। इसमें देशभर में एसआईआर कराने को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी।

यह मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के फरवरी में पद संभालने के बाद तीसरी बैठक होगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार के बाद वोटर लिस्ट जांच की प्रक्रिया पूरे देश में लागू की जाएगी। साल के आखिरी में इसकी शुरुआत हो जाएगी, ताकि 2026 में असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट को अपडेट किया जा सके। चुनाव आयोग के अनुसार, एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करना और अवैध मतदाताओं जैसे विदेशी नागरिकों, मृत व्यक्तियों या स्थानांतरित लोगों को हटाना है। इस बीच कई राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमार से आए प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है।

## हिमाचल में अब तक 350 से ज्यादा लोगों की मौत

### पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ से प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हिमाचल प्रदेश में 4.07 लाख करोड़ का नुकसान, पीएम मोदी नौ सितम्बर को पंजाब जाएंगे**

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन (24 जुलाई से लेकर 7 अगस्त) तक बारिश-बाढ़, लैंडस्लाइड से जुड़ी घटनाओं में 366 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य सरकार को 4 लाख करोड़ की संपत्ति का नुकसान भी हुआ है। शिमला में 116 फीसदी और कुल्लू में 113 फीसदी बारिश हुई, जो सामान्य से दोगुनी है।


पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य में अगले 3 दिन बारिश का अलर्ट नहीं है, लेकिन लुधियाना का ससराली बांध टूटने का खतरा बना हुआ है। पीएम मोदी 9 सितम्बर को बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा करेंगे। हिमाचल के सिरमौर के नौहराधार में शनिवार को पूरा पहाड़ नदी में आ गया। हालांकि, जहां लैंडस्लाइड हुई वहां कोई बस्ती नहीं थी। मौसम विभाग ने रविवार को महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान में बारिश का रेड अलर्ट, गोवा में ऑरेंज और मप्र-बिहार समेत 20 राज्यों में येलो अलर्ट जारी किया है। गुजरात में विश्वामित्री नदी का जलस्तर बढ़ गया है। आसपास के इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति है। वडोदरा में प्रभावित लोगों को राहत सामग्री बांटी जा रही है। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में रावी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जम्मू-पठानकोट हाईवे को बाढ़ से बचाने के लिए सेना जुटी है। पीएम मोदी बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए 9 सितम्बर को पंजाब का दौरा करेंगे। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने रविवार को यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के इटावा में चकरनगर क्षेत्र में चंबल और यमुना नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ आ गई है। यमुना चेतावनी बिंदु 120.92 मीटर को पार कर 121.66 मीटर तक पहुंच गई है, जो खतरे के निशान से मात्र 26 सेंटीमीटर नीचे है। बाढ़ से 7 गांवों के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। सिद्धनाथ मंदिर और कई प्रमुख मार्ग जलमग्न होकर बंद हो गए हैं। हरियाणा में बहादुरगढ़ के के गांव लौहारहेड़ी में 2 मुख्य गालियों में पानी भर गया है। यहां एक से 2 फीट तक पानी जमा है। ग्रामीणों के मुताबिक ज्यादा बारिश बरसने और निकाली नहीं होने के कारण गांव के दादा पूल्हा और हरियाला वाला तालाब ओवरफ्लो हो गए हैं। इसके कारण गलियों में पानी भरने लगा है। यहां सड़क पर मछलियां तैर रही हैं। लगातार बारिश और फ्लैश फ्लड के कारण जम्मू-कश्मीर रियासी और रामबन में फंसे टूरिस्ट्स को निकालने के लिए रेलवे विभाग ने कटरा (एसवीडीके) और संगलदान (एसजीडीएन) के बीच फ्लड स्पेशल लोकल ट्रेन सर्विस शुरू करने का निर्णय लिया है।

## ED ने सुब्रत राय के बेटे को भगोड़ा बताया

### 1.74 लाख करोड़ रुपये के घोटाले में सहारा के खिलाफ चार्जशीट, पत्नी सपना भी आरोपी

कोलकाता, वार्ता

**अनिल अब्राहम और जितेंद्र प्रसाद वर्मा समेत समूह के कई वरिष्ठ अधिकारी भी आरोपियों में शामिल**



**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने सहारा इंडिया समूह के खिलाफ कोलकाता की कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। इसमें 1.74 लाख करोड़ रुपये के चिटफंड घोटाले का जिक्र है।

ईडी ने सहारा के संस्थापक दिवंगत सुब्रत राय की पत्नी सपना राय, बेटे सुशांत राय को आरोपी बनाया है। अनिल वैलापरमपिल अब्राहम और जितेंद्र प्रसाद (जेपी) वर्मा समेत समूह के कई वरिष्ठ अधिकारी भी आरोपियों में शामिल हैं। ईडी ने सुशांत को भगोड़ा बताया है। वह पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे। ईडी उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कराने की प्रक्रिया में है। सहारा के खिलाफ 500 से अधिक एफआईआर दर्ज हैं। इनमें से करीब 300 में दर्ज आरोप पीएमएलए के दायरे में आते हैं। ईडी ने सुब्रत राय की पत्नी सपना राय को भी चार्जशीट में आरोपी बनाया है। ईडी ने जांच की शुरुआत ओडिशा, बिहार और राजस्थान में दर्ज तीन एफआईआर से की थी। हमारा इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड व अन्य सहारा संस्थाओं के खिलाफ दर्ज हुई थीं। हाल ही में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मुंबई में सहारा समूह से जुड़ी नौ परिसरों पर छापेमारी हुई, जिनमें भूमि और शेयर डील्स से जुड़े दस्तावेज जब्त हुए। नए सबूतों के आधार पर सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की गई है। चार्जशीट में खासतौर पर अनिल अब्राहम और जेपी वर्मा की भूमिका रेखांकित की गई है। अब्राहम सहारा के चेयरमैन कोर मैनेजमेंट (सीसीएम) ऑफिस में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रहे। बड़े फैसलों व संपत्ति सौदों में केंद्रीय भूमिका निभाते थे। वर्मा को ईडी ने 'लॉन्ग-टाइम एसोसिएट' और प्रॉपर्टी ब्रोकर बताया है। आरोप है कि वह जमीनी स्तर पर नकद लेन-देन और गुप्त सौदे रूट कराने में अहम भूमिका निभाते थे। ईडी का दावा है कि दोनों ने सहारा की संपत्तियों की बिक्री कराई, नकदी को इधर-उधर किया और सियासी व कारोबारी नेटवर्क का इस्तेमाल कर इन्हें वैध दिखाने की कोशिश की।

## उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले संसद भवन में विपक्षी दलों की बैठक आज

**'इंडिया' के उम्मीदवार को विजयी बनाने का होगा आह्वान**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले कांग्रेस की रविवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सोमवार को संसद भवन परिसर में इंडिया गठबंधन की नेताओं की बैठक बुलाई जाएगी और उसमें सभी नेताओं से आग्रह किया जाएगा कि सभी दल सुनिश्चित करें कि इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाएं। कांग्रेस की इस बैठक में पार्टी नेता प्रमोद तिवारी, जयराम रमेश सहित कई अन्य नेता मौजूद थे। भाजपा की तरह अपने सांसदों के लिए वोट देने से पहले कार्यशाला आयोजित करने के सवाल पर कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि गठबंधन के संसदीय दल के नेताओं की बैठक बुलाई जा रही है और उसमें सभी नेता अपने सांसदों को सामूहिक संदेश देंगे। बैठक सोमवार को कब होगी फिलहाल समय तय नहीं किया गया है। सूत्रों ने बताया कि बिहार में सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हुई लेकिन कहा गया कि इस बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मौजूदगी में ही उपराष्ट्रपति पद की चुनाव की बात विचार किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में दो साइबर अपराधी और दो उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों के साझा अभियानों में साइबर अपराध और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल चार लोग गिरफ्तार किए गए। मणिपुर की साइबर अपराध पुलिस थाना की एक टीम ने थौबल जिले से शनिवार को दो साइबर अपराधियों को म्यूल बैंक खाता चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया। म्यूल बैंक खाता वैसा खाता होता है, जिसका इस्तेमाल निर्दोष लोगों को फंसाकर जालसाज करते हैं। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों ने दूसरों को बैंक अकाउंट खुलवाने का लालच दिया और अन्य साइबर अपरा. धियों के साथ मिलीभगत करके साइबर धोखाधड़ी के पैसे को स्थानांतरित करने और जमा करने के लिए उनका इस्तेमाल किया।

### गैंगस्टर बराड़ का सहयोगी गिरफ्तार हथियार बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब में संगठित अपराध के विरुद्ध एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने विदेशी गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के सहयोगी बलजिंदर सिंह उर्फ रैंच को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि आरोपी के पास से पांच पिस्तौल (-32 बोर) और 10 कारतूस बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि ए हथियार गोल्डी बराड़ के निर्देश पर उसके प्रमुख सहयोगी मलकीत सिंह उर्फ कित्ता भानी के माध्यम से खरीदे गए थे। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी है और उसके खिलाफ एनडीपीएस के मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि पूरे गठजोड़ का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

# योगी को ही आउटसोर्स करने की जरूरत: अखिलेश

## कहा: 2025 का विधानसभा चुनाव जनता का बदलाव लाने वाला जनादेश साबित होगा

इटावा, वार्ता

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आउटसोर्स करने की जरूरत है। यहां अपने पैतृक गांव सैफई में समाजवादी समर्थकों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने कहा कि आज चाहे आउटसोर्सिंग के भरोसे की बात कही जाए या किसी और की वास्तव में अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही आउटसोर्स करने की जरूरत है।

यादव ने कहा कि आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव जनता का बदलाव लाने वाला जनादेश साबित होगा। जब भाजपा जाएगी तभी आरक्षण बचेगा, संविधान सुरक्षित रहेगा, गरीबों को सम्मान मिलेगा। विकास तभी होगा, इलाज गरीबों को तभी मिलेगा, रोजगार तभी मिलेगा। यही हमारी जनता की अपेक्षा है। समाजवादी पार्टी के



■ भाजपा जाएगी, तभी आरक्षण बचेगा संविधान सुरक्षित रहेगा, गरीबों को सम्मान मिलेगा

राष्ट्रीय अध्यक्ष कहा कि जब जीएसटी लागू किया गया था, तो यह दावा किया गया था कि इससे व्यापारिक व्यवस्था सरल होगी और कारोबारियों को फायदा पहुंचेगा लेकिन अब भाजपा सरकार गरीबों को राहत देने के नाम पर जीएसटी स्लैब में बदलाव करने को मजबूर हो चुकी है। उन्होंने सवाल उठाए कि यह बदलाव असल में किसके हित में किया जा रहा है। यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जीएसटी लागू होने के समय यह वादा किया गया था कि इससे कारोबारियों को सरल व्यवस्था मिलेगी और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन अब सरकार ने गरीबों के हित के नाम पर जीएसटी स्लैब में बदलाव करने की स्थिति स्वीकार की है। उन्होंने सवाल किया कि आखिरकार अब तक कौन मुनाफा कमा रहा था और किसको फायदा पहुंचाया जा रहा है। यादव ने कहा कि अब चुनाव तक लगभग एक साल का समय बचा है। हम भाजपा सरकार के नौ बजट देख चुके हैं, आखिरी बजट आने वाला है। दिल्ली की सरकार तीसरी बार चल रही है। फिर भी हालात खराब होते जा रहे हैं। हर बार यह बताया गया कि जीएसटी से व्यापार बेहतर होगा, लेकिन इसके उलट अब कई संशोधन करना पड़े। गरीबों को लाभ पहुंचाने के नाम पर स्लैब में बदलाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुनाफाखोरी की आदतें इतनी गहराई से जड़ें जमा चुकी हैं कि कोई भी संशोधन उसे नहीं रोक सकता। उदाहरण देते हुए कहा कि पारले जी का बिस्किट, साबुन का पैकेट, क्रीम का डिब्बा छोटे कर दिए गए थे। क्या अब ए बड़े पैकेट में वापस आएंगे? भाजपा राज में मुनाफाखोरी की आदतें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि उनका कोई इलाज नहीं है।

# भाजपा की कार्यशाला के दौरान अंतिम पंक्ति में दिखे पीएम मोदी

नई दिल्ली, वार्ता

उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर भाजपा अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गई है। इस बीच नई दिल्ली में भाजपा सांसदों की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संसद परिसर में किया गया। इस कार्यशाला में भाजपा सांसदों को उपराष्ट्रपति चुनाव के संदर्भ में जानकारी दी गई।

कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम कार्यकर्ता की तरह सबसे पीछे की सीट पर बैठे दिखाई दिए। कार्यशाला के दौरान जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री मोदी का अभिवादन किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन ने एक्स पर पीएम मोदी की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें प्रधानमंत्री

■ प्रधानमंत्री को जीएसटी सुधारों के लिए किया गया सम्मानित

सबसे अंतिम पंक्ति में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। सूत्रों के मुता. बिक, भाजपा की कार्यशाला में पीयूष गोयल ने जीएसटी सुधार से जुड़ा धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया।

इसके बाद सांसदों ने जीएसटी सुधारों के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया। सांसदों ने जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। दरअसल, जीएसटी में हुए सुधार से लोगों पर कर का बोझ कम होगा और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। भाजपा और उसके सहयोगी दलों को उम्मीद है कि इस कदम से उन्हें नवम्बर में होने वाले बिहार चुनावों में बढ़त मिलेगी। दो दिनों तक चलने वाली यह कार्यशाला में कई सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। इन सत्रों में पार्टी के इतिहास और विकास पर चर्चा के साथ सांसदों के लिए कार्यकुशलता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा होगी। पंजाब और देश के अन्य इलाकों में बाढ़ से तबाही को देखते हुए 8 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सांसदों के लिए आयोजित होने वाले रात्रिभोज रद्द कर दिया गया। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की तरफ से सांसदों को शनिवार को दिया जाने वाला रात्रिभोज रद्द कर दिया गया था।

# मायावती ने ट्रम्प टैरिफ पर जताई चिंता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने 'ट्रम्प टैरिफ' के आतंक से उभरी नई चुनौतियों को लेकर रविवार को चिंता जताई और कहा कि इन चुनौतियों से निपटने को लेकर भारत व सत्ताधारी पार्टी भाजपा को जन व देशहित का ध्यान रखते हुए अपनी नीतियों व कार्यक्रमों में ठोस व भारी सुधारवादी रवैया अपनाने की ज़रूरत है।

ऐसा करना जरूरी है वरना देश के विशाल बहुजनों की समस्याएं और भी जटिल होकर देश के मान-सम्मान को भी दुनिया में प्रभावित करेंगी। इससे बचना बहुत जरूरी है। रविवार को पार्टी कार्यालय पर बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक कर पार्टी संगठन के गठन व पार्टी के जनाधार को जमीनी स्तर पर



बढ़ाने के लिए चलाए गए अभियान की गहन समीक्षा की। इस दौरान पार्टी द्वारा चलाए गए अभियानों को लेकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। साथ ही यह निर्देश भी दिया की बाकी बचे कार्य पार्टी संस्थापक मान्यवर कांशीराम की 9 अक्टूबर को पुण्यतिथि पर प्रस्तावित पुण्यतिथि पर होने वाले राज्यव्यापी कार्यक्रम के बाद शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी 9 अक्तूबर को पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि राजधानी लखनऊ स्थित 'मान्यवर कांशीराम स्मारक स्थल' पर ऐतिहासिक रूप से मनाई जाएगी।

## सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में इजाफा

# यूपी में अब नौकरियों की बौछार: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नवचयनित 1510 अनुदेशकों में से 11 को रविवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरित किए और कहा कि सरकार द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में इजाफा हुआ है। यूपी में अब नौकरियों की बौछार है। मुख्यमंत्री ने राजधानी में तो जिलों में सांसदों और विधायकों ने नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन ने मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि 8 वर्ष पहले नियुक्ति



■ मुख्यमंत्री ने नवचयनित 1510 अनुदेशकों में से 11 को नियुक्ति पत्र वितरित किए

पत्र वितरण के ऐसे इवेंट नहीं हो पाते थे। पहले भर्ती प्रक्रिया पूरी ही नहीं होती थी, क्योंकि हर प्रक्रिया में कोई न कोई ऐसा व्यवधान होता था, जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा रोक लगा दी जाती थी। शिक्षक, पुलिस, अनुदेशक की भर्ती हो या किसी अन्य विभाग की, इतना पैसा ले लिया जाता था कि वे किसी अभ्यर्थी से आंख मिलाकर बात नहीं कर पाते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब व्यक्ति बेईमानी और भ्रष्टाचार का सहारा लेता है तो उसका नैतिक पतन हो जाता है और वह चेहरा उठाकर बात नहीं कर पाता है। 2017 के पहले सरकार में बैठे लोगों ने यही स्थिति कर दी थी, जिससे यूपी का नौजवान हताश और निराश था। जब नौजवान हताश और निराश होगा, तो अर्थव्यवस्था नीचे गिरेगी ही लेकिन पिछले साढ़े 8 वर्ष में सामूहिक परिणाम हुए, तो आज सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी के साथ रोजगार भी है। यूपी में अब नौकरियों की बौछार है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिशन रोजगार से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का संकल्प दिया है, हम सभी उसमें सहभागी बन सकें, इसके लिए यूपी में पिछले 8 वर्ष के दौरान साढ़े 8 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने में सफलता प्राप्त की है।

### चयनित युवाओं ने भी ईमानदारी से प्रतिभा का लाभ दिया

हर महीने किसी न किसी आयोग-बोर्ड के माध्यम से नियुक्ति प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है। जो सख्ती की गई, उसका परिणाम है कि निष्पक्ष भर्ती के तहत चयनित युवाओं ने भी ईमानदारी के साथ सरकार का हिस्सा बनकर अपनी प्रतिभा व ऊर्जा का लाभ यूपी को दिया। उन्होंने कहा कि आठ वर्ष पहले आपने अनुभव किया होगा कि यूपी के साथ दो बातें चस्पा थीं। पहली- यूपी का नौजवान-नागरिक प्रदेश के बाहर जाता था, तो उसके सामने पहचान का संकट होता था। लोग हेय दृष्टि से देखते हैं। इससे नागरिकों के मन में हीन भावना पैदा होती थी। दूसरा हमारे ऊपर बीमारू राज्य का लेवल लगा दिया गया था यानी देश के विकास का बैरियर, जबकि यह राज्य संसाधनों से भरपूर था। जिस राज्य में ईश्वर को भी किसी न किसी अवतार के रूप में बार-बार आना पड़ा। ऐसा राज्य बीमारू हो जाए, कोई खुद को सुरक्षित महसूस न कर सके।



सेंसेक्स 79809.65
निफ्टी 24426.85



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



चांदी रु. 122900
प्रति किलो




# जीएसटी सुधार के असर से तय होगी शेयर बाजार की चाल

मुंबई, वार्ता

बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर जीएसटी सुधारों के जमीनी असर और वैश्विक कारकों पर रहेगी। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की आम लोगों के इस्तेमाल की चीजों पर कर घटाने की घोषणा के बाद वाहन निर्माता कंपनियों ने कीमतों में कटौती करनी शुरू कर दी है।

निवेशकों को इस बात का इंतजार रहेगा कि कौन सा क्षेत्र जीएसटी सुधार के बाद कीमतों में कितनी कटौती करता है। इसके अलावा विदेशों से मिलने वाले संकेतों पर भी उनकी नजर होगी। पिछले सप्ताह दोनों प्रमुख सूचकांकों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 901.11 अंक (1.13 फीसदी) की साप्ताहिक बढ़त में 80,710.76 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का



निफ्टी-50 सूचकांक भी 314.15 अंक यानी 1.29 प्रतिशत चढ़कर सप्ताहांत पर 24,741 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। एनएसई में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.40 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.49 प्रतिशत चढ़ा। सेंसेक्स की 30 में से 21 कंपनियों के शेयर साप्ताहिक बढ़त में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में 11. 36 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल देखा गया। टाटा स्टील का शेयर 8.55 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस का 6.82 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व का 5.32 फीसदी और इटरनल का 4.77 फीसदी मजबूत हुआ। ट्रेंट में 4.12 प्रतिशत, पावर ग्रिड में 3.65, टाटा मोटर्स में 3. 45, एशियर पेंट्स में 2.44, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.27, एचडीएफसी बैंक में 1.20, एक्सिस बैंक में 1.02 और टाइटन में 1.01 प्रतिशत की तेजी रही। मारुति सुजुकी, अडानी पोर्ट्स और भारतीय स्टेट बैंक में भी साप्ताहिक तेजी रही। सप्ताह के दौरान एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर सबसे अधिक 2. 47 फीसदी टूट गया। इंफोसिस में 1.71 प्रतिशत, एलएंडटी में 1.31, टीसीएस में 1.17 और हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.01 प्रतिशत की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और टेक महिंद्रा भी लाल निशान में रहे।

### शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1,06,251 करोड़ बढ़ा

**मुंबई।** बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल सात कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (एम-कैप) पिछले सप्ताह 1,06,251 करोड़ रुपए बढ़ गया। पिछले सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसी सीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस और एलआईसी का बाजार पूंजीकरण बढ़ा, जबकि शीर्ष 10 की अन्य तीन कंपनियों के एम-कैप में 29,731 करोड़ रुपए की गिरावट दर्ज की गई। बजाज फाइनेंस का एम-कैप सबसे अधिक 37,961 करोड़ रुपए बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के बाजार पूंजीकरण में क्रमश: 23,344 करोड़ रुपए और 17,580 करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज की गई। एलआईसी का एम-कैप 15,559 करोड़ रुपए और भारतीय स्टेट बैंक का 4,246 करोड़ रुपए बढ़ा। एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के बाजार पूंजीकरण में क्रमश: 4,134 करोड़ रुपए और 3,426 करोड़ रुपए की बढ़त दर्ज की गई।

# गेहूं-चावल नरम, खाद्य तेलों में घटबढ़ चीनी और दालें भी सस्ती

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह मंदी रही। चावल के औसत भाव गिर गए। गेहूं में भी गिरावट रही। खाद्य तेलों में घटबढ़ देखी गई, जबकि चीनी और दालों में साप्ताहिक नरमी का रुख रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 51 रुपए कम होकर सप्ताहांत पर 3,776.83 रुपए प्रति क्विंटल पर रही।

वहीं गेहूं करीब सात रुपए सस्ता होकर 2,848. 96 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत कमोबेश स्थिर रही और सप्ताहांत पर यह 3,312.11 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। सरसों तेल की औसत कीमत 63 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल में करीब 147 रुपए और वनस्पति में 151 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक मंदी रही। सोयाबीन तेल 44 रुपए और सूरजमखी तेल 62 रुपए सस्ता हुआ। वहीं पाम ऑयल 47 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। बीते सप्ताह दाल-दलहनों के दाम घट गए। चना दाल औसतन करीब 67 रुपए प्रति क्विंटल टूट गयी। उड़द दाल में 30 रुपए और दाल मूंग में 52 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। तुअर दाल भी 113 रुपए उतर गई। मसूर दाल में 17 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह नरमी देखी गयी। गुड़ के औसत भाव 19 रुपए प्रति क्विंटल और चीनी के नौ रुपए प्रति क्विंटल टूट गए। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7893.92 रुपए, मसूर काली 8092.38 रुपए, मूंग दाल 10051.69 रुपए, उड़द दाल 10404.63 रुपए, अरहर दाल 10560.87 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2848.96 रुपए और चावल 3776.83 रुपए प्रति क्विंटल।

# वोट चोरी में भाजपा की मदद क्यों कर रहा चुनाव आयोग: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया है कि वह कई सालों से वोट चोरी की साजिश में शामिल होकर भाजपा की मदद कर रहा है और उसे स्पष्ट करना चाहिए कि क्या आयोग इस काम के लिए भाजपा का बैक ऑफिस बन गया है।

खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए रविवार को कहा कि क्या चुनाव आयोग वोट चोरी के लिए भाजपा का बैक-ऑफिस बन गया है। मई 2023 के कर्नाटक चुनाव से पहले कांग्रेस ने अलंद निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने का खुलासा किया और बताया था



■ क्या चुनाव आयोग वोट चोरी के लिए भाजपा का बैकऑफिस बन गया

कि इस सीट पर फॉर्म 7 के आवे. दनों में साजिश कर बेहद सलीके से हज़ारों मतदाताओं के अधिक. ार छीन लिए गए। फिर एक मामला दर्ज किया गया और इसकी जांच में 5,994 जाली आवेदनों का पता चला। यह वोट चोरी के बड़े प्रयास का एक स्पष्ट प्रमाण है। इसके बाद कांग्रेस सरकार ने दोषियों को पकड़ने के लिए सीआईडी जांच का आदेश दिया।

### राजनीति में मील का पत्थर बनी भारत जोड़ो यात्रा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की भारत जोड़ो यात्रा की तीसरी वर्षगांठ पर आज कहा कि यह यात्रा राजनीति में परिवर्तन लाने में मील का पत्थर साबित हुई है और इसका असर अब भी महसूस किया जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत आज से तीन साल पहले कन्याकुमारी से हुई थी। इस यात्रा की शुरुआत स्वामी विवेकानंद रॉक मेमो. रियल और अन्य ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन के साथ हुई, जिसके बाद एक विशाल जनसभा आयोजित की गई थी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# बोबी हत्याकांडः पुलिस ने चार लोगों को किया गिरफ्तार

## सरधना में शनिवार को गणपति विसर्जन के जुलूस में चाकू घोंपकर की थी हत्या





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** गणपति विसर्जन के दौरान हुए बोबी गौतम हत्याकांड में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त हथियार भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। शनिवार रात्रि गणपति विर्सजन जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के दौरान बोबी गौतम नाम के युवक की चाकूओं से गोदकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया था। मौके पर पहुंचे पुलिस के अधिकारियों ने मामले के खुलासे के लिए कई टीमों को गठन किया था। पुलिस ने वीडियों के आधार पर इस हत्याकांड में शामिल 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें अभिषेक पुत्र कल्लू, शेखर उर्फ घोलू पुत्र कल्लू, आर्यन पुत्र सतपाल, रीतिक उर्फ बिल्लू पुत्र सतपाल निवासीगण बेग. माबाद थाना सरधना मेरठ शामिल है।

### पुलिस सुरक्षा के बीच हुआ बोबी का अंतिम संस्कार

शनिवार रात्रि गणपति विसर्जन के दौरान हुए दो पक्षों के बीच झगड़े में हुई युवक की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस चौकी पर परिजन देर रात्रि तक जाम लगाकर बैठे रहें। अधिकारियों के समझाने के बाद ही परिजनों ने जाम खोला। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को हिरासत में ले ले लिया है, जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जायेगा। गौरतलब है कि नगर के पुलिस चौकी मंडी चमारान निवासी बोबी पुत्र नरेश (20) पर शनिवार रात्रि गणपति विर्सजन यात्रा में चाकूओं से हमला कर दिया गया था। लहुलूहान अवस्था में नगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डाक्टरों ने गंभीर हालत के चलते मेरठ रेफर किया था जहां डाक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। बोबी की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इसी के विरोध में परिजनों ने पुलिस चौकी बस स्टैंड पर जाम लगा दिया था। देर रात्रि करीब 2 बजे मौके पर पहुंचे पुलिस के अधिकारियों ने परिजनों को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की आश्वासन दिलाया था। पुलिस की मौजूदगी में ही मृतक युवक के शव को रविवार दोपहर तक पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम के बाद पहुंचे शव को देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बोबी की मां व बहन शव से लिपट-लिपटकर रो रही थी। इस दौरान कई थानों की पुलिस फोर्स की मौजूदगी में ही दौराला रोड शमशान घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इससे पूर्व मौके पर पहुंचकर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने अपना प्रदर्शन के रूप में विरोध जताया। मृतक के पिता नरेश शेखर पुत्र विरेन्द्र के खिलाफ थाने पर तहरीर दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इस घटना की वीडियों के आधार पर पुलिस ने कई लोगों को पूछताछ के लिए उठाया है। इस हत्याकांड में जिस शेखर का नाम सामने आ रहा है वह कुछ दिन पूर्व ही एक हत्या के मामले में जेल से जमानत पर बाहर आया था।

## पीएल शर्मा रोड पर ई-रिक्शा लगा रहे हैं जाम, व्यापारी परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पीएल शर्मा रोड पर ई-रिक्शा और टेम्पो की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। यह शब्द पीएल शर्मा रोड व्यापार संगठन के अध्यक्ष संजय कुमार गोयल ने कही उन्होंने कहा कि बेग. मपुल से सटे इस रोड पर ई-रिक्शा और टेम्पो का आतंक इतना बढ़ गया है कि अब यह रोड जाम की समस्या का केंद्र बन गया है। पहले ई-रिक्शा बेगम पुल पर सवारी लेकर चले जाते थे, लेकिन जबसे बेगमपुल को नो ई रिक्शा जोन पुलिस प्रशाशन ने घोषित किया है तभी से पी एल शर्मा रोड के शुरुआत में हर समय ई रिक्शा खड़े रहते हैं। जिससे ग्राहकों को परेशानी हो रही है। उन्होंने मांग करते हुए पीएल शर्मा रोड के व्यापारियों को निजात दिलाने की मांग की है।

## मेरठ पुलिस ने पकड़ा फर्जी टेलीफोन एक्सचेंज

**छह गिरफ्तार, कई उपकरण भी बरामद**



आरोपियों के बारे में जानकारी देते एसपी सिटी व सीओ।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पुलिस ने लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में एक अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड़ किया है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने छह आरो. पियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें आस मोहम्मद व मोहम्मद चांद उर्फ सोनू, कासिम, लक्खीपुरा जामिया चौक गली नंबर 2, कासिम व हाशिम लक्खीपुरा, सरफराज और मोहम्मद इमरान कांच का पुल शामिल हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने फर्जी एक्सचेंज चलाने के कई दस्तावेज बरामद किये है जिसमें 32 सिम कार्ड, वी-फी लैपटॉप शामिल है। एसपी सिटी व सीओ ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग फर्जी एक्सचेंज चला रहे हैं जिसको लेकर थाना लिसाड़ी गेट पुलिस, साइबर पुलिस के साथ-साथ स्वाट टीम व दूर संचार विभाग की टीम के सहयोग से आरोपियों को पकड़ा गया है। आरा. पी देशी और विदेशी VOIP कॉल्स को लोकल कॉल में बदलकर टैक्स चोरी और धोखाधड़ी कर रहे थे, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान हो रहा था। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## पुलिस ने अंतर्राज्यीय साइबर ठग अलाउद्दीन के चार गुर्गे पकड़े

### खातों की जांच में जुटी पुलिस, करेगी खुलासा

**कई राज्यों में लोगों से की है करोड़ों रुपये की साइबर ठगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अंतरराज्यीय साइबर ठग अलाउद्दीन मलिक भले ही जेल चला गया। उसके गुर्गे अभी भी साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। साइबर सेल और लिसाड़ीगेट पुलिस ने अलाउद्दीन के चार गुर्गों को लैपटाप के साथ पकड़ लिया है।

आरोपित पिछले काफी दिनों से करोड़ों की रकम की ठगी कर चुके है। लैपटॉप से पुलिस जांच कर रही है कि अभी तक कितने लोगों से ठगी कर रकम खातों से स्थानांतरण करा चुके है। उनके सभी बैंक खातों की भी जांच की जा रही है। भाजपा से जुड़े अय्यूब मलिक निवासी बिजली बंबा का बेटा अलाउद्दीन मलिक दुबई में बैठकर उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, ओडिशा, झारखंड और दिल्ली राज्य के कई शहरों में लोगों से करोड़ों की साइबर ठगी कर चुका है। पुलिस ने अलाउद्दीन के साथी वकार निवासी अहमद नगर लक्खीपुरा, शाहरूख निवासी सुहैल गार्डन मिलन पैलेस, मोनू निवासी अहमद नगर और समीर निवासी अहमद नगर को जेल भेज दिया। उनके कब्जे से बरामद 36 एटीएम कार्ड, 27 बैंक पासबुक, 16 सिम कार्ड, तीन चेक बुक, 10 मोबाइल बरामद हुए है।

## गणेश विसर्जन के दौरान लापता बच्ची को पुलिस ने दो घंटे में किया बरामद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार को भोला झाल पर गणेश विसर्जन की मूर्ति का कार्यक्रम जानी पुलिस की निगरानी में संपन्न हुआ। इसी दौरान मेरठ की एक पांच साल की कनक पुत्री सोनू गणेश विसर्जन के दौरान लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी न मिलने पर परिजन थाना जानी पहुंचे जहां उन्होंने थाना प्रभारी को घटना के अवगत कराया। पुलिस ने बच्ची को तलाश करने के लिए चौकी इंचार्ज के नेतृत्व में टीम लगा दी। करीब दो घंटे में पुलिस ने कनक को बरामद कर लिया और उसकी दादी कमलेश पत्नी सुरेश सिंह के हवाले कर दिया। बच्ची की बरामदगी के बाद परिवार में खुशी की लहर थी। परिवार वालों ने चौकी प्रभारी व टीम की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया है।

## एक नजर

### आज तहसील सदर में होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस, डीएम करेंगे सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आज यानि 8 सितंबर दिन सोमवार को जनपद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें डीएम मेरठ सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई करेंगे। वहीं लोगों की समस्या सुनकर उनका निस्तारण किया जायेगा।

### मस्जिद कुरैशियान के पूर्व सदर इकबाल अहमद कुरैशी का इंतकाल, जनाजे में उमड़ा जनसैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर के मोहल्ला खैरात अली निवासी इकबाल अहमद कुरैशी चंदा वालों का लंबी बीमारी के बाद इंतकाल हो गया। उनकी आयु 75 वर्ष थी और पिछले कई सालों से गुर्दो की बीमारी से जूझ रहे थे। सुभारती अस्पताल में सुबह के समय उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके इंतकाल की खबर से मवाना व आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। उनका शव मस्जिद कुरैशियान के पास मोहल्ला खैरात अली में उनके घर पर लाया गया तो हजारों लोगों की भीड़ वहां पहुंच गई थी। उनके जनाजे में कई राजनीतिक हस्तियां और गणमान्य लोगों के अलावा क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूर्व विधायक योगेश वर्मा भी उनके जनाजे में शामिल हुए और उन्होंने कहा कि इकबाल अहमद बहुत अच्छे इंसान थे और हमेशा दूसरों की मदद किया करते थे। मवाना-मुबारिकपुर रोड पर स्थित मेहंदी वाला कब्रिस्तान में हजारों लोगों की मौजूदगी में उनका शव सुपूर्द ए खाक किया गया। उनके परिवार में छह पुत्र व चार पुत्रियां हैं। वह नगर पालिका में ठेकेदारी किया करते थे और उनके पिता इब्राहिम कुरैशी नगर पालिका के सभासद रहे थे।



### अपना दल (एस) ने चलाया सदस्यता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अपना दल (एस) के क्षेत्रीय अध्यक्ष मेरठ मंडल सुधीर पंवार की अगुवाई में हापुड़ में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान आयोजित समीक्षा बैठक में अक्षय कुमार, विनोद कुमार, नीरज गोयल और दिव्यांश गोयल को सक्रिय सदस्य बनाया गया। सुधीर पंवार ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान हर जिले में चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की अपील की। इस मौके पर वरिष्ठ नेता नीरज भारद्वाज, मनोज कुमार सिंह, अनुज शर्मा, आदेश त्यागी, अनिल गुप्ता, आरिफ चौधरी, मोबिन खान, नौशाद टियाला, वीर सिंह जाटव, प्रशांत त्यागी और उमेश वर्मा मौजूद रहे।



## भारत रक्षा मंच के चतुर्थ अखिल भारतीय अधिवेशन में सुनील भराला का संबोधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आगरा में आयोजित भारत रक्षा मंच के चतुर्थ अखिल भारतीय अधिवेशन को बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय परशुराम परिषद के संस्थापक सुनील भराला ने संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रहित, भारतीयकरण, आंतरिक सुरक्षा, सांस्कृतिक गौरव तथा युवा शक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन मंथन किया गया।

भराला ने अपने संबोधन में कहा कि भारत इस समय अनेक चुनौतियों से घिरा हुआ है। इनमें सनातन हिंदुओं की घटती जनसंख्या, आंतरिक सुरक्षा पर खतरे, रोहिंग्या घुसपैठ, आतंकवाद, तुष्टि करण की राजनीति, बेरोजगारी, तथा प्रधानमंत्री के खिलाफ भ्रामक प्रचार जैसे मुद्दे प्रमुख हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक होकर आगे आना होगा और युवा शक्ति को राष्ट्रनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भारत रक्षा मंच का यह अधिवेशन केवल संगठन को मजबूत करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक गौरव और भारतीय करण के संकल्प को भी और अधिक दृढ़ करता है। इस अवसर पर मंच के राष्ट्रीय संयोजक सूर्यकांत केलकर सहित अनेक गणमान्य अतिथि, कार्यकर्ता और विचारक उपस्थित रहे। अधिवेशन में विभिन्न सत्रों के माध्यम से राष्ट्र की सुरक्षा नीति, सामाजिक उत्थान, शिक्षा एवं युवाओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। अंत में सुनील भराला ने भारत रक्षा मंच के आयोजकों का आभार प्रकट किया और कहा कि इस तरह के अधिवेशन भारत के लिए एक नई ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अब समय आ गया है जब हर भारतीय को राष्ट्रहित सर्वोपरि मानकर अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए।

## सपा की मीटिंग में पीडीए पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय जेल रोड पर मासिक मीटिंग संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने की संचालन महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी ने किया। जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए पंचायत का कार्यक्रम चल रहा है सभी कार्यकर्ताओं के क्षेत्र में पीडीए कार्यक्रम काफी संख्या में हो रहे हैं और आगे भी होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता को सपा कार्यकाल में हुए कार्य से अवगत काराए व अपने बूथ पर बीएलओ बुलाए महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी ने कहा कि सभी अपने-अपने बूथ पर वोट बढ़ाने का कार्य करें जिसमें मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष निरंजन सिंह पिछड़ा वर्ग के महानगर अध्यक्ष अहतेशाम इलाही, मेराज महलका, नूर मोहम्मद रहमानी, बाबर खान, सुभाष यादव, जिला महासचिव योगेंद्र जाटव, गुड्डू चौधरी, मुद्रुला यादव, नजमा अब्बासी, आस मोहम्मद, गौरव गुर्जर आदि रहे।

## मेरठ में उपजा की जिला कमेटी का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को उपजा की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिला कमेटी के गठन के साथ-साथ तहसील स्तर पर भी कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें दो संयोजक एक संरक्षक उपाध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष आदि नियुक्त किए गए हैं।

इस मौके पर मौजूद समस्त पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त करते हुए संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और लगन के साथ निभाते हुए संगठन को और मजबूत करने का आश्वासन दिया। सभा में मौजूद सभी पत्रकार साथियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया। बैठक में संबोधन के दौरान जिला अध्यक्ष व प्रदेश सचिव गौरव चौधरी ने कहा कि एकता ही किसी भी संगठन की सबसे मजबूत कड़ी होती है। इसके अलावा अन्य वक्ताओं ने भी संगठन को मजबूती देने के साथ-साथ पत्रकारों के उत्पीड़न, और उनके अधिकारों आदि मुद्दों पर अपने विचार रखते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। इस दौरान गठित की गई कार्यकारिणी में सुरेश चंद शर्मा को संरक्षक, मुकेश गुप्ता और संजीव शर्मा को संयोजक, चौधरी गौरव सिंह जो पूर्व में अध्यक्ष थे अध्यक्ष, सुनील तनेजा महामंत्री, हाशमे आलम वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए गये।



कार्यकारिणी गठन के बाद खुशी जाहिर करते सदस्य।

## तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** थाना क्षेत्र के गांव में तीन साल की बच्ची के साथ एक आरा. पी ने दुष्कर्म का प्रयास किया बच्ची की मां ने जानी थाने में तहरीर देते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया और बताया कि जानी क्षेत्र के गांव के ही एक व्यक्ति ने उसकी तीन वर्ष की बेटी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया और आरोपी फरार हो गया। जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर ने पीड़ित बच्ची की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। रविवार को मुखबिर की सूचना पर जानी नहर पुल से सुमित पुत्र जगद. ीश को दबोच लिया। आरोपी का चालान कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया।

## चोरों ने हजारों के केलों पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** अज्ञात चोरों ने खेत में खड़ी केले की फसल से हजारो रुपये के केले चोरी कर लिए। घटना के संबंधा में थाने में तहरीर दी गई है। सैयद हस्सान पुत्र नायाबुद्दीन ने जानकारी देते हुए बताया गडीना रोड पर उन्होंने अपने खेत में केले की फसल बो रखी है। अज्ञात चोरों ने उनके खेत से हजारों रुपए के केले चोरी कर लिए। पूर्व में भी खेत से कई बार केले चोरी हो चुके हैं। सैयद हस्सान का कहना है कि अगस्त माह में चार बार अज्ञात चोर उनके खेत से केले चोरी कर चुके है। हस्सान ने थाने में तहरीर देते हुए चोरो का पता लगाने व अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## शिक्षक दिवस के अवसर पर मेडिकल कॉलेज परिसर में हुआ पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में एमबीबीएस तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा मेडिकल कॉलेज मेरठ परिसर में, पौधारोपण किया गया है।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप प्राचार्य डॉ. ज्ञानेश्वर टोंक ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों को जीवनदाता माना गया है। वृक्ष हमें न केवल प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि छाया, फल, औषधि और वर्षा का आधार भी हैं। आज पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। वृक्षारोपण की छात्र प्रतिनिधि डॉ. मीनाक्षी चौधरी ने बताया कि यह केवल प्रकृति की सेवा नहीं, बल्कि ईश्वर की आराधना और आने वाली पीढ़ियों के लिए पुण्य कार्य है। एक वृक्ष हजार पुत्रों के समान यह कहावत वृक्षारोपण की महत्ता को स्पष्ट करती है। डॉ. अनुज त्यागी प्रभारी उद्यान ने सभी को धन्यवाद दिया और कहा कि अत्यंत हर्षोल्लास से सभी ने वृक्षारा. पण किया और अपने मन मस्तिष्क को ताजी ऊर्जा से फ्रुल्लित किया। इस अवसर पर डॉ. लोकेश कुमार, डॉ. प्रेम प्रकाश मिश्रा एवं डॉ. गणेश सिंह, मीनाक्षी चौधरी, रेनू मीणा, पायल चौहान, कोमल शर्मा एवं शेखर पाल, ऋषभ शर्मा, सौरभ सरोज, अभिनव आदर्श MBB सत्र 2022 तथा प्रियांशु सिंह सत्र 2023 आदि उपस्थित रहे।

## पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत साम्रगी रवाना

### जमीयम उलेमा ए हिंद व समासेवियों ने किया सहयोग, कहा सब को हिस्सा लेना चाहिए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** देश के राज्य पंजाब में आई भारी बाढ़ से मची तबाही से बे-घर व परेशान लोगों की मदद के लिए सरधना नगर के लोगों ने मदद के लिए हाथ बढ़ाते हुए कई वाहनों में सामान लादकर राहत साम्रगी रवाना की। इस दौरान जमीयम उलेमा ए हिंद के नेतृत्व में जुटाया गया सामान व राशन का सामान कई वाहनों में लादकर रविवार सुबह रवाना किया गया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी शाहरूख आरिफ उर्फ बंटी कुरैशी, सभासद इमरान ठाकुर, मुफ्ती समद, कारी मोहसीन, मौलाना शहजादा, अतीक अहमद, डाक्टर वली समेत कई लोग साथ रहें। उन्होंने कहा कि इस आपदा के समय हमारा फर्ज है कि हम मिलकर पीड़ितों की मदद करें।

## किठौर थाना पुलिस ने किए तीन वारंटी गिरफ्तार, दो अवैध तमंचे व कारतूस बरामद



इमरान



जहीर



खालिद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना किठौर पुलिस ने रविवार को अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए बड़ी सफलता हासिल की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर तीन वारंटियों को धर दबोचा। आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस भी बरामद हुए। पुलिस ने सभी आरोपियों को अदालत में पेश कर दिया। थाना प्रभारी किठौर ने बताया कि ग्राम कायस्थ बड्ढा निवासी इमरान पुत्र मुन्शी को पुलिस ने गढ़ रोड खन्द्रावली सर्विस रोड से गिरफ्तार किया। उसके पास से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। दूसरी गिरफ्तारी ग्राम जडौदा निवासी जहीर पुत्र सगीर की हुई। पुलिस टीम ने उसे महलवाला रोड स्थित खारिज पुल से दबोचा। जहीर के पास से भी 315 बोर का तमंचा और कारतूस मिला। वहीं, तीसरे वारंटी खालिद पुत्र गनी, निवासी ग्राम कायस्थ बड्ढा को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, इमरान के खिलाफ हत्या का प्रयास, गौकशी, चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट और आबकारी एक्ट समेत 10 से अधिक संगीन मुकदमें दर्ज हैं। इसी तरह जहीर और खालिद भी गौवध अधिनियम व आर्म्स एक्ट के मामलों में वांछित चल रहे थे। पुलिस का कहना है कि अपराधियों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी हालत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# संगठन सर्जन अभियान के तहत कांग्रेस ने किया समीक्षा बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सतीश शर्मा के द्वारा संगठन सर्जन अभियान के तहत मुरादनगर मे शहर और ब्लॉक कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सभी ब्लॉक बूथ कार्यकर्ता की कमेटी गठित की गई कुछ जो अपुण थी उन्हें विधानसभा अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष नेईम त्यागी से कहा गया तत्काल प्रभाव से पूर्ण करने के लिए कहा गया।



क्योंकि संगठन सर्जन अभियान अपने अंतिम लक्ष्य, पडाब की तरफ चल रहा है जो की 100 दिन का कार्यक्रम था कुछ जहां पर उपदेशसे पूर्वक कार्य पूरे नहीं हो पाए हैं उन पर कार्य गंभीरता पूर्वक किया जा रहा है अब वह समय दूर नहीं जब कांग्रेस शहर गांव देहात ब्लॉक सभी पर नई कांग्रेस ऊर्जावान कांग्रेस नजर आएगी और जो वोट चोरी करने का प्रयास कर रहे हैं उनके वोट चोरी नहीं हो पाएगी और गद्दी छोड़कर उनको 2027 तक भागना पड़ेगा। कार्यक्रम में उपस्थित जिला जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा जिला कोऑर्डिनेटर राजकुमार पंडित वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवदत्त त्यागी किसान नेता रुपेश त्यागी जिला कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अश्वनी त्यागी आशुतोष गुप्ता मीडिया प्रभारी द्वारा खबर प्रेषित जिला महासचिव तरुण शर्मा एडवोकेट जिला सचिव विवेक त्यागी तथा चांद सिंह प्रधान साथ रहे।

## आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण को लेकर जीडीए उपाध्यक्ष की सख्ती

# हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कल दिनाँक 6 सितंबर 2025 को प्राधिकरण कार्यालय में आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण को लेकर सभी जोनल अधिकारियों एवं उनकी टीम के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान पोर्टल के अनुसार अवगत कराया गया कि अब तक कुल 6967 आईजीआरएस प्रकरणों में से 6832 का निस्तारण किया जा चुका है, जबकि समीक्षा बैठक के समय केवल 135 प्रकरण लंबित थे। समीक्षा के दौरान एक



निस्तारित प्रकरण की गुणवत्ता अत्यंत खराब पाए जाने पर उपाध्यक्ष महोदय ने गंभीर नारा. जगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त, एक अधिकारी द्वारा अपने जोन में हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायत का संतोषजनक समाधान न करने पर भी उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई और उनके विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। वत्स ने ओएसडी राजीव रतन सिंह को प्रशासनिक कार्यों को और अधिक गंभीरता एवं सावधानी से संचालित करने के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने सभी संबंधित अधिशासी अभियंताओं को नियमित बैठक करने और आईजीआरएस प्रकरणों के उत्तर की गुणवत्ता की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन एवं डीएम कार्यालय से जारी निर्देशों के अनुरूप ही निस्तारण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता से जुड़े मुद्दों में किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारी की लापरवाही पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और उपाध्यक्ष महोदय ने दोहराया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# दिवाकर मॉडल स्कूल के शिक्षकों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** दिवाकर मॉडल स्कूल में शिक्षकों के अतुल्यनीय भूमिका को सम्मान देने हेतु विद्यालय के प्राँगण में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग्य शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम के तहत, छात्रों को अपने पसंदीदा शिक्षक का चयन करने का लोकतांत्रिक अधिकार दिया गया। चयन प्रक्रिया के बाद, छात्रों ने सर्वसम्मति से अपनी पसंदीदा शिक्षिका के रूप में राधा शर्मा का चयन किया। राधा शर्मा को उनकी असाधारण शिक्षण कौशल, समर्पण और छात्रों के विकास के प्रति प्रतिबद्धता के लिए अमर उजाला की टीम द्वारा अमेठी यूनिवर्सिटी में आमंत्रित



कर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया। यह सभी शिक्षकों व विद्यालय के लिए गौरव का विषय है साथ ही शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के प्रयासों को पहचानते हुए और सराहना करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शिल्पा त्यागी ने दिवाकर मॉडल स्कूल की छह उत्कृष्ट शिक्षिकाओं के नाम जिनमें प्रीति शेखावत, लीना गुप्ता, रीतू जेसवाल, राधा शर्मा, रीचा सिंह व पूर्णिमा सरकार को सम्मानित कराने हेतु आई एम एस विश्व विद्यालय में होने वाले शिक्षक सम्मान समारोह के लिए चयनित किये ताकि सभी शिक्षकों को भविष्य की पीढ़ियों को आकार देने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मूल्य को मजबूत करने हेतु प्रेरित किया जा सके। आई एम एस विश्वविद्यालय द्वारा विद्यालय के निदेशक रुद्राक्ष त्यागी व प्रधानाचार्या डॉ. शिल्पा त्यागी को भी उनके शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उनकी गरिमामयी उपस्थित व आशीष वचनों ने विद्यालय की शिक्षिकाओं को और अधिक प्रोत्साहित किया।

## वाहन और टावर के उपकरण चुराने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट पुलिस ने वाहन और मोबाइल टावरों से उपकरण चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की बाइक, दो टावर डिवाइस, चोरी करने के उपकरण तथा घटना में प्रयुक्त फर्जी नंबर प्लेट लगी कार बरामद हुई है। पुलिस का कहना है कि गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। डीसीपी सिटी धवल जयसवाल ने बताया कि छह सितंबर को सिटी जोन की स्वाट टीम और सिहानी गेट पुलिस ने जांच के दौरान वाहन और मोबाइल चावलों से उपकरण चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# मातृभूमि सेवा संघ ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए दवाइयां व खाद्य सामग्री भेजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** पंजाब में आई भीषण बाढ़ त्रासदी से लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। इस आपदा की गंभीरता को देखते हुए मातृभूमि सेवा संघ ने "वसुधैव कुटुंबकम्" की भावना को आत्मसात करते हुए मानवता की सेवा का संकल्प निभाया है। संघ द्वारा बच्चों और बड़ों के लिए बुखार, उल्टी-दस्त, जुखाम, एलर्जी, दर्द, ओडोमॉस एवं अन्य आवश्यक दवाइयाँ, साथ ही सूखा दूध व खाद्य सामग्री पंजाब भेजी गई है। इस राहत सामग्री में संघ के प्रत्येक साथी का योगदान निहित है, जो संघ की एकजुटता और सेवा भावना का प्रमाण है।



संघ ने कहा कि यह सहायता केवल राहत नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और सिख परंपरा की "सरबत दा भला" की भावना का प्रतीक है। संघ के पदाधिकारियों ने समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि वे भी आगे बढ़कर भोजन, वस्त्र, दवाइयाँ और आवश्यक सामग्री देकर बाढ़ पीड़ित भाइयों-बहनों के सहयोग में सहभागी बनें। इस अवसर पर विकास भारतीय, डॉ रूपा त्यागी, नीरज शर्मा, आशुतोष सक्सेना, सिद्धार्थ ठाकुर, पवन शर्मा, तेजा सैन,पवन चौधरी, अविनाश झा, महेश कुमार, पप्पन सैन, प्रदीप पांडे आदि मौजूद रहे।

# आईआईए मोदीनगर व सुभारती मेडिकल कॉलेज ने किया गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** आईएमए मोदीनगर और सुभारती मेडिकल कॉलेज मेरठ द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें डॉ किशोर सिंह (प्रोफेसर और हेड कैंसर डिपार्टमेंट) ने सुभारती मेडिकल कॉलेज में कैंसर की रोकथाम व उपचार में उपयोग होने वाली अत्याधुनिक तकनीक व उपकरण के बारे में जानकारी दी, इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए डॉ फराज बदर (असिस्टेंट प्रोफेसर रेडिएशन ऑनकोलॉजी) ने भारतीय मूल की महिलाओं में होने वाले सबसे अधिक कैंसर जो के स्तन कैंसर है (ब्रेस्ट कैंसर) के ऊपर विस्तारपूर्वक रोशनी डालते हुए



उपचार में हुए आधुनिक विकास की जानकारी दी। अंत में डॉ अरुण कुमार (रेडिएशन ऑंकोलॉजिस्ट) ने फेफड़ों में कैंसर (लंग कैंसर) के क्षेत्र में हो रहे महत्त्वपूर्ण बदलाव और विकास की जानकारी साझा की, अस्पताल में आधुनिक सुविधाओं और चिकित्सकों के मरीजों के प्रति पूर्ण समर्पण से यह ब मुश्किल से ठीक होने वाले कैंसर को भी सुभारती में कामयाबी के साथ मैनेज किया जा रहा है। बैठक की शुरुवात इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मोदीनगर के अध्यक्ष डॉ योगेश सिंघल को स्मृति चिन्ह से सम्मानित कर की गई।

# डीजेजेएस आरोग्य के अंतर्गत मनोबलं ने दिया महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से आरोग्य प्रकल्प के अंतर्गत पटेल नगर शाखा में 'मनोबलं' शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत स्वस्थ एवं प्रसन्नचित्त जीवन विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ सामूहिक ध्यान सत्र से हुआ। तत्पश्चात् डॉ. शालिनी आनंद (एम.बी.बी.एस.) ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए समाज में महिलाओं से जुड़ी प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहीं डॉ. दिव्या श्रीवास्तव, मनोवैज्ञानिक एवं सदस्य Indian Association of Clinical Psychologists एवं American Psychological Association डाइटिशियन डॉ. विदिता श्रीवास्तव, लाइफटाइम सदस्य Indian Dietetics Association डॉ. पद्मा तमंग, मुख्य



चिकित्साधिकारी, एस.जी शिविर में महिलाओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर गहन चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि शैशवावस्था से वृद्धावस्था तक शरीर में होने वाले परिवर्तनों के अनुरूप हम कैसे सही आहार एवं जीवनशैली अपनाकर स्वस्थ जीवन व्यापन कर सकते हैं।

भारत में तेजी से बढ़ रही स्तन कैंसर जैसी गंभीर समस्या के प्रति जागरूक करते हुए विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही मेनोपॉज के समय पर की जाने वाली सावधानियों को भी साझा किया गया। उपस्थित जनों ने चिकित्सकों से परामर्श लेकर अपने प्रश्नों का समाधान प्राप्त किया तथा स्वस्थ दिनचर्या अपनाने का संकल्प लिया। दिव्य गुरु आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी श्वेता भारती जी ने बताया कि आरोग्य प्रकल्प के अंतर्गत अनेक जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनमें समय-समय पर नि:शुल्क आयुर्वेदिक परामर्श शिविर भी आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी प्रयासों का उद्देश्य है - "स्वस्थ जीवन, स्वच्छ मन और शांत चित्त।" और यह तभी संभव है जब हम ब्रह्मज्ञान-आधारित ध्यान साधना को नियमित रूप से अपनाकर अपने मनोबलं को सुदृढ़ करें। शिविर में लगभग 100 से अधिक लाभार्थियों ने भाग लिया और स्वस्थ जीवन की दिशा में हर सम्भव प्रयास करने का संकल्प लिया, जिससे वे स्वयं, परिवार एवं समाज को सही दिशा में अग्रसर कर सकें।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद को उपलेहड़ा ग्रामवासियों ने भेजी सहायता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** बागपत लोकसभा के सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान एवं मोदीनगर सभासद मोनू धामा के पैतृक ग्राम उपलेहड़ा के ग्रामवासियों ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद कर मानवता का अनुकरणीय संदेश दिया है। युवा सभासद मोनू धामा, समाजसेवी मूलचंद गर्ग (राधिका कलेक्शन, मोदीनगर) एवं हरिराज नागर (डायरेक्टर, गन्ना समिति, मोदीनगर) के नेतृत्व में ग्रामवासियों ने एकजुट होकर दो ट्रैक्टर-ट्रॉली राहत सामग्री एकत्रित की। इनमें गेहूं, चावल, दालें, तेल, चीनी और बिसलेरी पानी जैसी आवश्यक वस्तुएँ शामिल हैं। यह राहत सामग्री पंजाब सरकार को पीड़ित परिवारों तक पहुँचाने के लिए सौंपी जाएगी। इस अवसर पर समाजसेवी मूलचंद गर्ग एवं सभासद मोनू धामा ने सहयोग करने वाले ग्रामवासियों का पटका पहनाकर सम्मान किया और आभार जताया। कार्यक्रम में वीरसिंह दीवान, जयप्रकाश सांगवान, सुदेश सांगवान, दयानंद धामा दरोगा, सुरेश प्रधान,





रमेश नागर, के.पी. कदान, प्रकाश जाटव, मनीष धामा, हिमांशु धामा, सन्नी सांगवान, बिल्लू, राहुल, मनीष दलाल, अरविंद कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग व ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने भी समाजसेवी मूलचंद गर्ग और सभासद मोनू धामा को पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर ग्रामवासियों एवं उपस्थित जनों ने देशवासियों से अपील की कि वे भी पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आएँ और मानवता के इस पुनीत कार्य में सहयोग करें।

# शिक्षा और संस्कार से वंचित बच्चों को मुख्यधारा में लाने का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शिक्षा ही वह साधन है जो किसी भी राष्ट्र को विश्व गुरु बना सकता है। यह तभी संभव है जब समाज के हर वर्ग, विशेषकर वंचित बच्चों तक शिक्षा का प्रकाश पहुँचे। इसी उद्देश्य को लेकर पावन चिंतन धारा आश्रम के संस्थापक डॉ. पवन सिन्हा 'गुरूजी' ने अनौपचारिक विद्यालय के रूप श्ऋषिकुलशालाश प्रकल्प आरंभ किया। पिपलेश्वर महादेव मंदिर राजनगर एक्सटेंशन में वार्षिकोत्सव मनाया गया। गौरतलब है कि वर्ष 2011 में एक कमरे से शुरू हुई ऋषिकुलशाला की यह यात्रा 2019 में नई ऊँचाई पर पहुँची, जब तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इसके विस्तार योजना



का विधिवत उद्घाटन किया। वर्तमान में ऋषिकुलशाला देश के 9 राज्यों में 25 केंद्रों के माध्यम से 2500 से अधिक बच्चों को शिक्षा और संस्कार प्रदान कर रही है। इसका उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास जगाना, उन्हें सम्मान देना और समाज में भेदभाव मिटाकर जिम्मेदार नागरिक बनाना है।

डॉ. पवन सिन्हा 'गुरूजी' ने अपने संबोधन में कहा कि "आज भी देश में साढ़े चार करोड़ बच्चे शिक्षा से वंचित हैं। उनकी आँखों में सपनों की रौशनी है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह बुझने न पाए। समाज का हर वर्ग आगे आए और इन बच्चों की शिक्षा में सहयोग देकर सच्चा राष्ट्रभक्त बने।" कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ऑल इंडिपेंडेंट स्कूल ऑफ फेडरेशन के अध्यक्ष रामावतार जिंदल, वरिष्ठ समाजसेवी अनिल साँवरिया, देवेंद्र हितकारी, मंदिर समिति के अनिल तोमर, अनिल शर्मा तथा राजीव त्यागी, बबिता त्यागी उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और ऋषिकुलशाला द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। साथ ही इस पुनीत कार्य हेतु यथासंभव योगदान का आश्वासन भी दिया।

# राष्ट्रीय लोकदल ने चलाया सदस्यता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** राणा फार्म हाउस में विधानसभा अध्यक्ष मुरादनगर अरुण शर्मा द्वारा अपनी कार्यकारिणी का विस्तार कर सदस्यता अभियान जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी की अध्यक्षता में चलाया गया। संचालन नीरज नवीपुर ने किया पंडित अरुण शर्मा द्वारा सभी को माला पहनाकर व पटका मोमेंटो देकर सभी का स्वागत कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई सभी ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा राष्ट्रीय लोक दल पार्टी से हर वर्ग के लोग जुड़ें और पार्टी को मजबूत करें।

जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी व सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चौयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा राष्ट्रीय लोक



दल पार्टी की तरफ आम आदमी का रुझान बढ़ता जा रहा है क्योंकि यह 36 बिरादरी की पार्टी है अक्टूबर तक यह सदस्यता अभियान चलेगा इसमें सभी पदाधिकारी गण और कार्यकर्ता गण जुड़कर सदस्यता अभियान को जिले में मजबूती से चलाएं इससे पार्टी बढ़ेगी और पार्टी को मजबूती मिलेगी कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की सदस्यता अभियान पर सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे साथ हीं सभी युवाओं ने मिलकर पंडित अरुण शर्मा का स्वागत बड़े ही जोर सोर से किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ चौयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, प्रदेश प्रदेश महासचिव रणबीर दहिया, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय पाल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष नानक चंद शर्माश, प्रोफेशनल मंच का क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण दहिया, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र पतलाश, क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन, क्षेत्रीय सचिव जितेंद्र कुंडू, मुरादनगर अध्यक्ष जुनैद चौधरी, क्षेत्रीय सचिव वीर सिंहश हाजी तोहिद आलम, विना.द गौतम, प्रदीप मुखिया दीपक चौधरी, सुनील नबीपुर आलोक चौधरी, असलम खान, सतपाल सलेमाबादश, नीरज नबीपुर पप्पू मिल्क, जागेश्वर त्यागी, विपिन शर्मा, अर्जुन पंडित, दीपक चौधरी, डॉक्टर केके शर्मा शिवकुमार शर्मा उर्फ लाला प्रधान, रेवती शरण विश्वाल, पंडित सोमनाथ शर्मा, चंद चौधरी, औरंगजेब पठान, रमेश चंद शर्मा, अमित शर्मा, नितेश शर्मा, मोहित शर्मा, अभिषेक शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष राकेश पंडित, ओमपाल शर्मा, सोमदत्त शर्मा, प्रेमचंद शास्त्री, यतिदेव शर्मा, कैप्टन संजय शर्मा, विमल पंडित, सचिन शर्मा, सनी चौधरी, उमेदपाल बृजेश जाटव, महेश जाटव, अमित शर्मा, योगेश चौधरी, सरजीत चौधरी, विनोद चौधरी,अजब सिंह चौधरी, बृजेश चौधरी, गौरव शर्मा, सेठी नबीपुर, मोहन सिंह, सरफराज अल्वी, लकी बाबा, गुड्डू चौधरी, रविंदर चौधरी, देवेंद्र चौधरी, ओमकार ठेकेदार, अतुल जाटव, गोविंद सिंह, महेंद्र यादव, हरीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा कैम्प का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्व. सुभाष चंद्र त्यागी पूर्व पार्षद के निवास स्थान पर वरदान हॉस्पिटल के द्वारा नेत्र जांच का निशुल्क कैंप का आयोजन कराया गया। यह कैंप केडी त्यागी और लोकेंद्र त्यागी के नेतृत्व मे लगाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पंडित अशोक भारतीय, भाजपा नेता सौरभ यादव, जितेंद्र त्यागी उपस्थित रहे। वरदान हॉस्पिटल से विजय, गजेंद्र (प्रबंधक), डॉक्टर अमित कुमार, डॉक्टर कंचन भारद्वाज, डॉक्टर मोहिनी, डॉक्टर नितेश शाह का विशेष सहयोग रहा। सैकड़ो स्थानीय निवासियों ने कैंप का लाभ उठा कर स्वास्थ्य लाभ उठाया तथा आयोजकों का धन्यवाद किया। इस दौरान संत कुमार त्यागी, विवेक त्यागी, धीरज, अनुज, अमित, धीरेंद्र, मुनेश, चमन सिंह, नीरज कौशिक, अरुण आदि उपस्थित रहे।

# यमुना नदी की मार से जूझ रहे किसानों में भारी मायूसी

## कटान होने से दो गांवों के सैकड़ों किसानों की फसल हुई बर्बाद, सरकार से की जल्द सहायता दिए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव में अपने आवास पर पहुंचे राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि शबगा जागौश दोनों गांव बाढ़ की चपेट में है। जागौश शबगा गांव का का किसान हर तरीके से बर्बाद हो गया है। इन दोनों गांव की करोड़ों रुपए की खेतों में खड़ी गन्ने की फसल बर्बाद हो गई है। दोनों गांव के सैकड़ो किसान भूमिहीन हो गए हैं। इसके लिए उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री को फैक्स भेज कर अवगत भी कराया है। पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा लखनऊ जाकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को किसानों को मुआवजा दिलाने वह दोनों गांव में यमुना नदी के किनारे तट बांध बनवाने लोहे से जाल की ठोकरें लगवाने किसानों को आर्थिक मदद सरकार की तरफ से दिलवाने अन्य मुद्दों को लेकर क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री से अपने प्रति निधि मंडल के साथ इन मुद्दों पर मुलाकात करेंगे। पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा अपने पैतृक गांव में रहने वाले लोगों से हर दूसरे दिन मुलाकात करके उनका हाल-चाल जान रहे हैं। गांव के किसानों के साथ गांव में बैठक करके उनकी समस्याओं का समाधान करने का भी ग्राम वासियों को आश्वासन दे रहे हैं। राजेंद्र शर्मा का कहना है कि गांव के लोगों को हर संभव मदद दिलाने का प्रयास प्रदेश के मुख्यमंत्री से किया जाएगा। गांव की समस्याओं को लेकर ग्राम वासियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम किया जाएगा। पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा के साथ बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद डा.राजकुमार सांगवान भी बराबर गांव में लगातार दौरा कर रहे है। वह भी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ लेकर गांव की समस्याओं को गंभीरता से लेकर चल रहे हैं।


सांसद
डा.राजकुमार सांगवान


राष्ट्रीय महासचिव
राजेंद्र शर्मा


पीड़ित किसान
ओमदत्त कौशिक


पीड़ित किसान
सुरेश कौशिक

इस संबंध में जब बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद डा.राजकुमार सांगवान से वार्ता की गई तो उनका कहना है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के किसानों के लिए उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए केंद्र सरकार को भी अवगत कराया जाएगा। किसानों की समस्याओं को लेकर संसद भवन में किसाने की मांगे पूरी करने की मांग उठाई जाएगी, जितनी भी सहायता किसानो की होगी उससे कई गुना अधिक सहायता दिलाने का कार्य किया जाएगा। हम किसानों के साथ हमेशा से मिलकर चल रहे हैं क्योंकि राष्ट्रीय लोकदल किसानो की सच्ची हमदर्द। पार्टी है राष्ट्रीय लोक दल ने हमेशा किसानों के प्रति गंभीरता से कार्य किए हैं और आगे भी राष्ट्रीय लोक दल किसानों के साथ जुड़कर ही चलने का काम करेगी। उन्होंने कहा किस देश का अन्नदाता है खेत में किस सीमा पर जवान यही देश की शान है।

ओम दत्त कौशिक 15 बीघा जमीन नष्ट हुई यमुना नदी के कटान से, सुरेश कौशिक 15 बीघा जमीन का हुआ कटान,अनिल मुखिया किसान 16 बीघा जमीन जिसमें गन्ने की खड़ी फसल नष्ट हो गई, सत्यदेव कौशिक निवासी जागौश 18 बीघा जमीन यमुना नदी में समय जिसमें गन्ने की फसल खड़ी हुई थी, रामकुमार शर्मा की 8 बीघा जमीन कटी, नरेंद्र कौशिक निवासी जागौश की 10, बीघा जमीन यमुना नदी में समा गई जिसमें गन्ने की फसल खड़ी हुई थी, ओम शर्मा निवासी जागौश की 18बीघा गन्ने की फसल हुई बर्बाद, निटु शर्मा की 4बीघा जमीन यमुना नदी में समा गई, किसान सत्य प्रकाश त्यागी की 10बीघा जमीन यमुना नदी में लगातार पानी के कटान से गन्ने की फसल बह गई, किसान सुरेश शर्मा की लगभग 5बीघा जमीन यमुना नदी में समा गई।


पीड़ित किसान
अनिल मुखिया


पीड़ित किसान
नरेंद्र कौशिक


पीड़ित किसान
सत्यदेव कौशिक


पीड़ित किसान
ओम शर्मा


पीड़ित किसान
रामकुमार शर्मा


पीड़ित किसान
निटु शर्मा

# प्रमेन्द्र तोमर बने शिक्षक एमएलसी चुनाव के जिला संयोजक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भाजपा द्वारा शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर पार्टी पदाधिकारियों ने तैयारी तेज कर दी है। इसी को लेकर भाजपा नेता प्रमेन्द्र तोमर को जिले का संयोजक बनाया गया है।

संयोजक बनाने पर प्रमेन्द्र तोमर ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे वे मेहनत के साथ पूरा करेंगे। भाजपा शिक्षक एमएलसी चुनाव में जनपद से प्रचंड जीत हासिल होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के लिए प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है। सरकार के कार्यो, योजनाओं को लेकर पार्टी कार्यकर्ता संपर्क कर ज्यादा से ज्यादा वोट बनाने का कार्य करेगी। 2020 की तरह एमएलसी चुनाव में जीत हासिल करना हमारा लक्ष्य रहेंगे।

# पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, दो पुलिस की पकड़ से दूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिनौली थाना पुलिस को माखर चौकी के पास मुखबिर से सूचना मिली। पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार तीन व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया। बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी। दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की तरफ भाग निकले।

घायल बदमाश की पहचान राजा उर्फ़ सलमान के रूप में हुई है। वह सिंघावली अहीर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उस पर 8 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। राजा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस फरार बदमाशों की तलाश में जंगल में कांबिंग अभियान चला रही है। राजा उर्फ़ सलमान से एक तमंचा बरामद हुआ है। इसके अलावा दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस और एक मोटरसाइकिल भी मिली है। बागपत एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि फरार बदमाशों को जल्द गिरफ्तार



कर लिया जाएगा।

# परीक्षा दे रहे इंस्पेक्टर और दरोगा की एसपी ने की निगरानी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को एक विशेष परीक्षा का आयोजन किया गया। पुलिस लाइन स्थित नटराज हॉल में जिले के सभी थानों में तैनात इंस्पेक्टर और दरोगाओं ने परीक्षा दी। एसपी सूरज कुमार राय ने स्वयं परीक्षा की निगरानी की।

परीक्षा में कानून व्यवस्था, विवेचना और साइबर क्राइम से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इसमें बीएनएस, आईपीसी और सीआरपीसी से जुड़े विषयों को भी शामिल किया गया। पुलिसकर्मी स्कूली छात्रों की तरह परीक्षा में बैठे। एसपी सूरज कुमार ने बताया कि यह कदम विवेचनाओं में आने वाली कमियों को दूर करने और कार्यप्रणाली में सुधार के लिए उठाया गया है। उन्होंने कहा कि इस टेस्ट से पुलिसकर्मियों की बौद्धिक क्षमता का आकलन होगा। परीक्षा के परिणाम के आधार पर पुलिसकर्मियों को उनकी विशेषज्ञता के अनुसार तैनाती दी जाएगी। इससे विवेचनाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। साथ ही अपराध नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। यह परीक्षा बागपत एसपी के निर्देशन में आयोजित की गई।

# हाईवे पर ट्रेक्टर और बाइक की भिड़ंत में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे पर स्थित किशनपुर बराल गांव में ट्रेक्टर और बाइक की भिड़ंत हो गई, जिसमें बाइक सवार बाप बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर आई पुलिस ने दोनों को बड़ौत सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल रविन्द्र को हायर सेंटर रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

शामली जनपद के गांव किवाना निवासी रविंद्र 40 वर्षीय अपनी बेटी के साथ शनिवार सुबह अपनी ससुराल मवीकलां गया था। शाम को वह बाइक से अपने घर लौट रहा था,जब वह किशनपुर बराल गांव में पहुंचा तो सामने से गलत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाप बेटी सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर छोड़कर भाग गया। सूचना पर आई पुलिस ने दोनों घायलों को बड़ौत सीएचसी में भर्ती कराकर परिजनों को घटना की सूचना दी। चिकित्सकों ने रविन्द्र की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रेक्टर को कब्जे में लेकर मर्तक के भाई ओमपाल निवासी किवाना की तहरीर पर अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया।

## एक नजर

# ग्राम पंचायत और विकास खंड स्तर पर गोष्ठियों का किया जाएगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिले में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी प्रभानसु कुमार श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त एयरफोर्स विंग कमांडर विरोहित कुमार तोमर, चिकित्सा शिक्षा के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डा.तुंगवीर सिंह आर्या, कृषि वैज्ञानिक डा.ओमवीर सिंह और विद्युत विभाग के सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता चंद्रशेखर मित्तल का आगमन प्रस्तावित है। ये प्रबुद्धजन विद्यार्थियों, शिक्षकों, व्यापारियों, किसानों, उद्यमियों और समाज के अन्य वर्गों से मिलकर न केवल पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा पर चर्चा करेंगे, बल्कि आगे की चुनौतियों व संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद वे अपने अनुभव और नागरिकों से मिले सुझावों का संक्षिप्त टिप्पणी/नोट नियोजन विभाग को उपलब्ध कराएंगे। अभियान की अवधि 05 सितंबर से 05 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित की गई है। इस दौरान ग्राम पंचायत और विकास खंड स्तर पर गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नागरिक खुलकर अपने विचार रख सकेंगे। इन बैठकों का आयोजन ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा जिलाधिकारी के निर्देशन में किया जाएगा।

# किसानों, श्रमिकों, शिक्षाविदों, उद्यमियों, मीडिया और आम नागरिकों की आकांक्षाओं पर दिया जाएगा विशेष ध्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस प्रेरणा का परिणाम है, जो उन्होंने मई 2025 में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल बैठक में दी थी। बैठक में प्रधानमंत्री ने विकसित राज्य से विकसित भारत की थीम पर बल देते हुए सभी राज्यों से आग्रह किया था कि वे अपनी स्थानीय विशेषताओं के आधार पर विकास की रणनीति तैयार करें। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य बनाने का संकल्प दोहराते हुए इस अभियान का शुभारंभ किया है। इस मिशन में हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी को आधार मानकर एक समृद्ध, समान और वैश्विक स्तर पर सम्मानित उत्तर प्रदेश बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस रणनीति के निर्माण में केवल योजनाओं और नीतियों पर ही नहीं, बल्कि किसानों, युवाओं, महिलाओं, श्रमिकों, शिक्षाविदों, उद्यमियों, प्रबुद्ध वर्ग, मीडिया और आम नागरिकों की आकांक्षाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। सरकार का प्रयास है कि कोई भी वर्ग पीछे न छूटे और सभी की भागीदारी से प्रदेश 2047 तक विकसित राज्यों की श्रेणी में पहुंचे। नागरिकों से अपील है कि वे आगे बढ़कर अपने सुझाव अवश्य दें और समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश /2047 की इस ऐतिहासिक यात्रा के सहभागी बनें।

# पंजाब में राहत सामग्री पहुंचने का समाज सेवियों को करना चाहिए कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में खिदमत फाउंडेशन के द्वारा पंजाब में जो लोग प्रभावित हुए हैं और जिनका नुकसान हुआ है हर इंसान को आगे बढ़-चढ़कर उनके लिए मदद करनी चाहिए। यह एक ऐसा वक्त है कि कभी भी किसी पर भी बुरा वक्त आ सकता है। खिदमत फाउंडेशन अपनी तरफ से जितनी मदद हो सकेगी। खिदमत फाउंडेशन करती रहेगी और खिदमत फाउंडेशन ने चलता फिरता मेडिकल कैंप लगाया है। बाढ़ से प्रभावित इलाकों में जाकर मेडिकल ट्रीटमेंट दिया गया। इस मौके पर डाक्टर फहीम चौधरी ने कहा कि हम सब लोगों को मिलकर पंजाब में आई बाढ़ में राहत सामग्री पहुंचने का काम सभी समाज सेवियों को करना चाहिए। ज्यादातर




लोगों को एलर्जी और खांसी की प्रॉब्लम थी जिनको तुरंत मेडिकल ट्रीटमेंट दिया गया और उन्होंने कहा है कि आगे भी खिदमत फाउंडेशन ऐसे ही अपनी तरफ से मदद करती रहेगी। इसमें हमारे साथ खिदमत फाउंडेशन बड़ौत टीम के मेंबर वे डा.फईम चौधरी डा.हसीन अहमद डा.सौरभ चौधरी एडवोकेट आदित्य चौधरी आजाद के एफबी एडवोकेट इरफान राणा साजिद चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

# विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/2047 अभियान के तहत अब हर नागरिक को अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। नागरिकों की सीधी भागीदारी से न केवल योजनाएं अधिक प्रभावी बनेंगी बल्कि विकास की यात्र में सभी वर्गों का योगदान भी सुनिश्चित होगा।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने आहवान किया है कि सभी नागरिक इस महत्वाकांक्षी अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें। यह पहल बागपत जिले की प्राथमिकताओं, आवश्यकताओं और संभावनाओं को प्रदेश की नीतियों में समुचित स्थान दिलाने का एक सशक्त माध्यम है। इस अभियान के अंतर्गत नागरिक अपने सुझाव सीधे ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। इसका विकल्प सूचना सेतु एप पर भी उपलब्ध है। पोर्टल को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि इसे मोबाइल और कंप्यूटर, दोनों माध्यमों से आसानी से एक्सेस किया जा सके। साथ ही फीडबैक साझा करने की सुविधा उपलब्ध है। सुझाव देने के लिए प्रतिभागियों को पोर्टल पर मोबाईल ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर विषय का चयन करना होगा और अपना विचार दर्ज कराना होगा। यह अभियान किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है। विद्यार्थी, शिक्षक, किसान, व्यापारी, उद्यमी, श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन, मीडिया और आम नागरिक सभी इसमें अपनी भागीदारी दर्ज करा सकते हैं। उद्देश्य यह है कि प्रत्येक परिवार से कम से कम एक फीडबैक अवश्य प्राप्त हो, ताकि राज्य का विजन व्यापक हो सके। सरकार चाहती है कि प्रदेश का कोई भी परिवार पीछे न रहे। फत कोड और पोर्टल के ज़रिए यह प्रक्रिया इतनी सरल बनाई गई है कि छात्र, किसान, गृहिणी या व्यापारीकृहर कोई अपने विचार तुरंत दर्ज करा सकता है। बागपत जैसे कृषि प्रधान जिले में इस अभियान की विशेष अहमियत है। यहां किसानों, गन्ना उत्पादकों और स्थानीय उद्यमियों के सुझाव प्रदेश की विकास रणनीति को नया आयाम देंगे।

# जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाएगा तब तक संघर्ष जारी रहेगाः ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** नवगठित ब्लॉक में बडौत ब्लॉक के सात गांव के जोड़ने के विरोध में सर्वोदय इंटर कॉलेज इब्राहिमपुर माजरा में सैकड़ो ग्रामीण हुए एकत्र नवगठित ब्लॉक में जोड़े जाने पर भारी परेशानी न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। इस संबंध में अति शीघ्र जिलाधिकारी को दिया जाएगा।

ज्ञापन वर्तमान सरकार ने बागपत जनपद में हाल ही में बिनोली ब्लाक के कन्नड़ गांव को नया ब्लॉक बनाने की घोषणा की जिसमें बड़ौत ब्लॉक के सात गांव को कन्नड़ ब्लॉक में जोड़कर परेशान कर दिया गया। नए ब्लॉक में 38 गांव जिसमें बड़ौत ब्लॉक के सात गांव बराल किशनपुर इब्राहिमपुर माजरा फतेहपुर चक गोपालपुर खडाना असरफाबाद थल और बूढ़पुर गांव को जोड़ दिया गया।

इसके विरोध में गांव इब्राहिमपुर माजरा स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज के प्रांगण में भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठे हुए नए ब्लॉक में मिलाये जाने पर काफी विरोध किया। ग्रामीणों का कहना है कि हमारा पुराना ब्लॉक बड़ोत है जो हमसे 10 किलोमीटर की दूरी पर है तथा आने-जाने के साधन भी सुलभ हैं। कन्नड़ ब्लॉक हमसे 20 किलोमीटर की दूरी पर है जो कि ग्रामीणों के लिए एक भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा क्योंकि बड़ौत ब्लॉक के साथ-साथ बड़ोत में ही हमारी तहसील पड़ती है। ब्लॉक व तहसील दोनों के काम एक साथ हो जाते हैं। कान्नड़ ब्लॉक बड़ौत से लगभग 30 किलोमीटर दूरी पर पड़ता है जिसमें आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस संबंध में सातों गांव के ग्रामीण अति शीघ्र जिलाधिकारी अस्मिता लाल को ज्ञापन देकर परेशानी को बताएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाएगा तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

पंचायत की अध्यक्षता प्रोफेसर ओमपाल सिंह ने तथा संचालन बाबूराम तोमर ने किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने अपने-अपने विचार रखें। इसमें प्रमुख रूप से बाबूराम तोमर पूर्व जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय लोक. दल मास्टर मनोज तोमर अनिल तोमर सुरेश पाल यतेंद्र सिंह मास्टर हरवीर सिंह तोमर मास्टर वीर सेन तोमर सत्येंद्र सिंह मंतरी सुभाष तोमर शोकेंद्र प्रधान हरपाल सिंह प्रधान विजय सिंह अन्नू तोमर पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद कुमार जगबीर सिंह विनोद कुमार उपेश तोमर प्रधानाचार्य मास्टर आर्यदर सिंह आदि सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र ब्रजभूषण व उसकी पत्नि रजनी उर्फ रीतिका से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

राधेकृष्ण त्यागी पुत्र रामेश्वर त्यागी निवासी ग्राम रावण उर्फ बडागांव थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

# राज्य के विकास की दीर्घकालिक रणनीति की जाएगी तय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** साथ ही युवाओं और विद्यार्थियों की आकांक्षाएं यह सुनिश्चित करेंगी कि 2047 का उत्तर प्रदेश आधुनिक तकनीक और नवाचार का नेतृत्व कर सके। सरकार इस अभियान से प्राप्त विच. ारों को आधार बनाकर एक विजन डॉक्यूमेंट तैयार करेगी। यह डॉक्यूमेंट तीन प्रमुख थीमोअर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति के इर्द-गिर्द केंद्रित होगा। साथ ही इसमें 12 प्रमुख सेक्टर शामिल होंगेफ। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी एवं उभरती प्रौद्योगिकी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवं सुशासन। इन सभी विषयों पर प्राप्त सुझावों के आधार पर राज्य के विकास की दीर्घकालिक रणनीति तय की जाएगी। यह विजन डॉक्यूमेंट न केवल वर्तमान नीतियों की दिशा तय करेगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए विकास की आधारशिला साबित होगा। यही दस्तावेज़ उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्यों की श्रेणी में ले जाने का रोडमैप बनेगा। अभियान को मजबूती देने और इसे सार्थक बनाने के लिए प्रदेशभर में प्रबुद्धजनों का भ्रमण प्रस्तावित है। विभिन्न क्षेत्रों से सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक और विशेषज्ञ जनपदों में जाकर लक्षित समूहों के साथ संवाद करेंगे।

# राज्य मंत्री ने सारथी की रसोई का उद्घाटन कर कराया जरूरतमंदो को भोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** सारथी वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में सारथी की 33वीं रसोई का शुभारंभ मां अन्नपूर्णा को भोग समर्पित कर किया गया। इस रसोई का उद्घाटन राज्य मंत्री केपी मलिक ने किया। राज्य मंत्री के द्वारा सारथी के रसोई में जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया जिसमें सभी लोग उनसे प्रसाद पाकर बहुत खुश थे। उन्होंने बताया कि ऐसी रसोई हमेशा चलती रहनी चाहिए, ताकि जरूरतमंद की मदद होती रहे और सारथी की रसोई में जरूरतमंद लोग भोजन करते है, बड़ा ही पुण्य का कार्य है। आशुतोष भारद्वाज और मोनिका भारद्वाज ने बताया इस रसोई का प्रसाद में आम जनों को, गरीबों को, मजदूर वर्ग, रिक्शा चालक, राहगीरों को एवं अन्य वर्ग के सभी लोगों को 5 में भरपेट भोजन कराया जाता है। मनीष जैन गोयल मेडिकल स्टोर ने भी इस रसोई में आकर सेवा कर धर्म लाभ उठाया। उन्होंने बताया किसी भूखे को भरपेट भोजन करना ही वास्तव में पुण्य का कार्य है, जिस प्रकार से 5 में भोजन प्राप्त करने की लोगों की कतारे इस बात को प्रमाणित भी करती हैं। मिता अरोरा ने बताया सारथी की रसोई में लगभग 800 से 1000 लोग भोजन करते है। सबके साथ ओर सहयोग से ये रसोई निरन्तर ऐसे ही चलती रहे। वास्तव में इन कार्यो से मन को सकून मिलता है। ईस मौके पर वन्दना गुप्ता, विकास गुप्ता, अनिल अरोरा, पंकज मलिक, अमित, विवेक सिंह, मीता अरोरा, आशा ग्रोवर, मोनिका, कांता राजपूत, विपिन सिंघल, सुहान तोमर, विशाल भारद्वाज, सचिन खोखर, आदित्या भारद्वाज, अंकुज खोकर, मनीष जैन, अनमोल गुप्ता, प्रिंस गुप्ता आदि मौजूद रहे।



# मकतब जिया उल इस्लाम में सीरतुन्नबी क्विज कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जमीयत उलेमा तहसील धौलाना के तत्वावधान में 7 सितंबर 2025 14 रबीउल अव्वल 1447 हिजरी को नूरानी मस्जिद, परतापुर, पिलखुवा में एक शानदार और रूहानी श्सीरतुन्नबी क्विज कार्यक्रमश का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक चला।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मकतब के बच्चों में पैगंबर मुहम्मद के प्रति प्रेम और दीन-ए-इस्लाम की महानता का भाव पैदा करना था। मकतब जिया उल इस्लाम के बच्चों ने बड़ी संख्या में इसमें भाग लेकर अपनी आस्था और श्रद्धा का प्रदर्शन किया। इस भव्य कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना मुफ्ती गारिसुल हक कासमी साहब ने की, जिनके मार्गदर्शन ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक और गरिमापूर्ण बनाया। मौलाना गारिसुल हक कासमी साहब ने अपने संबोधन में कहा कि पैगंबर मुहम्मद की सीरत जीवन शैली आज भी मानवता के लिए एक मार्गदर्शक है। उन्होंने अमन, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में कुल 14 बच्चों ने हिस्सा लिया। जमीयत उलेमा तहसील धौलाना के अध्यक्ष मुहम्मद सलाहुद्दीन साहब ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिसमे पहला स्थान, माहिरा वसीम, दूसरा स्थान आफरीद वसीम, तीसरा स्थान अरहान गुलफाम ने प्राप्त किया। बाकी सभी प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस दौरान सलीमुद्दीन अलीमुद्दीन, अर्श इदरीस, जोया गुलफाम, आलिया सोनू, आशिफा यूनुस, अलीना सोनू, अकसा इदरीस, खुशबू दीन मुहम्मद, शफया अनीस, हफशा जावेद और उम्मेकुलसूम यूनुस समेत कई बच्चे मौजूद रहे। मौलाना गारिसुल हक कासमी साहब ने बच्चों को संबो. धित करते हुए कहा कि पैगंबर मुहम्मद की सीरत जीवन के हर क्षेत्र, चाहे वह राजनीति हो, व्यापार हो, समाज हो या इबादत हो, में मार्गदर्शन प्रदान करती है। उन्होंने विशेष रूप से मकतब के बच्चों को सीरत-ए-रसूल का अध्ययन करने और उर्दू भाषा सीखने पर जोर दिया, ताकि वे अपनी व्यावहारिक जिंदगी को दीन के अनुरूप ढाल सकें। कार्यक्रम के अंत में कारी नदीम साहब ने भावुक दुआ करवाई। इस दुआ में मुस्लिम समुदाय की जागृति, ईमान की रक्षा, देश में शांति और सुरक्षा, युवाओं में धार्मिक जोश, शैक्षिक प्रगति और दुनिया व आखिरत की कामयाबी के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गईं। इस अवसर पर गांव के युवा और बस्ती के प्रमुख लोग मौजूद रहे। यह कार्यक्रम हर लिहाज से कामयाब और एक मिसाल साबित हुआ, जिसने बच्चों और उपस्थित लोगों के दिलों में पैगंबर मुहम्मद के संदेश को फिर से ताजा किया।



# छात्रा से मनचले ने की छेड़छाड़, भीड़ ने जमकर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में कोचिंग से लौट रही एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। छात्र ने मनचले को जमकर पीटा। इस दौरान लोगों की भीड़ भी मौके पर इकट्ठा हो गई।भीड़ ने भी मनचले को जमकर पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मनचले को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के मधुबन कॉलोनी के पास मेरठ रोड पर कोचिंग से लौट रही एक छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले मनचले को लोगों ने सबक सिखाया। यह घटना रविवार कोहुई, जब छात्रा ने खुद ही मनचले का विरोध किया और उसकी पिटाई शुरू कर दी। शोर सुनकर राहगीर मौके पर इकट्ठा हो गए और उन्होंने भी मनचले की जमकर धुनाई कर डाली। भीड़ में से एक व्यक्ति ने तो हेलमेट से ही मनचले की पिटाई की। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने आरोपी मनचले को भीड़ से छुटवाया और हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि संबंधित मामले में पुलिस ने आरोपी मनचले को हिरासत में ले लिया है और पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



# आईटीआई के लिए चयनित 20 अनुदेशकों को मिला नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग में नियुक्त 1,510 अनुदेशकों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोक भवन में नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसी के तहत हापुड़ जिले के चार सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों यानी आईटीआई के लिए चयनित 20 अनुदेशकों को भी हापुड़ कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र दिए गए।

कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश सिंह तोमर और क्षेत्रीय मंत्री डा. विकास अग्रवाल के अलावा सांसद प्रतिनिधि के रूप में विनोद और अशोक बबली भी उपस्थित थे। इस अवसर पर नव-नियुक्त अनुदेशकों को बधाई देते हुए उनसे अपेक्षा की गई कि वे उच्च-गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्रदान करके विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर बनाएंगे, जिससे युवा पीढ़ी देश की प्रगति में योगदान दे सके। यह कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम और राजकीय आईटीआई हापुड़ के नोडल प्रधानाचार्य नीरज कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। इसमें राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य नितिन कुमार और कनकलता सिंह, साथ ही गुलाब सिंह और अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे।



# कांग्रेसियों ने मनाया सचिन पायलट का 49वां जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिल्ली रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का 49वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने केक काटा और उनकी लंबी आयु की कामना की।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राक. ेश त्यागी ने सचिन पायलट को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि सचिन पायलट भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक महत्वपूर्ण सदस्य हैं। उन्होंने 2018 से टोंक से राजस्थान विधानसभा के सदस्य के रूप में काम किया है। इससे पहले वे पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भारत सरकार में कॉर्पोरेट मामलों और संचार एवं आईटी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार भी रह चुके हैं।

इसके अलावा, उन्होंने 2018 से 2020 तक पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राजस्थान के उपमुख्यमंत्री के रूप में भी सेवा दी। पूर्व विधायक गजराज सिंह ने भी सचिन पायलट को बधाई देते हुए बताया कि वे मात्र 26 साल की उम्र में सांसद बनकर भारत के सबसे कम उम्र के नागरिक बने थे। गजराज सिंह ने उनकी शिक्षा और करियर का भी उल्लेख किया, जिसमें एयर फोर्स बाल भारती स्कूल, सेंट स्टीफंस कॉलेज, आईएमटी गाजियाबाद और पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के व्हार्टन स्कूल से पढ़ाई शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि सचिन पायलट ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन और जनरल मोटर्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में भी काम किया है। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सचिन पायलट को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु जीवन की कामना की।



# श्रीरामचरितमानस के साप्ताहिक पाठ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** सेवा भारती द्वारा संचा. लित श्रीरामचरितमानस के साप्ताहिक पाठ कार्यक्रम का 135वां सत्र रविवार को मोहल्ला छिद्दापुरी स्थित हरेंद्र चौहान के निवास पर आयोजित किया गया।

इस सत्र में कथा व्यास रामकेश सिंह ने श्रीरामचरितमानस के प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे निषादराज गुह को भरत के सेना सहित आने पर संदेह हुआ कि कहीं वे श्रीराम पर आक्रमण करने तो नहीं आए हैं। सेवा भारती के मंत्री अखिलेश मित्तल ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रकल्प का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुँचाना है। संगठन के अध्यक्ष सुधीर गोयल ने बताया कि इस कार्यक्रम में यजमान हरेंद्र सिंह चौहान एवं उनके परिवार के सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज कराई।



# भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन की नई कार्यकारिणी गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन की नगर इकाई की एक बैठक रविवार को गांधी बाजार स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की एक नई कार्यकारिणी समिति का गठन करना था। इस अवसर पर अजय कुमार गोयल ने अध्यक्ष की भूमिका निभाई, जबकि सुधीर कुमार गोयल के मार्गदर्शन में बैठक का संचालन हुआ। नई कार्यकारिणी में धीरज गर्ग वाडीलाल को महामंत्री तथा प्रशांत मित्तल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। नीरज गर्ग और बंटी भैया को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। अभिषेक अग्रवाल और नीरज अग्रवाल को सह मंत्री, जबकि तरंग मित्तल और दीपक गर्ग को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।इसके अतिरिक्त, अर्पित सिंघल, सतीश सिंघल, नीरज गुप्ता सहित कई अन्य सदस्यों को भी समिति में शामिल किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय मित्तल और राष्ट्रीय संगठन मंत्री जितेंद्र गर्ग ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं दीं।



## एक नजर

### सोया रिफाइंड तेल खरीदने के नाम पर व्यापारी से लाखों की ठगी, पुलिस जाँच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक व्यापारी के साथ सोया रिफाइंड तेल खरीदने के नाम पर लाखों रूपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। एसपी के आदेश पर पुलिस संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार पीड़ित व्यापारी दीपक अग्रवाल जो हुकुम चंद विजय कुमार नामक एक फर्म के वर्किंग पार्टनर हैं उन्होंने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उन्होंने एक ब्रोकर संजीव अग्रवाल के माध्यम से हरियाणा की महावीर ऑयल एंड एग्रो प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक दीपक गोयल से संपर्क किया था। गोयल ने उन्हें 1500 टिन सोया रिफाइंड तेल देने का वादा किया, जिसके लिए 29,25,000 का सौदा तय हुआ। विश्वास जीतने के लिए आरोपी ने व्हाट्सएप पर कैंसिल चेक, हस्ताक्षरित बिल और कंपनी की जानकारी भेजी। इसके बाद दीपक अग्रवाल ने पूरी रकम कंपनी के खाते में ट्रांसफर कर दी। हालांकि, पैसे मिलते ही आरोपी ने न तो माल भेजा और न ही पैसे वापस किए। जब पीड़ित ने दीपक गोयल से मिलकर बात की, तो उसने पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया और उन्हें धमकाया। पीड़ित व्यापारी दीपक अग्रवाल की शिकायत पर एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के आदेश पर नगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या इस आरोपी ने पहले भी इसी तरह की ठगी की है। पुलिस ने कहा है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी के दो मोबाइल फोन के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने मोबाइल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोर के कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किए है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट बताया कि थाना धौलाना पुलिस द्वारा थाने के मुकदमा अपराध संख्या 240/25 धारा 303(2) बीएनएस का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर आमिर पुत्र यामीन निवासी सादक मदरसे के पीछे ग्राम शेखपुर खिचरा थाना धौलाना जनपद हापुड को रेलनीर कंपनी वाले रास्ते पर बिजलीघर के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किया गया चोर आमिर पुत्र यामीन निवासी सादक मदरसे के पीछे ग्राम शेखपुर खिचरा थाना धौलाना जनपद हापुड एक शातिर किस्म का अपराधी है जिसके खिलाफ कई अपराधिक मामले दर्ज है फिलहाल पुलिस ने मोबाइल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चोर को गिरफ्तार कर लिया है।

### 11वीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जाँच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक 11वीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रा के शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस पूरे मामले की जाँच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार मौहल्ला रफीकनगर की एक 11वीं कक्षा की छात्रा दिव्या ने फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। यह घटना रविवार सुबह तब हुई जब दिव्या की माँ काम पर गई थीं। दिव्या ने अपने कमरे में चुन्नी से फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। इस घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में मातम छा गया। दिव्या की माँ, परमिता, अपनी बेटी का शव देखकर पूरी तरह टूट गईं। पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुँची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस इस मामले की जाँच कर रही है ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके। जानकारी के अनुसार दिव्या के पिता रामकुमार का निधन आठ साल पहले हो चुका था और उनकी माँ, परमिता, घरों में काम करके परिवार का पेट पालती थीं। परिवार में दिव्या के दो छोटे भाई, कुणाल और देव भी हैं। छात्रा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि छात्रा के शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के किए भेज दिया गया है। पुलिसपूरे मामले की गहनता से जाँच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद छात्रा की मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# एलायंस क्लब द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के आर्य समाज मंदिर परिसर में एलायंस क्लब हापुड़ माधव द्वारा एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 75 लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस पहल का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक करना था।

रक्तदान करने वाले 75 लोगों को रक्तवीर का सम्मान देते हुए उन्हें क्लब का प्रतीक चिन्ह और सम्मान पत्र दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री डा. विकास अग्रवाल, भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, और एलायंस क्लब के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। संस्था के सदस्यों ने पटका और प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। एलायंस क्लब हापुड़ माधव के अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी संस्था भविष्य में भी समाज सेवा के ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। संस्था के सचिव अनुज गोयल ने बताया कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है और कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान करके किसी की जान बचा सकता है। कोषाध्यक्ष प्रियांशु गर्ग ने इसे महादान बताते हुए रक्तदान करने वालों की सराहना की। इस शिविर को सफल बनाने में संस्था के पदाधिकारियों जैसे अनुज मित्तल, मोहित अग्रवाल, अनुज गोयल, प्रियांशु गर्ग और अन्य सदस्यों ने सहयोग किया।

# विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश को लेकर डीएम की जनता से अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डीएम अभिषेक पाण्डेय ने विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को लेकर जनता से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि 2047 तक उत्तर प्रदेश को एक समृद्ध और सशक्त राज्य बनाने का सपना सिर्फ सरकार का नहीं, बल्कि सभी प्रदेशवासियों का है।

डीएम ने कहा कि किसी भी सरकारी योजना की सफलता में जनता की सक्रिय भागीदारी बहुत ज़रूरी है। विजन 2047 के तहत विकसित उत्तर प्रदेश बनाने के लिए हर नागरिक के विचार और सुझाव महत्वपूर्ण हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने विचार साझा करने के लिए एक QR कोड स्कैन करें या सीधे वेबसाइट पर जाकर सुझाव दें। इसके लिए मोबाइल नंबर से ओटीपी वेरिफाई करना होगा। डीएम ने मीडिया से इस मुहिम को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और शासन-प्रशासन व जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करता है। यह पहल लोगों को विकसित उत्तर प्रदेश के सपने को साकार करने के लिए अपने विचारों को साझा करने का मौका देती है, ताकि सरकारी योजनाओं में नए और प्रभावी विचार शामिल किए जा सकें।



## हाईवे पर घूमती मिली चार वर्ष की बच्ची परिजनों का नहीं लग सका कोई सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढमुक्तेश्वर।** क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर एक चार वर्ष की बच्ची रोते हुए घूमती हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस बच्ची को लेकर कोतवाली पहुंची और परिजन के संबंध में जानकारी की। हालांकि बच्ची मेरठ के रहने की बात कह रही है, लेकिन उसके परिजन के संबंध में जानकारी नहीं हो सकी है।

रविवार को एक बच्ची सड़क किनारे रो रही थी। इसको लेकर लोगों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची के परिजन के संबंध में आस पास में जानकारी की, लेकिन कोई जानकारी नहीं होने पर उसको कोतवाली ले जाया गया। वहां बच्ची ने रोते हुए बताया कि वह उसकी मां का नाम अपना नाम भूरी, पिता का नाम अशोक माता का नाम लक्ष्मी बताया है। बच्ची मेरठ की रहने वाली बता रही है। पुलिस ने मेरठ पुलिस से संपर्क कर बच्ची के परिजन के संबंध में जानकारी करने के लिए मदद मांगी है।

# शराब की दुकान में निकला ज़हरीला सांप, किया रेस्क्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में स्थित शराब की दुकान में जहरीला सांप निकलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद सांप का रेसक्यू क सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में स्थित शराब की दुकान में एक रसल वाइपर नमक जहरीला सांप निकल आया। सांप निकलने से शराब की दुकान में स्थित लोगों में हड़कंप मच गया। सांप को देखकर दुकान में मौजूद लोग घबरा गए। सांप निकलने की खबर मिलते ही आसपास के लोगो की शराब की दुकान के बाहर भीड़ एकत्रित हो गई। रसल वाइपर नमक जहरीला सांप निकालने की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रसल वाइपर नमक जहरीले सांप का कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। वन विभाग की टीम का कहना है कि बारिश के मौसम में अक्सर ही सांप निकल आते है इसीलिए सभी को सतर्कता बरतनी चाहिए।



# समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर की अध्यक्षता में एक मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बाढ़ पीड़ितों को आर्थिक सहायता देने को लेकर गढ़मुक्तेश्वर में बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए आर्थिक सहायता देने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। 2027 के आगामी चुनावों में भाजपा द्वारा संभावित वोट चोरी को रोकने के लिए रणनीति बनाई गई। इसके तहत, बूथ स्तर के एजेंटों की फोटो युक्त सूची तैयार करके चुनाव आयोग और पार्टी कार्यालय को भेजी जाएगी।

जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने पार्टी की जिला कमेटी का विस्तार करते हुए तीन नए सदस्यों को नियुक्त किया। रेशमा अंसारी, लवी तोमर, और महेंद्र सिंह तोमर को जिला सचिव बनाया गया। वही शाकिर त्यागी को अधिवक्ता सभा का जिला सचिव और तनवीर अहमद एडवोकेट को धौलाना विधानसभा का अध्यक्ष नियुद्र किया गया। इस अवसर पर यशी यादव, सीमा तनेजा, अफसाना, रेशमा अंसारी, सुषमा ठाकुर, राजेश यादव, तेजपाल प्रमुख, रिजवान चौधरी, अख्तर मलिक, अय्यूब सिद्दीकी, सचिन प्रधान, सद्दाम कुरेशी, दिग्विजय सिंह शिशोदिया, सुल्तान खान, मोहसिन सलमानी, हम्माद मतीन, पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



# कलयुगी बेटे ने पिता को उतारा मौत के घाट

■ ईंट से वार कर पिता की कर दी हत्या




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-73 स्थित ग्राम सर्फाबाद में एक बेटे ने रिश्तों को शर्मसार करते हुए अपने पिता की ईंट से बार कर हत्या कर दी। हत्या की खबर फैलते हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर अन्य आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

जानकारी के अनुसार सर्फाबाद गांव में रहने वाले 40 वर्षीय गौतम पुत्र केदारी महाशय का शव उनके कमरे में लहू लुहान अवस्था मे मिला। शव के पास खून से सनी ईंट भी मिली। जिससे उनके बेटे उदय ने कूचकर हत्या कर दी थी। पुलिस की प्रारम्भिक जांच से पता चला है दोनों के बीच घर को लेकर आये दिन झगड़ा रहता था। दोनों शराब का सेवन करते थे। दोनों में संपत्ति को लेकर विवाद हुआ, और नशे में होने के कारण ये झगड़ा बढ़ गया, बेटे उदय ने पास ही पड़ी ईंट से लगातार कई वारकर दिये चोट लगने से गौतम की मौत हो गई। पुलिस ने उदय को हिरासत में ले लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस मामले में जांच कर रही है।

वहीं गांव वालों का कहना है कि रात को पुत्र ने पिता कीं इंटों से कुचलकर हत्या करने के बाद पड़ोस में रह रहे अपने चाचा के घर गेट पर शोर मचाने लगा और बोला कि मैंने अपने बाप का खून कर दिया है। रात के समय पड़ोसियों ने सोचा, आए दिन नशे में दोनों झगड़ते रहते हैं। इसलिए किसी ने भी उस बात पर ध्यान नहीं दिया। सुबह जब उसका चाचा व घर के अन्य सदस्य उठे तो कमरे से खून निकाला देखा। जब घर का दरवाजा खोला तो आरोपी भी अपने बाप के पास सोया हुआ था, तब मृतक के भाई ने 112 नंबर पर कॉल की और पुलिस को सूचना दी।

# पश्चिम बंगाल से गांजा लाकर ग्रेटर नोएडा में बेचने वाला गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बीटा दो कोतवाली पुलिस ने एक शातिर गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 20 किलो गांजा बरामद किया है। पकड़ा गया आरा. ेपी दिल्ली एनसीआर में गांजे की सप्लाई कर रहा था। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी शिवचरण मंडल मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के पास से 20 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी पश्चिम बंगाल से गांजा लाकर यहां छोटी-छोटी पुड़िया में भरकर लोगों को बेचता था।

पुलिस के मुताबिक आरोपी सस्ते में गांजा लाकर यहां अधिक दाम में बेचकर अवैध धन अर्जित कर रहा था। पुलिस पकड़े गए आरोपी के बारे में अन्य जानकारी जुटा रही है।

## कंपनी से चोरी हुई मोबाइल डिस्प्ले, सुरक्षाकर्मियों पर केस

**नोएडा।** सेक्टर-63 स्थित एक मोबाइल की डिस्प्ले बनाने वाली कंपनी से बड़ी संख्या में डिस्प्ले चोरी किए जाने की बात सामने आई है। कंपनी प्रबंधन ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी का केस दर्ज करवाया है। आरोप है कि कंपनी की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी ही वारदात को अंजाम दे रहे थे। सेक्टर-63 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कंपनी डीजीएम राहुल कुमार ने दी गई शिकायत में बताया है कि कंपनी में मोबाइल डिस्प्ले बनाने का काम होता है। पिछले कई दिन से डिस्प्ले चोरी की सूचना मिल रही थी। इसी कड़ी में 25 अगस्त को फैक्टरी में लगे सीसीटीवी की फुटेज चेक कराई तो पता चला कि सुरक्षाकर्मी ही मोबा. इल की डिस्प्ले चोरी कर रहे थे। इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

# चुनावों में अब हिंसा और अराजकता नहीं : भूपेंद्र चौधरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** चुनावों में अब हिंसा और आराजकता नहीं होती, बल्कि शांतिपूर्ण चुनाव हो रहे हैं। विपक्ष जब जीतता है तो कुछ नहीं बोलता। हारने के बाद चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर उंगली उठाता है। यह बातें उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने रविवार को सेक्टर-116 में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक होने वाले सेवा पखवाड़े के बारे में भी जानक. ारी दी। विपक्ष द्वारा वोट चोरी के आरोप पर उन्होंने कहा कि इस तरह की बातें बोलकर विपक्ष जनादेश का अपमान कर रहा है। पहले चुनावों में बूथ पर कब्जा, हिंसा सहित कई हथकंडे अपनाए जाते थे, लेकिन अब एक बूथ पर भी कब्जा नहीं होता।

एक राष्ट्र एक चुनाव के बारे में कहा कि एक साथ ही चुनाव होने से विकास कार्य नहीं रुकेंगे। चुनाव पर खर्च भी कम होगा। यह देशहित में है। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा के एजेंडा में हमेशा सामान नागरिक संहिता रहा है। अगले विधानसभा चुनाव में भी होगा। यह राज्य सरकार का मामला है। इसपर राज्य सरकार को निर्णय लेना है। उत्तराखंड ने इसे लागू किया है। वहां की राज्य सरकार बधाई की हकदार है। प्रेसवार्ता के बाद भाजपा की एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें सेवा पखवाड़ा के विभिन्न पहलुओं पर वरिष्ठ नेताओं ने चर्चा की।

इस मौके पर स्थानीय विधायक पंकज सिंह, नोएडा के भाजपा अध्यक्ष महेश चौहान, जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, तन्मय शंकर, अमित त्यागी आदि मौजूद रहे। सेवा पखवाड़ा में सरकार की उपलब्धियां बताएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से गांधी जयंती दो अक्टूबर तक भाजपा सेवा पखवाड़ा आयोजित करेगी। इसके तहत प्रदेश और केंद्र सरकार की उपलब्धियां लोगों को बताई जाएगी। इसके लिए जनप्रति. निधि सहित पार्टी के सभी नेता काम करेंगे। इस अवधि के बीच स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, आदि आयोजित किए जाएंगे। साथ ही पौधरोपण भी होंगे।

## एक नजर

### सलारपुर में बन रहीं 50 इमारतों में रोका जाएगा भूजल दोहन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा प्राधिकरण जिला प्रशासन की मदद लेगा। प्राधिकरण एसडीएम दादरी को पत्र लिखकर भूजल दोहन को रो. कने के लिए कहेगा। इन इमारतों में सबमर्सिबल के जरिए भूजल दोहन किया जा रहा है। प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने यह पत्र भेजने के लिए भूलेख विभाग को निर्देश दिए हैं।

प्राधिकरण के मुताबिक, सेक्टर-107 में अधिसूचित जमीन पर बिना मंजूरी के अवैध रूप से इमारतें खड़ी की जा रही हैं। इनमें काम रोकने के लिए प्राधिकरण ने 25 अधिकारियों की एक टीम तैनात कर दी है। हर अधिकारी की अलग-अलग दिन देखरेख की ड्यूटी लगाई गई है। इसके बावजूद यहां निर्माण चल रहा है। प्राधिकरण की तैयारी है कि अभी इन इमारतों में कोई रह नहीं रहा है। ऐसे में अगर पानी पर रोक लगाई जाए तो निर्माण करना आसान नहीं होगा। साथ ही, यहां पर निर्माण करने वालों को भूमाफिया घोषित करने के लिए प्राधिकरण के सीईओ की तरफ से डीएम को पत्र लिखा जा चुका है। भूमाफिया घोषित होने के बाद इमारतों को बनवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई और सख्त होगी।

### खेरली नहर पर साढ़े तीन घंटे के जाम ने लोगों को किया परेशान

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** खेरली नहर चौराहे पर रविवार को करीब साढ़े तीन घंटे तक जाम लगा रहा। इससे स्थानीय निवासियों के साथ-साथ अन्य वाहन चालक परेशान रहे। लोगों का कहना है कि बारिश के बाद कीचड़ व गड्ढों में जलभराव से जाम लग गया। बार-बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी काम नहीं कर रहे हैं।

लोगों ने बताया कि जाम दोपहर 12 बजे से 3:30 बजे तक लगा रहा। भारी वाहनों के नहर चौराहे पर घूमने के कारण यातायात प्रभावित होता है। सूचना पर यातायात व थाना पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन कई घंटे की मशक्कत के बाद जाम खुल सका। पुलिस ने बताया कि नहर की तरफ से आने वाले वाहन जब मुड़ते है तो वहां यातायात प्रभावित हो जाता है। नोएडा से आने वाले रास्ते पर तीन लाइन लग गई। जिस कारण नोएडा की तरफ वाहनों को निकलने का रास्ता नहीं मिला। जाम रेलवे ओवर ब्रिज, खेरली, पतलाखेडाघ, गिरधरपुर और दूसरी तरफ जॉनीपुरा, बिलासपुर तक पहुंच गया। लोगों का आरोप है कि सांसद से लेकर विधायक व प्रशासन तक शिकायत कर चुके हैं। परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि पुल को तोड़कर फिर से बनाने की जरूरत है।

### यूपी रेरा ने 85% शिकायतों के निस्तारण का किया दावा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण ने खरीदारों की 85 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण करने का दावा किया है। चालू वर्ष में ही 2394 में से 1810 शिकायतों का निस्तारण किया गया लेकिन खरीदार इससे सहमत नहीं है। उनका कहना है कि रिफंड के तीन हजार से अधिक केस अभी भी लंबित हैं। बड़ी संख्या में आदेशों का पालन नहीं किया गया है। हाल ही में खरीदारों के संगठन नेफोवा ने केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की केंद्रीय सलाहकार परिषद की बैठक में भी मुद्दा उठाया था।

यूपी रेरा के अफसरों ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दावा किया कि यूपी रेरा में अब तक 58545 शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। इनमें से 50812 का निस्तारण हो चुका है जो करीब 85 प्रतिशत है। ये देश में सबसे अधिक है। देश में सभी रेरा में दर्ज शिकायतों का 39 प्रतिशत हिस्सा यूपी रेरा का है। पूरे देश में शिकायतों का निस्तारण 40 प्रतिशत है। अफसरों ने बताया कि वर्ष 2025 में अब तक 2394 शिकायतें आ चुकी हैं। इनमें से 1810 का निस्तारण हो चुका है। सबसे अधिक शिकायतें गौतमबुद्ध नगर के बाद लखनऊ, गाजियाबाद, वाराणसी और मेरठ के खरीदारों की हैं।

वहीं, खरीदार यूपी रेरा के दावों से नाखुश हैं। उनका कहना है कि शिकायतों के निस्तारण और दावे में काफी अंतर है। अभी भी काफी शिकायतकर्ता न्याय मिलने का इंतजार कर रहे हैं। बड़ी संख्या में आदेशों का पालन लंबित है। रिकवरी सर्टिफिकेट ( आरसी ) पर वसूली नहीं हो रही है। हाल ही में केंद्रीय सलाहकार परिषद की बैठक में भी यूपी रेरा से निस्तारण में खरीदारों के पक्ष में होने वाले फैसलों का ब्योरा मांगा गया। वहां नेफोवा ने कुछ सुझाव के साथ यूपी रेरा के कार्यों की निगरानी करने की मांग की है।

# कुत्ता मुक्त सोसाइटी के लिए 170 लोगों ने दिया वोट

**नोएडा।** सेक्टर 107 स्थित ग्रेट वैल्यू शरणम सोसाइटी में लावारिस कुत्तों के आतंक से बचाव के लिए निवासियों ने आवाज उठाई है। निवा. सियों ने रविवार को एक बैठक आयोजित की। इस बैठक में लावारिस कुत्तों को हटाने और सोसाइटी कुत्ता मुक्त बनाने के समर्थन में 170 लोगों ने वोट दिया है। इसके अलावा फीडिंग प्वाइंट बनाने के लिए भी बात हुई। यह सभी मांगें एओए के सामने भी रखी गई हैं।

निवासियों ने सुझाव दिया कि सोसाइटी के गेट नंबर एक के पास जो शेल्टर होम बना है इसे उपयोग में लाना चाहिए। इस शेल्टर होम में ही सोसाइटी के लावारिस कुत्तों को रखा जाए। गेट नंबर एक और दो के बाहर ही फीडिंग प्वाइंट बना दिए जाएं। अबतक फीडिंग प्वाइंट गेट नंबर एक और तीन पर बना है, लेकिन तीन नंबर पर सब्जियां खरीदने सोसाइटी के सीनियर सिटीजन भी जाते हैं। ऐसे में गेट नंबर तीन का फीडिंग प्वाइंट गेट नंबर दो पर शिफ्ट कर दिया जाए। इस निर्णय के समर्थन में 170 लोगों ने वोट दिया है और सभी ने एकजुट होकर कहा है कि सोसाइटी का बेसमेंट कुत्तों से फ्री रहना चाहिए। कुत्तों के डर से निवासियों को सोसाइटी के अंदर टहलने में डर लगता है। इस संबंध में सोसाइटी निवासियों नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से भी मिलने जाएंगे।

**पिछले सप्ताह हुई घटनाएं:** बता दें कि सोसाइटी में लावारिस कुत्तों के आतंक की वजह से कुत्ते काटने की घटना होती रहती हैं। ऐसे में पिछले सप्ताह यहां पर एक पालतू कुत्ते पर चार लावारिस कुत्तों ने बुरी तरह हमला कर दिया था।

## एक सप्ताह में मिले डेंगू के 100 मरीज

**नोएडा।** जिलें में डेंगू के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सितंबर के पहले सप्ताह में डेंगू के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। मलेरिया विभाग के अनुसार, एक सप्ताह में 100 नए मरीजों की पुष्टि हुई है। ऐसे में कुल मामलों की संख्या बढ़कर 176 हो गई है। जनवरी से अगस्त तक केवल 76 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई थी लेकिन सितंबर की शुरुआत में ही हर दिन औसतन 10 से अधिक नए मामले सामने आ रहे हैं। लगातार हो रही बारिश व जलभराव के कारण मच्छरों के पनपने की वजह से डेंगू के मामलों में वृद्धि हो रही है। कई मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों के घरों और आसपास के इलाकों में एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव कराया है। मलेरिया विभाग की ओर से भी मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# दुरयाई और शाहबेरी में बिजली उपकेंद्र बनेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति देने के लिए दादरी क्षेत्र के दुरयाई गांव में 33/11 केवीए और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के शाहबेरी गांव में नया 33/11 केवीए का बिजली उपकेंद्र बनाया जाएगा। इसके लिए मेरठ मुख्यालय स्तर से पीवीवीएनएल की एमडी ने बैठक के बाद स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही फंड भी जारी कर दिया गया है। इससे जिले के दोनों क्षेत्रों में आगामी गर्मियों में निर्बाध आपूर्ति मिल सकेगी। आागमी गर्मियों तक दोनों उपकेंद्रों को बनाकर शुरू करने का विद्युत निगम ने लक्ष्य भी रखा है। मेरठ मुख्यालय के अधिकारियों के अनुसार पश्चिमांचल में सात नए बिजली उपकेंद्र बनाए जाने हैं।

इसमें दो उपकेंद्र गौतम बुद्ध नगर में बनाए जाएंगे। इसमें दादरी के दुरयाई और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के शाहबेरी में नए बिजली उपकेंद्र बनाए जाएंगे। इससे दोनों बिजली उपकेंद्रों के निर्माण होने से उस क्षेत्र में उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग और ओवर लोड से समस्या से राहत मिलेगी। अभी दादरी के दुरयाई क्षेत्र में बिसनौली और बम्हैटा के बिजली उपकेंद्रों से सप्लाई दी जा रही है। यहां दोनों बिजली उपकेंद्र ओवर लोड़ चल रहे हैं।

इन दोनों बिजली उपकेंद्रों की क्षमता बढाना संभव नहीं है। बिसनौली और बम्हैटा बिजली उपकेंद्र के लोड को प्रस्तावित नए 33/11 केवी बिजली उपकेंद्र दुरयाई पर स्थानान्तिरत किया जाएगा। इसी प्रकार ग्रेटर नोएडा नोएडा वेस्ट क्षेत्र के अन्तर्गत ग्रेटर नोएडा का सुदामा. पुरी बिजली उपकेंद्र ओवर लोड है, जहां पर गर्मी में निर्बाध आपूर्ति की समस्या रही थी, नए प्रस्तावित 33/11 केवी बिजली उपकेंद्र के बनने से शाहबेरी पर लोड स्थानान्तिरत किया जाएगा, जिससे ट्रिपिंग और ओवर लोड से राहत मिलेगी। इन दोनों उपकेंद्र के बनने से दुरयाई और शाहबेरी क्षेत्र में उपभोक्ताओं को अगले वर्ष की गर्मियों में निर्बाध आपूर्ति दी जा सकेगी। दोनों क्षेत्र के 40 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध आपूर्ति शाहबेरी और दुरयाई क्षेत्र में बिजली उपकेंद्र बनने से दोनों क्षेत्रों के करीब 40 हजार उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति मिलेगी। अभी दोनों क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग की समस्या का समाना करना पड़ता है। बीती गर्मियों में इन दोनों क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था।

# डीएम ने बाढ़ राहत कैंप में बच्चों को भेंट की पठन-पाठन की सामग्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम ने रविवार को यमुना नदी में बढ़े जलस्तर से प्रभावित परिवारों के लिए बनाए गए राहत शिविरों का निरीक्षण कर पीड़ित परिवारों से बातचीत कर जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

नोएडा के सेक्टर-135 में बनाए गए शरणालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां उपलब्ध कराए गए खानपान, आवास, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय एवं चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया, जो संतोषजनक पाई गईं। इस दौरान शरणालय में ठहरे प्रभावित परिवारों से वार्ता की और वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी की। प्रभावित परिवारों द्वारा व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया गया। इसी अवसर पर जिलाधिकारी ने संचालित पाठशाला में अध्ययनरत बच्चों से भी संवाद किया, उनसे सवाल पूछे तथा पठन-पाठन के लिए आवश्यक सामग्री भेंट की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पाठशाला का संचालन नियमित रूप से हो और बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा न आए। साथ ही उन्होंने वहां मौजूद प्रभावित परिवारों की महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए और स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देशित किया कि शरणालय में ठहरे सभी लोगों के स्वास्थ्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता हर समय सुनिश्चित रहे।

जिलाधिकारी ने सेक्टर-135 में स्थापित अस्थायी गौशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां चारा-पानी, स्वच्छता, पशु चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण में पशुओं के लिए सभी सुविधाएं संतोषजनक एवं व्यवस्थित पायी गईं।

राहत कैंप के निरीक्षण बाद जिलाधिकारी पुस्ता रोड, सेक्टर-150 पहुंचीं। वहां पर उन्होंने पुश्ते के किनारे असुरक्षित रूप से टेंट लगाकर रह रहे हैं लोगों को प्रेरित किया कि जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षित स्थानों पर शरणालय उपलब्ध कराए गए हैं, जहां पर भोजन, पानी, चिकित्सा, आवास एवं अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि ऐसे प्रभावित परिवारों को असुरक्षित स्थानों से शरणालयों में शिफ्ट होने के लिए प्रेरित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, तहसीलदार सदर प्रतीक चौहान, जिला अभिहित अधिकारी सर्वेश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# महागुण मॉडर्न में चुनाव के लिए निवासियों ने बनाई कमेटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 78 स्थित महागुण मॉर्डन सोसाइटी निवासी अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन (एओए) के खिलाफ हर रविवार को प्रदर्शन करती आ रही है। सोसाइटी में एओए चुनाव न कराए जाने और सोसाइटी की अव्यवस्था के मुद्दे उठाए जाते हैं। सोसाइटी निवासियों ने एक स्पेशल मीटिंग का आयोजन कर एओए के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास कर एक कमेटी का गठन किया। यह कमेटी सोसाइटी में चुनाव कराने की प्रक्रिया कराएगी।

निवासियों ने कहा कि सोसाइटी में लंबे समय से चुनाव नहीं हुए हैं। सोसाइटी निवासियों की ओर से मिलने वाला कॉमन एरिया मेंटनेंस कहां पर खर्च किया जाता है, यह निवासियों से साझा नहीं किया जाता। इसके बाद फिर एओए कॉमन एरिया मेंटनेंस बढ़ाने का प्रयास कर रही है लेकिन निवासियों के विरोध और हंगामे के बाद वह प्रस्ताव वापस लेना पड़ा था। निवासी चाहते हैं कि एओए एक जीबीएम बुलाए, लेकिन यहां पर एओए जीबीएम नहीं करवाती और यही वजह है कि सोसाइटी में खर्च किए पैसों का हिसाब नहीं मिल पाता है। सोसाइटी में हाई टीडीएस पानी की आपूर्ति हो रही है। बारिश के पानी से बेसमेंट की पार्किंग में पानी जमा हो रहा है। निवासियों से पूछे बिना सात करोड़ रुपये रिपेयर पर खर्च कर दिया फिर भी बालकनी के प्लास्टर गिर रहे हैं। निवासियों का कहना है कि नो कॉन्फिडेंस मोशन लाकर एओए को हटाने और निवासियों की सहमति से चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है।

# 1.37 करोड़ की ठगी मामले में कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जमीन के सौदे में फर्जी चेकों के जरिए करोड़ों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। दनकौर क्षेत्र की एक विधवा महिला और उसके बेटों को आरोपी ने लाखों रुपये का झांसा देकर ठगा और प्लॉट का बैनामा अपने नाम करा लिया। जब महिला ने चेक बैंक में जमा किए तो पता चला कि यह चेक किसी भी बैंक द्वारा जारी ही नहीं किए गए थे। मामले में केस दर्ज कराने के लिए महिला को कोर्ट की शरण लेनी पड़ी।

शांति देवी का कहना है कि यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण द्वारा 710 वर्ग मीटर का प्लॉट आवंटित किया गया था। पति की मृत्यु के बाद शांति देवी और उनके पुत्र मनोज और विनोद इस प्लॉट के मालिक और काबिज थे। गांव के ही सिंहराज ने इस प्लॉट की खरीद-फरोख्त का सौदा 1 करोड़ 37 लाख 95 हजार रुपये में तय किया।

इसके तहत आरोपी ने अलग-अलग तारीखों में नकद, चेक और आरटीजीएस के जरिए भुगतान करने का दावा किया। आरोपी ने शुरूआत में कुछ रकम दी, लेकिन बाद में चेक दिए गए। शांति देवी ने 25 मई 2018 को उपनिबंधक सदर थाना बीटा-2, ग्रेटर नोएडा में रजिस्ट्री करा दी। लेकिन असली धोखाधड़ी तब सामने आई जब महिला ने चेक बैंक में जमा किए। बीटा-2 कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

# डीएम ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)2025 जिलाधिकारी मेधा रूपम के कुशल निर्देशन में जनपद गौतमबुद्धनगर के 40 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आज शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुचिता के साथ सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आई-1 ब्लॉक, सेक्टर-39, नोएडा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने परीक्षा केंद्र परिसर, अभ्यर्थियों हेतु उपलब्ध कराई गई मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, शौचालय आदि का अवलोकन किया। साथ ही, परीक्षा कक्षों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा व्यवस्था तथा प्रवेश निकास द्वार की चाक-चौबंद व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया, जोकि दुरूस्त मिली। परीक्षा केंद्र का स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कॉलेज पार्किंग के टूटे टीन सेड मरम्मत हेतु संबंधित को निर्देशित किया। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 2025 के द्वितीय दिवस प्रथम पाली में कुल 17592 अभ्यर्थियों में से 12890 उपस्थित रहे एवं 4702 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार दूसरी पाली में कुल 17592 अभ्यर्थियों में से 13008 उपस्थित रहे एवं 4584 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे।

# ट्रक की टक्कर से टेंपो के परिचालक की मौत, चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बादलपुर कोतवाली क्षेत्र में एक ट्रक ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो के परिचालक की मौत हो गई, जबकि चालक का एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

दिल्ली बेगमपुर के रहने वाले सुभाष ने पुलिस को बताया कि उसका भाई सन्नी परिचालक मनोज के साथ गाड़ी में कुछ सामान लेकर हाथरस गया था। हाथरस से दोनों वापस दिल्ली लौट रहे थे। बादलपुर कोतवाली क्षेत्र में धूम मानिकपुर गांव के समीप शुक्रवार की शाम इनके टेंपो में एक बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दी।

हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों को नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों ने टेंपो के परिचालक मनोज को मृत घोषित कर दिया, जबकि चालक सन्नी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में घायल के भाई सुभाष ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपी चालक को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** देर रात्रि एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लिया और उसकी जेब से मिले मोबाईल फोने की मदद से शिनाख्त करते हुए परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



शहर के चौधरी चरण सिंह बारातघर के निकट टंकी रोड निवासी 19 वर्षीय सन्नी कुमार कश्यप पुत्र दिनेश कुमार ट्रक पर गांव भभीसा निवासी नितिन के पास क्लीनर के रूप में कार्य करता था। बताया जाता है कि शनिवार सवेरे सन्नी कुमार नितिन से रूपये लेने के लिए कहकर गया था, लेकिन देर शाम तक वह वापस नही लौटा। देर रात्रि रेलवे की जीआरपी पुलिस को सूचना मिली के शहर के धीमानपुरा फाटक के निकट शमशान घाट के पास युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर जाकर मृतक युवक की तलाशी ली तो उसके पास से मोबाईल फोन बरामद हुआ, जिसे मिले नंबरों के आधार पर पुलिस ने युवक के शव की शिनाख्त सन्नी कुमार के रूप में की। बडे भाई दीपक कश्यप ने बताया कि सन्नी रात्रि में घर के बाहर जरूर आया, लेकिन घर के अंदर नही पहुंचा। रात्रि करीब 12:30 बजे पुलिस ने फोन कर उसके ट्रेन से कटकर मरने की सूचना दी। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। रेलवे पुलिस ने युवक के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। रविवार देर शाम युवक का शव उसके घर पर पहुंचा। युवक की मौत से परि. जनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

## और जब तड़पता रहा घायल



**चौसाना।** चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव जिजौला में बुलेट सवार युवक रवि पुत्र चरण सिंह उम्र करीब 35 निवासी खोडसमा, अपने घर लौट रहा था। मदरसे के निकट ब्रेकर होने के कारण बुलेट सवार ने ब्रेक लगा दिए। जिस पर बुलेट एक अन्य बाइक से टकरा गई और बुलेट सवार युवक रवि सडक पर गिरकर गम्भीर घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को देखकर पुलिस कन्ट्रोल रूम को मामले की जानकारी दी। लेकिन आरोप है कि आधे घंटे तक पुलिस मौके पर नही पहुँची। जिस पर लोग गुस्से मे आ गए। सूचना पाते ही चौसाना पुलिस दौडी और हादसे की जानकारी ली। इसी बीच ग्रामीणों ने पीड़ित घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराने की गुजारिश की लेकिन पुलिस ने ग्रामीणों की अनदेखी की।आरोप है कि पुलिस की मानवहीनता एवं संवेदनहीनता को देखकर गुस्सा आ गया । ग्रामीणों ने विरोध किया तो पुलिस घायल को कार में लिटाकर अस्पताल ले गई। जहां युवक की हालत गंभीर बताई गई है।

**पुलिस की लापरवाही से बार बार बिगड़ा माहौल**

**चौसाना।** चौसाना में पिछले एक महीने में तीन सड़क हादसों में पुलिस की लापरवाही और संवेदनहीनता सामने आई है।जिसने चौसाना का माहौल बिगाड़ दिया। घटनाओं को देखकर लगता है चौसाना चौकी पर तैनात अधिकारियों को वरिष्ठों का डर और कार्यशैली का डर ही नहीं है।

..........................

हादसे के दौरान पुलिस को मानवता दिखानी चाहिए।पुलिस की कार्यशैली उचित नहीं है। घायलों का उपचार सर्व प्रथम हो। उच्चाधिकारियों को चौसाना पुलिस की कार्यशैली से अवगत कराया जाएगा।

**जितेंद्र शर्मा , प्रभारी निरीक्षक झिंझाना।**

# कड़ी सुरक्षा में संपन्न हुई पीईटी परीक्षा







शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** रविवार को को जिलेभर में आयोजित दो दिवसीय पीईटी 2025 परीक्षा कडी सुरक्षा व्यावस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। दोनों पालियों में अभ्यार्थियों को कडी जांच, थर्मैल स्कैनिंग के बाद ही परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश दिया गया। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों के बाहर भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा। डीएम एसपी के आलावा सैक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट भी भ्रमण शील रहे।

अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की दो दिवसीय प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा शनिवार को जिसे में बनाए गए 21 परीक्षा केन्द्रों पर रविवार को दूसरे दिन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। सवेरे प्रथम पाली में परीक्षा शुरू होने के दो घंटे पहले ही 8 बजे से केंद्रों पर अभ्यार्थियों को प्रवेश देने शुरू कर दिया गया था। परीक्षा केन्द्रों पर तैनात पुलिस फोर्स की चौकिंग के बाद अभ्यार्थियों को थर्मल स्कैनिंग और कडी तलाशी के बाद प्रवेश दिया गया। परीक्षा के लिए हर केंद्र पर स्टेटिक व सेक्टर मजिस्टेंट की तैनाती की गई थी और हर केंद्र पर 50 फीसदी शिक्षक बाहरी तैनात किए गए थे। प्रथम पाली में पंजीकृत 9480 अभ्यार्थियों में से 7152 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 2328 अभ्यार्थी परीक्षा से अनुपस्थि रहे। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक संपन्न हुई। वही दूसरी पाली की दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक संपन्न हुई। जिसमें 9480 में से 7434 अभ्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 2046 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में कुल 18960 अभ्यार्थियों में से 14586 अभ्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। वही प्रथम पाली में 2328 और द्वितीय पाली में 2046 अभ्यार्थियों ने छोडी परीक्षा, कुल 4374 ने परीक्षा छोडी है। परीक्षा केंद्र पर किसी भी तरह का कैलकुलेटर,मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, आईपैड, पेन डांइव, हार्ड डिस्क, डाटा कार्ड, कलाई घड़ी, कोई विद्युत सामग्री वर्जित रखी गई। देर शाम तक परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न होने तक डीएम अरविन्द कुमार चौहान व एसपी एनपी सिंह भी भ्रमणशील रहे। जिले में पीईटी की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न होने से जिला पुलिस प्रशासन से राहत की सांस ली।

## मोहल्ला समिति, स्वच्छ वार्ड प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाया



शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** शासन द्वारा निर्गत आदेशानुसार तथा अधिशासी अधिक. ारी जितेंद्र राणा और अध्यक्ष मुशयदा के निर्देशानुसार स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सहयोग से हर घर स्वच्छता प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान कार्यक्रम का निरंतर आयोजन कराया जा रहा है।इसी क्रम में आज दिनांक 7.9.2025 को वार्ड संख्या 09, 06, 11, 05 सहित अन्य वार्डों में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष, सदस्यों एवं वार्डवासियों को डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के दौरान घरों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखने, सोर्स सेग्रीगेशन, गीले कचरे से होम कम्पोस्टिंग के माध्यम से खाद बनाने आदि विषयों पर जागरूक किया गया। इसके उपरांत वार्डवासियों, महिलाओं और बच्चों ने स्वयं अपने घरों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग कर कचरा वाहन में दिया। साथ ही नगर एवं देश को स्वच्छ रखने की शपथ भी ली।कूड़ा प्रबंधन प्रशिक्षण में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, डोर-टू-डोर सफाई मित्र और वार्डवासी लगातार सहभागिता कर रहे हैं।आइए, हम सब मिलकर अपने शहर एवं देश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में योगदान दें।

# चयनित 1510 अनुदेशकों को मिले नियुक्ति पत्र

**लखनऊ से आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शामली में**



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग में चयनित 1510 अनुदेशकों को शनिवार को प्रदेशभर में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र वितरण किया, जिसका सीधा प्रसारण शामली के विकास भवन सभागार में भी किया गया।

जनपद में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एमएलसी वीरेंद्र सिंह और डीएम अरविन्द कुमार चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने जनपद के 12 नवचयनित अनुदेशकों को बधाई देते हुए कहा कि पारदर्शिता के साथ हुआ आपका चयन बहुत गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सीखने और सिखाने की मंशा से यदि आप अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे तो बच्चों का भविष्य भी संवरता है और देश के विकास में आपकी सबसे बड़ी भूमिका होगी। वहीं, एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि योग्यता के आधार पर बिना किसी भेदभाव के चयन हुआ है। जब कोई बच्चा सफल होता है तो माता-पिता को गर्व होता है, ठीक उसी तरह आज चयनित अनुदेशकों की सफलता पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है। नोडल प्रधानाचार्य ऋषिपाल सिंह ने जानकारी दी कि शामली से कुल 12 अनुदेशकों का चयन हुआ है। इनमें कैराना आईटीआई में 2, थानाभवन आईटीआई प्रथम में 9 और आईटीआई लिसाढ़ में 1 अनुदेशक को नियुक्ति मिली है। संचालन थानाभवन आईटीआई के अनुदेशक रणवीर राणा ने किया। कैराना आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य ऋषिपाल सिंह, आईटीआई लिसाढ़ के प्रधानाचार्य शिवचरण मौजूद रहे।

## एक नजर

### साइबर ठगी की धनराशि वापस कराई

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** अंकित कुमार पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम ढिंढाली थाना झिंझाना जनपद शामली द्वारा अपने बैंक खाते से 5,500/-रुपए डेबिट हो जाने के सम्बन्ध में दिनांक 18.8.2025 को साइबर क्राइम पोर्टल पर आनलाईन शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देशन में साइबर सेवा केन्द्र थाना झिंझाना द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित बैंक को पत्राचार कर आवेदक अंकित उपरोक्त के बैंक खाते में शत-प्रतिशत धनराशि 5,500/- रूपए वापस कराई गई है।

### पांच एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना आदर्शमण्डी थानाभवन कांधला पुलिस द्वारा वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 5 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थानो पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण विपिन पुत्र रामबल निवासी ग्राम सिलावर थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली, विजय कुमार पुत्र गोविन्द निवासी ग्राम भिक्की देह थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली, सतीश उर्फ काला पुत्र जीतन निवासी ग्राम दखोड़ी जमालपुर थाना थानाभवन जनपद शामली, कविश पंवार पुत्र राजसिंह निवासी मौहल्ला शास्त्री नगर कस्बा एलम थाना कांधला जनपद शामली, अजय उर्फ टीटू पुत्र प्रताप निवासी मौहल्ला गुजरान थाना कांधला जनपद शामली है।

### दो एनबीडब्ल्यू वारंटी पकड़े गए

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा वारंटीध्एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण कंवरपाल पुत्र ईश्वर सिंह निवासी ग्राम जमालपुर थाना झिंझाना जनपद शामली, सुरेन्द्र सिंह पुत्र भोपाल निवासी ग्राम हरसाना थाना झिंझाना जनपद शामली हैं।

### दबाव बनाने को पीड़ितों पर ही दर्ज कर दिया मारपीट का मुकदमा, घर में घुसे थे नशेड़ी

शाह टाइम्स संवाददाता

**चौसाना।** पठानपुरा में नशे की हालात में घूसे तीन युवको को महिलाओं ने पकडकर जमकर धूना और पुलिस को सौंप दिया। जबकि एक आरोपी मौके से भाग गया। दोनो पक्षो ने पुलिस को शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है। चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव पठानपुरा में तीन युवक नशे के हालात मे एक परिवार के घर मे घूस गए। महिलाओं ने शोर मचाते हुए युवको को पकड लिया। जबकि एक युवक मौके से छुटकर भाग निकला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुॅची और युवको को कब्जे मे किया। बताया गया है कि ग्रामीणों की मांग पर दोनो पक्षो के मध्य फैसला हो गया था। लेकिन सुबह होने पर छुटभैया नेताओं ने मामले को तूल देकर विवाद पैदा हो गया। पुलिस ने दबाव के चलते पीडितो पर ही मुकदमा कर दिया। स्मेकियों के पक्ष मे पुलिस की कार्यवाही क्षेत्र मे चर्चा का विषय बनी हुई है। पीडित पक्ष ने मुख्यमंत्री को मामले की शिकायत की है।

### गो तस्करों व पुलिस की मुठभेड़ में एक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता



**शामली।** थाना गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के चौकी गढ़ी अब्दुल्ला खां में शनिवार देर शाम गौ-तस्करों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान आत्मरक्षार्थ की गई पुलिस फायरिंग में हिस्ट्रीशीटर गौ-तस्कर इरफान उर्फ हीरो पुत्र अशफाक निवासी ग्राम बुन्टा घायल हो गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर सीएचसी ऊन में उपचार के लिए भर्ती कराया। पुलिस अधीक्षक एनप। सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे गौकशी विरोधी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि कुछ गौ-तस्कर एक गौवंश का वध करने के लिए आम के बाग में पहुंचे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में इरफान घायल होकर दबोच लिया गया, जबकि उसका साथी हिस्ट्रीशीटर हसरत पुत्र शौकत फरार हो गया। गिरफ्तार इरफान के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक खोखा, एक जिंदा कारतूस, पशु कटान के उपकरण दो छुरी, एक कुल्हाड़ी, दो रस्सी और एक जीवित गौवंश बरामद किया गया है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हुई हैं।

### दो पक्षों में खूनी संघर्ष, चार गंभीर घायल

**हल्दौर।** दो पक्षों में मामूली कहासुनी के बाद लाठी-डंडे चलने से चार घायल हो गये। प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम शाहनगर में मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से जमकर संघर्ष हो गया। इस झगड़े में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल मिथलेश, सुमित कुमार, मंशा देवी व ललिता देवी को परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित पक्ष चंद्रपाल सिंह ने आरोप लगाया कि विपक्षियों ने घर पर पथराव कर दरवाजे आदि तोड़ दिए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दी है।

# रात में बुलडोजर से गरीबों के आवास ध्वस्त



शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** कस्बे के अलीनगर रोड पर डूडा विभाग द्वारा बनाए गए गरीबों के सरकारी बोम्बे आवास पर रात्रि में नगर पंचायत का बुलडोजर चला कर चार मकानों को ध्वस्त कर दिया गया। जिसकी जानकारी आवास के मालिकों को सुबह लगी। नगर पंचायत की ओर से की गई कार्यवाही को लेकर लोगों में भारी रोष है।

वर्ष 2007 में बने बोम्बे आवास के चार मकानों को जेसीबी मशीन के द्वारा ध्वस्त कर दिया है। बताया जा रहा है कि बोम्बे आवास के पीछे कश्यप धर्मशाला का निर्माण चल रहा है। जिसमें दो रास्तों के बीच में बोम्बे आवास बने हैं। धर्मशाला का लाभ लेने के लिए आवास तोडे गए हैं, जिसमें पशुओं के लिए चारा भरा हुआ था।वहीं आवास के मालिकों का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा रात्रि में जेसीबी मशीन से आवास तोडे गए, जिनकी कोई जानकारी या नोटिस किसी को नहीं दिए। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल कश्यप ने बताया मामले की जानकारी नहीं है। अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप ने बताया जानकारी नहीं है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# यमुना में कूदे बीएएमएस के छात्र का नहीं लगा सुराग

गत 24 घंटे पूर्व पुराने यमुना ब्रिज पुल से यमुना नदी में कूद गया था छात्र,पीएसी के साथ प्राईवेट गोताखोरों की टीम तलाश में जुटी, एसडीएम कैराना ने यमुना पर पहुंचकर डूबे छात्र के परिजनों से बात कर ली जानकारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** 24 घंटे पूर्व हरियाणा के समालखा निवासी छात्र ने कैराना पहुंचकर यमुना ब्रिज के पुराने क्षतिग्रस्त पुल से यमुना नदी में छलांग लगा दी थी। आत्महत्या के इरादे से छात्र के यमुना में छलांग लगाए जाने की आशंका जताई गई थी।घटना के बाद से ही पीएसी फ्लड व प्राइवेट गोताखोरों की टीम यमुना नदी में सर्च ऑपरेशन चलाए हुए है,लेकिन अभी तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है और वह जिगर के टुकड़े की प्रतीक्षा में यमुना नदी पर ही टकटकी लगाए बैठे हैं। गत शनिवार की शाम करीब पांच बजे हरियाणा के जनपद पानीपत के समालखा की पंचवटी कॉलोनी का बीएमएस छात्र हिमांशुद्ध20ऋ पुत्र जयभगवान बॉर्डर पर स्थित यमुना ब्रिज पर पहुंचा। जहां पर उसने पुराने ब्रिज से यमुना में छलांग लगा दी। युवक के यमुना में कूदने की सूचना यमुना ब्रिज पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों को दी गई, जिस पर चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। इसके बाद पहले से ही ब्रिज पर मौजूद प्राइवेट गोताखोर व पीएसी फ्लड ग्रुप के सदस्यों को भी मौके पर बुलाया गया। पीएसी व प्राइवेट गोताखोरों ने मोटरबोट से छात्र की तलाश में यमुना नदी में सर्च अभियान चलाया, लेकिन उसका कोई सुराग नही लग पाया। मामले की सूचना पर छात्र के परिजन भी यमुना नदी पर पहुंच गए थे। उनका रो-रोकर बुरा हाल था। प्रथम .ष्टया युवक के आत्महत्या के इरादे से यमुना में कूदने की आशंका जताई जा रही है। छात्र युवक दो भाई बताए गए हैं।बडा भाई तुषार कजाकिस्तान विदेश में एमबीबीएस की पढ़ाई करने लिए गया हुआ है। छात्र के पिता सोनीपत



के गांव बेगगा में सरकारी टीचर बताए गए हैं।रविवार की प्रात: एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज भी यमुना ब्रिज पर पहुंची और घटना के बारे में जानकारी जुटाई। साथ ही पीएसी फ्लड ग्रुप को आवश्यक दिशा- निर्देश भी दिए। उन्होंने पीड़ित परिजनों से वार्ता करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

**यमुना में कूदने का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा प्रसारित**

शनिवार को युवक के यमुना में कूदने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें युवक करीब एक-डेढ़ मिनट तक पुल पर लटका नजर आ रहा है। पुल पर खड़े बच्चे नीचे लटक रहे युवक को ऊपर खींचने का प्रयास कर रहे है, लेकिन वह सफल नही हो पाते। वीडियो में कुछ लोगो के चिल्लाने की आवाज स्पष्ट सुनाई दे रही है, जो युवक को बचाने की बात कह रहे है। कुछ लोग दौड़कर युवक के करीब पहुंच भी जाते है, लेकिन तब तक वह नदी में जा गिरता है। इसके बाद, युवक यमुना की तेज धारा में बह जाता है। बताया जा रहा है कि युवक ने नदी में कूदने से पहले परिवार के लोगो को व्हाट्सएप पर अपनी लोकेशन भी भेजी थी। उसने अपने साथ लिए टेबलेट से पुल पर खड़े बच्चों को यमुना में कूदने की वीडियो बनाने के लिए भी कहा था।







# थाना भवन में गोगा व धर्म सिंह माढ़ी पूजन के बाद गुलाल मेले की धूम

शाह टाइम्स संवाददाता

**थानाभवन।** अस्पताल कॉलोनी स्थित धर्म सिंह देवता की माढ़ी पर सोमवार को श्रद्धालुओं ने छड़ी और प्रसाद अर्पित किया। इससे एक दिन पहले गोगा माढ़ी पर भी पूजन, छड़ी और प्रसाद चढ़ाया गया था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गोगा माढ़ी और धर्म सिंह देवता की माढ़ी पर प्रसाद चढ़ाने के बाद ही थाना भवन का प्रसिद्ध गुलाल मेला प्रारम्भ हो जाता है लेकिन इसका नगर पंचायत द्वारा विवधिवत उद्घाटन नहीं हुआ है।अस्पताल कॉलोनी में लगे एक दिवसीय मेले में सुबह से ही श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। गोगा जी महाराज और धर्म सिंह देवता के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। मेले में बच्चों और महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। झूले, खिलौने, मिठाइयों और खानपान की दुकानों ने मेले की रौनक बढ़ा दी।स्थानीय निवा. सियों ने बताया कि यह मेला केवल धार्मिक परंपराओं से ही नहीं, बल्कि सामाजिक मेल-जोल और भाईचारे का प्रतीक भी है। इस अवसर पर क्षेत्रभर से आए लोग एक साथ शामिल होकर सामूहिक आस्था और एकता का संदेश देते हैं।

**जाहरवीर गोगा म्हाड़ी मेले का उद्घाटन**

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** शनिवार देर रात्रि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने मेला प्रधान सतपाल कश्यप, मास्टर नरेश सैनी, युवा भाजपा जिलाध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा को साथ लेकर सामूहिक रूप से जहावीर गोगा म्हाडी मेले का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने कहा प्राचीन जहावीर गोगा म्हाडी का मेला एक आस्था का केंद्र है। इसमें हिंदू मुस्लिम सभी का सहयोग रहता है। जिस पर श्रद्धालु अपने घर की सुख शांति के लिए नीला झंडा चढ़कर मनोकामना करते हैं। गोगा जाहरवीर म्हड़ी पर सुबह से लेकर देर शाम तक कस्बे वासी, आसपास के क्षेत्र के गांव के साथ-साथ विभिन्न जिले सहित अन्य राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, आदि से श्रद्धालु जहावीर गोगा म्हाडी पर नीला झंडा चढ़ाते हैं और अपने घर की सुख शांति समृद्धि के लिए मनोकामना करते हैं। मेले में आए श्रद्धालुओं ने आवश्यक वस्तु खरीदने साथ साथ हिंडोला, ब्रेक डांस, किसती, झूला, मेट्रो ट्रेन का लुप्त उठाया। इस दौरान अनिकेत कश्यप, योगी बाबा कमलनाथ, अंकुज चौधरी, रोकी चौधरी, नीरज कश्यप, भोपाल सिंह, सुरेश कश्यप, नवाब मास्टर, महिपाल, कश्यप, रमेश पंवार राझड, कर्मवीर सभासद, अनिल खटीक, बबल कुरैशी, अनुक. ूल गिरी, राजीव तोमर आदि मौजूद रहे।

## दोआब शुगर मिल में अभ्यास वर्ग संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** राष्ट्रीय डिस्टलरी श्रमिक संघ शामली का एक दिवसीय अभ्यास वर्ग रविवार को अपर दोआब शुगर मिल परिसर स्थित संघ कार्यालय में आयोजित हुआ। यह अभ्यास वर्ग सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश डिस्टलरी मजदूर संघ के उद्योग प्रभारी सुनील दत्त शर्मा ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए श्रम कानून, संगठनात्मक विषयों और सामाजिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों की जानक. ारी दी। इसके अलावा भारतीय मजदूर संघ सहारनपुर विभाग के सह विभाग प्रमुख प्रदीप कुमार, भारतीय मजदूर संघ शामली के जिलामंत्री रमेशचंद शर्मा, चीनी मिल कर्मचारी संघ शामली के अध्यक्ष विमल शर्मा और मंत्री विनोद ने भी श्रमिकों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय डिस्टलरी श्रमिक संघ के अध्यक्ष सुमन्त तिवारी ने की। मौके पर राजपाल शर्मा, प्रदीप गौत्रा, तुर्सनपाल, ओमवीर, आदेश शर्मा, कर्मवीर सिंह, प्रमोद पाल, जसवीर, रविपाल, विनोद कुमार, विजय कुमार और अमरीश गुप्ता मौजूद रहे।

# 17 दिन बाद शव आया तो बरस पड़ी आंखें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** जिंदगी में कुछ करने की तमन्ना लिए, एक शख्स लम्हों में खो गया। 17 दिन बाद आए शव को देख पथरा गई आंखे फिर एक बार बरस पड़ी। सागर भटनागर की पार्थिव देह को रविवार को अग्नि के सपुर्द कर दिया गया। सागर भटनागर मणिमहेश भगवान की यात्रा के दौरान आई आपदा का शिकार हो गया था। रविवार को श्री शिवलोकपुरी श्मशान घाट में उनको मुखाग्नि दी गई

दुख की घड़ी में सभी लोगों की आंखें नम नजर आई। जिस समय मुखाग्नि उसके चेचेरे भाई आदित्य ने दी, तो माहौल फिर से गमगीन हो गया। दो सप्ताह की प्रतीक्षा के बाद सागर भटनागर का शव रविवार को उसके कालेज मार्ग स्थित आवास पर पहुंचा तो वहां सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ देर बाद ही भारी भीड़ के साथ उसे श्री शिवलोकपुरी आश्रम ले जाया गया। सागर के चचेरे भाई आदित्य भटनागर ने जब मुखाग्नि दी तो माहौल में चीत्कार गूं. जने लगी तथा परिजनों के साथ वहां हर व्यक्ति के आंसू बह निकले। शव यात्रा में पूर्व चेयरमेन काजी नोमान मसूद, पूर्व सांसद प्रदीप के पुत्र अंशुमान चौधरी, जितेंद्र जागलान, बालाजी धाम के महंत सुशील शर्मा, ईश्वर दयाल गोयल, सुरेश पाल राणा, चौ. नक्षत्र सिंह, सभासद नीरज गोयल, रामलीला महोत्सव मंडल के संयोजक रघुनन्दन गोयल, जिला पंचायत सदस्य सुशील कुमार, लक्ष्मी नारायण मंडल, राम जन्मोत्सव समिति, सुदर्शन क्लब माता वैष्णों देवी धाम, जयहिंद समाजिक संस्था के अलावा धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक दलों के लोग शामिल रहे। सभी ने सागर को श्रद्धांजलि दी। बताते चले कि दस सदस्यीय दल 20 अगस्त को हिमाचल प्रदेश के चंबा जिला स्थित मणी महेश गया था।



बताया गया कि परिक्रमा के दौरा आई आपदा का शिकार गंगोह का सागर भटनागर हो गया था जिसमें उसकी मौत हो गई थी। भारी बारिश के कारण उस क्षेत्र में मरे लोगों के शव नीचे नहीं लाए जा सके थे। उधर प्रतीक्षा करते हुए परिजनों की आंखे पथरा गई थी लेकिन कोई रास्ता नहीं निकल रहा था।

शनिवार को शव रास्ते में पडने वाले भरमोर थाना क्षेत्र में चिनूक हेलिकाप्टर द्वारा लाया गया। यहां से उसे चंबा ले आया गया था। शनिवार तीसरे पहर सडक मार्ग से सागर के शव को गंगोह लाया गया।

## धोखाधड़ी के दो आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सदर बाजार कोतवाली पुलिस व एसटीएफ आगरा ने संयुक्त रूप से धोखाधड़ी करने के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

वादिया श्रीमती बबीता पत्नी दिनेश कुमार निवासी आरआई कम्पाउंड थाना सदर बाजार ने कोतवाली में आरोपियों द्वारा उसके साथ धोखाधड़ी व छल करके उससे 6636750 रूपए हड़पने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। रविवार को कोतवाली सदर बाजार प्रभारी कपिल देव, उपनिरीक्षक रामकुमार गौतम, उपनिरीक्षक देवीचरण, उपनिरीक्षक एसटीएफ लालसिंह आगरा के नेतृत्व में पुलिस व एसटीएफ आगरा की टीम ने मुकदमा उपरोक्त में वांछित दो आरोपियों शक्ति सिंह व मंजीत गौर को ग्राम छिदबना मोड़ से गिरफ्तार कर लिया।

# सेंध लगाकर लाखों की नकदी व जेवर चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** गांव कपुरी में बीती रात चोरों ने रुकमदीन पुत्र शब्बीर के घर में सेंध लगाकर एक लाख 72 हजार रुपये नकद और लगभग चार लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी है।

नकुड कोतवाली अंतर्गत गांव कपुरी में शनिवार की रात चोरों ने रुकमदीन के घर में घुसकर अंदर रखीं अलमारी से नगदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। पीड़ित रुकमदीन ने बताया कि अलमारी से चोरों ने एक लाख 72 हजार रुपए की नगदी और सोने की एक जोड़ी कुंडल, एक जोड़ी झुमकी, तीन जोड़ी बालियां, चांदी की एक चोटी, एक जोड़ी पायजेब, एक जोड़ी दस्तबंद और अन्य सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। घटना के समय पीड़ित रुकमदीन नेअपने परिवार के साथ घर पर सो रहा था। सुबह उठने पर अलमारी में सामान बिखरा देखा और चोरी का पता चला। उन्होंने बताया कि यह सामान उनकी बेटियों की शादी के लिए रखा गया था, जो दो महीने में होने वाली है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद नकुड़ थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी, चौकी प्रभारी विकास चारण और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके।थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी ने बताया कि गांव कपुरी में चोरी की घटना की जानकारी मिली है घटनास्थल का निरीक्षण किया है। चोरी का मामला संदिग्ध लग रहा है। पीड़ित द्वारा बताया गया है कि चोरी करते समय अलमारी का ताला नहीं तोड़ गया। चाबी उनके पास है। और करीब चार सदस्य जिस कमरे में चोरी हुई है उसमें सो गए थे। घटना संदिग्ध लग रही है। घटना के संबंध में तहरीर प्राप्त हो गई है उसे पर कार्रवाई की जा रही है। चोरी की घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

# कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** विधान सभा बेहट क्षेत्र के गांव दयालपुर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा से पूर्व हवन यज्ञ कर गांव में बैंड बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसका ग्रामीणों द्वारा फूल बरसाकर स्वागत किया गया।

रविवार से गांव दयालपुर के श्री शिव मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा से पूर्व विधिवत पूजा अर्चना के बाद गांव में महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसका ग्रामीणों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। कथा के प्रथम दिन कथावाचक प. संजय प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि जीवन में मनुष्य कितना भी यज्ञ, पूजन एवं दान करें, परंतु पितृ कृपा के बिना उसका संपूर्ण फल नही मिलता है। जब पितृ कृपा प्राप्त हो जाती है तो जीवन में धन, पुत्र, ऐश्वर्य, यश कीर्ति सुलभ हो जाती है ,श्रीमद्भागवत सुनने से मनुष्य देव ऋण ,ऋषि ऋण, पितृ ऋण,तीनो ऋण से मुक्त हो जाता है।

इस मौके पर प. पदम शर्मा, शुभम सैनी, गोरव सैनी, राजु सैनी, अभिषेक सैनी, शुभम शर्मा, प्रधान अनिल सैनी, करम सैनी पूर्व प्रधान, अनिकेत चौधरी हलवाना, डा संदीप सैनी, प्रिंस सैनी, दीपक सैनी, मा. अश्वनी सैनी, ममतेश सैनी, राजबा. ला, पुष्पा सैनी, पुनम सैनी, सरिता सैनी आदि मौजूद रहे।

## हत्या में पत्नी सहित दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना गागलहेड़ी पुलिस ने हत्या के मामले में मृतक की पत्नी समेत दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। मृतक की पत्नी ने ही पति की हत्या में साजिश में शामिल रही।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को वादी ओमपाल पुत्र कबाड़ी निवासी ग्राम कपूरी गोविंदपुर थाना देवबंद ने कोतवाली लिखित तहरीर देकर बताया था कि 4 सितम्बर को आरो. पियों बेबी पुत्र सेन्धू, शुभम पुत्र अरविंद, मोधू पुत्र बीरबल व सोनिया पत्नी मोधू ने मिलकर एक षडयंत्र के तहत उसके भडाई सोनू उर्फ सोनी की हत्या कर दी है। पुलिस ने आरो. पियों के खिलाफ धारा-103(1)/61 बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# हरोडा के ग्रामीणों ने पंजाब की मदद को बढ़ाए हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** पंजाब की बाढ़ से हालत खराब होने की जानकारी मिलते ही, हरोडा के ग्रामीणों ने पंजाब के लोगो की मदद के लिए हाथ बढ़ाया।

जावेद राणा की अपील पर ग्रामीणों ने दिल खोलकर सहायता सामग्री इकट्ठा की व छोटी छोटी राशन किट बनाकर पंजाब के लोगो की मदद के लिए चल दिये। हरोडा गांव से निकली राहत सामग्री की गाड़ी पंजाब की बाढ़ त्रासदी झेल रहे परिवारों के लिए उम्मीद की नई किरण बन गई। ग्रामीणों ने राशन किट में खाने-पीने के समान से लेकर जरूरी सामान तक शामिल है। वरिष्ठ सपा नेता राव बाबर ने सहयोग कर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में हम सब पंजाब के लोगो के साथ है। वही कड़ी मेहनत में लगे पंजाब के शाही इमाम की मेहनत को भी सलाम किया। वही साथ रहे कांग्रेस पार्टी के पूर्व चेयरमैन मोहम्मद गुलाब का भी धन्यवाद किया। सहयोग में राव सुहेल, राव पप्पू, राव दाऊद, राव ताहिर, अबरार राव, साहब राव, फरहम राव, अरहान राव, नदीम राव, तहमुर राव, जावेद राणां, राव आफताब, तबरेज राव, राव अमान, साबिर, मनोज धीमान, मोहित धीमान, शहजाद प्रधान, राव मोइन, मुन्नू राव, सदाकत राव, खालिद, आजम, अनस, जीशान, कमरी, राहत, राशिद राव, कैफ, वककार राव समेत ग्रामवासियों ने हिस्सा लिया।



# दशलक्षण पर्व पर जैन समाज ने की उत्तम क्षमा धर्म की पूजा

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के श्री दिगम्बर 1008 श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर मे दशलक्षण धर्म पर्व के अवसर पर उत्तम क्षमा धर्म की पूजा की गई।

रविवार को जयपुर से आये विद्वान अंश जैन, सक्षम जैन ने मंदिर में भक्ति भाव से विशेष पूजा अर्चना कराई। उन्होंने बताया कि उत्तम क्षमा का अर्थ है सर्वोच्च या असीमित क्षमाशीलता, जो कि जैन धर्म के दस धर्मों में से पहला और सबसे श्रेष्ठ धर्म है। इसमें मन, वचन और कर्म से किसी के प्रति द्वेष, राग या क्रोध न रखना शामिल है।

दूसरों की गलतियों को सहन करना, आत्म-शुद्धि करना, अहिंसा का पालन करना और मन वचन कर्म से क्षमा भाव रखना यह उत्तम क्षमा के अंतर्गत आता है। इन सबके अभ्यास से आत्मा शुद्ध होती है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। इस दौरान अर्चना में जैन समाज के सुधीर जैन, निशांक जैन, बिजेंद्र जैन, राजीव जैन, संजय जैन, अंकुश जैन, विजय जैन व महिला मंडल से अंजना जैन, चंदन जैन, ममता जैन, कुसुम लता जैन, राजेश जैन, नेहा जैन, पारुल जैन, शालनी जैन, कीर्ति जैन, दिव्य जैन, यशी जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

**नकुड़।** जैन धर्म के पर्यूषण पर्व के विधि विधान और श्रद्धा भाव से पूर्ण होने पर रतनत्रय पूजा करते हुए शांतिनाथ भगवान को अर्घ समर्पित करते हुए शांतिनाथ भगवान की शांति धारा एवं शांति विधान किया गया।

पर्युषण पर्व के आखिरी दिन जैन मंदिर में सुबह से ही जैन श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना करते हुए शांति विधान में भाग लिया। शांति विधान करते हुए पंडित विजय कुमार जैन, नीलम जैन, वर्षा जैन, मनोज जैन, संजीव जैन सर्राफ ने बताया कि दशधर्म के आगमन से सुख का आगमन होता है, जिससे पांचो कषायो हिंसा, चोरी, झूठ, कुशील, परिग्रह का नाश होकर भाव निर्मल हो जाते हैं और मोक्ष का द्वार खुल जाता है। शांति विधान के अवसर पर जैन समाज के संरक्षक नमीसागर जैन, प्रीतम प्रसाद जैन, जैन समाज के अध्यक्ष संदीप जैन एडवोकेट, महामंत्री आलोक जैन, कोषाध्यक्ष राजेश जैन राजू ने पर्युषण पर्व के अंतर्गत सुबह को नियमित पूजा प्रक्षाल करने वालो एवं रात्रि में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की सफलता के लिए जैन मिलन, महिला जैन मिलन की भूरी भूरी प्रशंसा की। जैन मिलन के अध्यक्ष पंकज जैन सर्राफ, महामंत्री पंकज जैन ने बताया कि कल क्षमावाणी पर्व की पूजा की जाएगी।





## श्रीरामलीला महोत्सव आयोजन को लेकर छिड़ा विवाद

**अंबेहटा।** उत्तर प्रदेश के जनपद के नगर अंबेहटा में श्रीरामलीला महोत्सव के आयोजन को लेकर तनाव की स्थिति बन गई है।चार सालों से नगर में श्रीरामलीला का भव्य मंचन करने वाली समिति ने श्रीरामलीला मंचन की तैयारियां पूरी कर चुकी। हाल ही में नगर में नई समिति का गठन हुआ हैं।

पूरानी और नई समितियों के बीच श्री रामलीला मंचन को लेकर विवाद छिड़ गया है। दोनों समितियों ने पुलिस प्रशासन से श्रीरामलीला मंचन के लिए अनुमति मांगी है, जिसके चलते मामला और उलझ गया है। पुरानी समिति ने दावा किया है कि उन्होंने लंबे समय से इस धार्मिक आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित किया है और इस बार भी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि उन्होंने पुलिस प्रशासन को अनुमति के लिए आवेदन पहले ही जमा कर दिया है। दूसरी ओर, नई समिति ने भी श्रीरामलीला के मंचन का दावा करते हुए प्रशासन से अनुमति मांगी है। विवाद नकुड पालिका के चेयरमैन शिवकुमार गुप्ता के दरबार में जा चुका है। लेकिन नई समिति ने चेयरमैन के सुझाव को मानने से इनकार कर दिया था।इस विवाद के चलते नगर में तनाव का माहौल है। दोनों समितियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह का विवाद श्रीरामलीला जैसे पवित्र आयोजन की गरिमा को प्रभावित कर सकता है। पुलिस प्रशासन ने दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले को सुलझाने की कोशिश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी संतोष कुमार त्यागी का कहना है कि वे स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और किसी भी तरह की अशांति को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन ने दोनों समितियों से शांति बनाए रखने और आपसी सहमति से मामले को सुलझाने की अपील की है।

# जीएसटी कटौती स्लैब पर सरकार का जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गंगोह उद्योग व्यापार मंडल गंगोह द्वारा जीएसटी कटौती स्लैब के लिए एक ज्ञापन निर्मला सीतारमण के नाम जिलाधिकारी सहारनपुर को दिया था और कुछ समय पश्चात ही जीएसटी कटौती स्लैब की सूचना मिलने लगी थी।

जिला अध्यक्ष मोल्हड मल गर्ग व युवा इकाई के अध्यक्ष मनोज गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस पर जल्दी निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री की इस तुरंत कार्रवाई के लिए जिला अध्यक्ष व युवा इकाई अध्यक्ष व अन्य सभी पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार का इसके लिए धन्यवाद दिया है।

अध्यक्ष मोहल्ड मल गर्ग ने कहा कि जीएसटी दरे घटने से रोजाना इस्तेमाल होने वाली वस्तुएं सस्ती होगी तथा मध्यम व गरीब परिवार को लाभ मिलेगा।

युवा अध्यक्ष मनोज गोयल ने कहां कि शिक्षा के विकास में एक सराहनीय कदम उठाते हुए सरकार ने स्टेशनरी वस्तुओं पर भी स्लैब कम किया है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री ने जनता को दिवाली पर एक नया तोहफा दिया है क्योंकि सनातन धर्म में दिवाली पर सबसे च्यादा वस्तुएं खरीदी जाती हैं। जिसमें घरेलू उत्पाद से लेकर कार, बाइक, मकान आदि यही वस्तुएं सबसे च्यादा खरीदी जाती है।

उन्होने कहा कि स्लैब कम होने से वस्तुएं सस्ती होगी और खरीदारी अधिक होगी जिससे अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी।

# पुलिस ने दुष्कर्म व अपहरण के आरोपी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक दुष्कर्म के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। इस के अलावा पुलिस ने युवती का अपहरणकर्ता को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किए है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दुष्कर्म का आरोपी कल सिया तिराहे पर खड़ा है।पुलिस ने काका उर्फ विशाल पुत्र महेंद्र निवासी ग्राम माझींपुर थाना बेहट को कलसिया तिराहे से गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया। उधर कोतवाली में एक व्यक्ति ने एक युवक पर युवती का अपहरण करने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए युवती का अपहरण करने वाले आरोपित शाहरुख पुत्र रिजवान निवासी ग्राम मल्हीपुर पठानपुरा थाना रामपुर मनिहारान को सहारनपुर को 24 घंटे के अंदर उत्तराखंड के जनपद हरिद्वार के कस्बा रुड़की रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अपहर्ता को भी सकुशल बरामद किया गया। पकोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल राठी ने बताया कि दोनों आरोपितों का चालान कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जा रहे है



**सूचना**

मेरे पुत्र स्व. सोमेन्द्र सिंह सेना मे कार्यरत था, रैंक नायक न. 15347039 H की मृत्यु के बाद पता चला कि मेरे पुत्र के आर्मी दस्तावेज में मेरा नाम व जन्मतिथि गलती से जय इन्दर सिंह व 01-01-1958 दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम जय इन्द्र व जन्मतिथि 02-08-1967 है।

**जय इन्द्र निवासी गांव चौरा, पो. नानौता सहारनपुर।**

**कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, शिवालिक वन प्रभाग, सहारनपुर।**

पत्रांक 1052 / 2-1, दिनांक, सहारनपुर, 06 सितम्बर 2025

**नोटिस**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं मा. उच्च न्यायालय की विभिन्न रिट याचिकाओं में पारित आदेशों के अनुपालन में अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-3, लखनऊ के द्वारा जारी शासनादेश संख्या 1354/81-3-2024, दिनांक 24 सितम्बर-2024 से निर्गत दिशा निर्देश (GUIDE LINES) के अनुरूप शिवालिक वन प्रभाग, सहारनपुर में कार्य करने वाले/कर रहे दैनिक श्रमिकों को वेतनमान का न्यूनतम वेतन रू. 18000/- प्रतिमाह अनुमन्य किये जाने की पात्रता पर विचारण हेतु इस कार्यालय की पत्र संख्या 1044/2-1, दिनांक 06.09.2025 द्वारा समिति का गठन किया गया है।

अत: यदि किसी व्यक्ति के पास अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-3, लखनऊ के द्वारा जारी शासनादेश संख्या 1354/81-3-2024. दिनांक 24 सितम्बर-2024 से निर्गत दिशा निर्देश (GUIDE LINES) के अनुरूप न्यूनतम वेतन प्राप्त करने हेतु अभिलेख उपलब्ध हैं तो अभिलेखों सहित प्रभागीय वनाधिकारी, शिवालिक वन प्रभाग, सहारनपुर के 82 राजविहार कालोनी, पेपर मिल रोड, सहारनपुर स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त गठित समिति को अपने अभिलेख 03 दिन के अन्दर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**( शुभम सिंह ) प्रभागीय वनाधिकारी, शिवालिक वन प्रभाग, सहारनपुर।**

# छुटमलपुर में तिरंगा स्थापना की शिकायत पर बना विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत में देहरादून रोड पर घास मंडी तिराहे के सौंदर्यीकरण और 110 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) स्थापना कार्य को लेकर स्थानीय सभासदों द्वारा की गई शिकायतों ने विवाद खड़ा कर दिया है। इस मामले में अवर अभियंता नीरज कुमार ने अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर स्पष्टीकरण दिया है, जिसमें उन्होंने शिकायतों को निराधार बताया और कार्यों की गुणवत्ता की जिम्मेदारी अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी पर डाली है।

जानकारी के अनुसार घास मंडी तिराहे के सौंदर्यीकरण कार्य का कुल प्राक्कलन 20,00,600 रुपये (18% जीएसटी सहित) और 110 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्थापना का प्राक्कलन 22,57,600 रुपये (18% जीएसटी सहित) है। दोनों प्राक्कलन लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की अनुमोदित दरों के आधार पर तैयार किए गए हैं। सौंदर्यीकरण कार्य में पुरानी क्षतिग्रस्त ईंटों को हटाने, नींव की खुदाई, कंक्रीट कार्य, ईंटों का निर्माण, प्लास्टर, टाइल्स, पेंटिंग, स्टेनलेस स्टील रेलिंग, फव्वारा, और एलईडी लाइट्स जैसे कार्य शामिल हैं। वहीं, तिरंगा स्थापना कार्य में मास्ट पोल, गैल्वेनाइज्ड कोटिंग, फाउंडेशन, और अन्य सिविल कार्य शामिल हैं। इस मामले पर अवर अभियंता नीरज कुमार ने अपने पत्र में कहा कि तिरंगा स्थापना के प्राक्कलन को पीडब्ल्यूडी की दरों के आधार पर तैयार किया गया है, जो पूरी तरह सही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तिरंगा और स्ट्रीट लाइट से संबंधित निविदाएं अधिशासी अधिकारी द्वारा जैम पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की गई थीं, जिनके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। साथ ही, इन कार्यों का निरीक्षण भी अधिशासी अधिकारी द्वारा किया गया, इसलिए कार्यों की गुणवत्ता की जिम्मेदारी उनकी है। नीरज कुमार ने यह भी चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी विपरीत स्थिति के लिए अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।



पुरे मामले में स्थानीय सभासदों ने घास मंडी तिराहे के सौंदर्यीकरण और तिरंगा स्थापना कार्य में अनियमित. ताओं का आरोप लगाया है। हालांकि, शिकायतों का विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन अवर अभियंता के पत्र से यह स्पष्ट है कि मामला प्राक्कलन और कार्य की गुणवत्ता से संबंधित है।

अवर अभियंता ने इस मामले की जानकारी उपजिलाधिकारी, तहसील बेहट, और अपर जिलाधिकारी, सहारनपुर को भी प्रेषित की है। यह मामला अब प्रशासन के संज्ञान में है, और इसकी जांच की संभावना है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि जनता का विश्वास बना रहे। छुटमलपुर में घास मंडी तिराहे का सौंदर्यीकरण और राष्ट्रीय ध्वज स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कार्य न केवल क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाने के लिए हैं, बल्कि राष्ट्रीय गौरव को भी प्रदर्शित करते हैं। हालांकि, इन कार्यों से जुड़े विवादों ने प्रशासनिक जवाबदेही और पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं। अब यह देखना बाकी है कि इस मामले में प्रशासन क्या कदम उठाता है।

# बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों को तेल नहीं देना बेहतर कदम : वीरेन्द्र राजपूत

**चांदपुर।** बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं आदेश अच्छा है। मगर इसमें दिक्कते वाहन चालक से ज्यादा पेट्रोल पम्प स्वामियों के सामने हो सकती है। अक्सर देखा गया है कि युवा बिना हेलमेट के जबरन पेट्रोल पम्प कर्मी पर दबाव बनाते है, गुण्डागर्दी करते है, यहां तक की मारपीट तक उतारू हो जाते है।

समाजसेवी वीरेन्द्र राजपूत का कहना है कि बिना हेलमेट किसी भी दुपहिया वाहन चालक को तेल नहीं देना चाहिए, मगर इस सिस्टम को फॉलो करने के लिये पुलिस को पहले एक अभियान चलाने की जरूरत है। जिसमे लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जा सके। पुलिस की ड्यूटी पम्प पर लगी रहने से दुपहिया वाहन चालकों की संख्या घटने, पम्प पर आने पर उसका चालान कटने का डर उसे सतायेगा आदि कई बाते है। उनका कहना है कि सड़क पर बिना हेलमेट दुपहिया वाहन नहीं चलने दिया जाये, हेलमेट अनिवार्य होना चाहिए। इस बीच गत दिवस एक बैठक पुलिस और पम्प स्वामियों के बीच भी हुई, जिसमें पम्प स्वामियों ने बिना हेलमेट दुपहिया वाहना चालकों को तेल नहीं पर अपनी-अपनी बात रखी। जिसमें कहा भी गया कि यह कैसे पहचाना जाये कि हेलमेट लगाये वाहन चालक कोई बदमाश तो नहीं, पम्प सेल्समेन को ही लूट ले भागे? ऐसे कई सवाल आये। पम्प स्वामियों ने कहा कि पुलिस पम्पों से कुछ दूरी पर वाहन चैकिंग करे, बिना हेलमेट वाहन चालकों को पकड़े, पम्प पर जमे रहने से उनके व्यापार प्रभावित होगा। ऐसे में पेट्रोल पम्प स्वामियों के सामने बड़ी समस्या है जिसको लेकर वे चिंतित ही नहीं बल्कि अपने घटते व्यापार को लेकर भी पशोपेश में है। पेट्रोल पम्पों पर सीसीटीवी कैमरे ही काफी नहीं बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ड्यूटी हो तो ज्यादा बेहतर रहेगा। वाहन चैकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले का चालान अवश्य काटा जाना चाहिए।



## विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में

# भारतीय टीम ने जीता सोना




● ऋषभ, अमन सैनी और प्रथमेश की पुरुष कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया

**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** ऋषभ यादव, अमन सैनी और प्रथमेश फुगे की भारतीय पुरुष कम्पाउंड टीम ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय पुरुष कम्पाउंड टीम ने फांस को 235-233 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। यह पहला मौका है जब भारत ने पुरुष कम्पाउंड टीम स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता है। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की शुरुआत थोड़ी कमजोर रही और वे पहले सेट में 57-59 से पीछे हो गए। हालांकि इसके बाद टीम ने शानदार वापसी की और हर सेट में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए फांस की चुनौती को 235-233 से खत्म किया। पहले राउंड में बाई मिलने के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया को शूट-ऑफ में मात दी, क्वार्टर फाइनल में अमेरिका को 234-233 से हराया और सेमीफाइनल में तुर्की पर 234-232 से जीत दर्ज की। भारत के युवा तीरंदाज ऋषभ यादव ने अपनी पहली विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। 23 वर्षीय ऋषभ ने क्वालिफिकेशन में 709 अंकों के साथ आठवां स्थान हासिल किया और मिश्रित टीम स्पर्धा में भी दमदार खेल दिखाया। उन्होंने भारत की शीर्ष कम्पाउंड महिला तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम के साथ जोड़ी बनाकर मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत जीता। दोनों ने जर्मनी, अल सल्वाडोर और चीनी ताइपे को हराते हुए फाइनल में जगह बनाई।

# भारत-पाक के अभ्यास सत्र से एशिया कप के लिए बेताबी बढ़ी

**दुबई, वार्ता।** शाम सात बजे के कुछ ही देर बाद, आईसीसी अकादमी में सभी की निगाहें पाकिस्तान टीम के नेट एरिया पर टिक गईं। वहीं रविवार को शारजाह में अफग़ानिस्तान के खिलाफ होने वाले त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल से पहले अपने अंतिम प्रशिक्षण सत्र के लिए पहुंचे थे।

क्या भारत के साथ कोई क्रॉस-ओवर होगा, जो पहले से ही अपनी तैयारियों में व्यस्त था? क्या खिलाड़ी एक-दूसरे का अभिवादन करेंगे या दूरी बनाए रखेंगे? जो लोग इस पल को फिल्माने लायक होने की उम्मीद कर रहे थे, वे निराश हो गए क्योंकि दोनों टीमें अपनी-अपनी दिनचर्या में डटी रहीं। भारत का सत्र लगभग तीन घंटे तक चला, जिसमें उनके प्रत्येक विशेषज्ञ बल्लेबाज ने मैदान पर एक घंटे से अधिक समय बिताया, उसके बाद ऑलराउंडरों ने पैड पहनकर गेंद को सभी कोनों में मारा, जिससे यह नेट सत्र की तुलना में अधिक रेंज-हिलटग साबित हुआ, जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों को टच पाने में मदद करना था।




● भारत का सत्र लगभग तीन घंटे तक चला जिसमें प्रत्येक बल्लेबाज ने मैदान पर एक घंटे से अधिक समय बिताया

पाकिस्तान ने नेट एरिया में एक शांत कोने में किसी की नजरों से दूर बल्लेबाजी की।

उन्होंने ऐसी सतहों पर तैयारी की जो टर्न और असमान उछाल दे रही थीं, शायद टीम रविवार को राशिद खान, एएम गजनफर और नूर अहमद के खिलाफ होने वाली चुनौतियों की तैयारियों में थी। नेट से दूर, शाहीन शाह अफरीदी ने कुछ कैच लिए और हल्का वार्म-अप किया, जबकि हारिस रऊफ ने दौड़ लगाई। आईसीसी अकादमी में विभिन्न प्रकार की पिचें हैं, लगभग 40 पिचें जिनमें से अधिकांश एशियाई हैं, लेकिन कुछ ऐसी भी हैं जो वाका, गाबा जैसी उछाल वाली परिस्थितियों की तरह हैं और कुछ स्विंग और सीम प्रदान करती हैं, जिनका पिछले कुछ दिनों में 60 से अधिक खिलाड़ियों ने अच्छा उपयोग किया, जिनमें ओमान और हांगकांग के खिलाड़ी भी शामिल हैं। शनिवार को जब प्रशिक्षण समाप्त हुआ, तब आयोजकों ने राहत की सांस ली। पाकिस्तान को रविवार को एक मैच खेलना था और भारत ने विश्राम का दिन घोषित कर दिया था। शाम की शुरुआत भारत द्वारा 20, 40 और 60 मीटर की दूरी पर कोन्स के साथ ब्रोंको ड्रिल के साथ हुई। टीम पांच-पांच के तीन समूहों में बंट गई।

ट्रेनर एड्रियन ले रॉक्स ने निर्देश दिए, सितांशु कोटक ने स्कोर बनाए रखा, जबकि मुख्य कोच गौतम गंभीर चीयरलीडर बने। यह अभ्यास परिणामों के बारे में नहीं था, बल्कि मैच के दिन की परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाने के बारे में था, अगर भारत हीट में पहले क्षेत्ररक्षण करता है। जैसे ही लाइटें पूरी तरह से जलीं, खिलाड़ी पूरी तरह से सेंटर विकेट नेट पर आ गए। शुक्रवार को तो सब कुछ आसान लग रहा था, लेकिन शनिवार का खेल और भी तीखा था, शायद हमें उन संयोजनों की भी झलक मिल गई जो धीरे-धीरे उभरने लगे हैं।

## नागरिक स्वदेशी उत्पाद खरीदें: मांडविया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने आज 'गर्व से स्वदेशी' की विशेष थीम पर 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' पहल के तहत सांसदों के साथ इंडिया गेट और कर्तव्य पथ पर साइकिल चलाई और नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों को खरीदने का अग्राह किया।

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 39वें संस्करण का आयोजन भारतीय रेलवे के सहयोग से देश भर के 8000 स्थानों पर किया गया। नई दिल्ली में इस कार्यक्रम का शुभारंभ ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने सुबह सात बजे मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम से किया, जिसमें 1500 से अधिक साइकिल चालक और फिटनेस प्रेमी मौजूद थे। इस दौरान 'गर्व से स्वदेशी' उत्सव में भारतीय स्पोर्ट्सवियर और फिटनेस ब्रांड्स ने प्रतिभागियों के लिए स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम में कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, नवीन जिंदल, पुरुषोत्तम रूपाला, प्रभुभाई वसावा, हेमंग जोशी, सुभाष बराला, भोजराज नाग और रमेश बिधूड़ी आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर डा. मांडविया ने कहा कि मुझे रविवार को साइकिल पर कार्यक्रम में हमारे नागरिकों की बढ़ती भागीदारी देखकर खुशी हो रही है।

# सबालेंका ने जीता यूएस ओपन

● आर्यना सबालेंका ने फ्लशिंग मीडोज के हार्ड कोर्ट पर अपना दबदबा कायम करते हुए अमांडा को हराकर लगातार दूसरी बाद जीता खिताब

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबा. लेंका ने फ्लशिंग मीडोज के हार्ड कोर्ट पर अपना दबदबा कायम करते हुए अमांडा अनिसिमोवा को हराकर लगातार दूसरी बार यूएस ओपन का खिताब जीता।

शनिवार रात खेले गए मुक. ाबले में बेलारुस की सबालेंका ने फाइनल मुकाबले में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 7-6(3) से हराकर अपने खिताब को बरकरार रखा। इस जीत के साथ बेलारूसी खिलाड़ी सबालेंका 2014 में सेरेना विलियम्स के बाद न्यूयॉर्क में लगातार दो एकल खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। यह उनके करियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब है। 27 वर्षीय शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सबालेंका इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन और रोलैंड गैरोस दोनों के फाइनल में हारने के बाद दबाव में चैंपियनशिप के खिताबी मुक. ाबले में मैच में उतरी थीं। लेकिन उन्होंने मौके का फायदा उठाया और अथक शक्ति और संयम का प्रदर्शन करते हुए 2025 की अपनी पहली और अपने करियर की चौथी बड़ी ट्रॉफी जीती। यह जीत ग्रैंड स्लैम स्तर पर उनकी 100वीं मुख्य ड्रॉ मैच जीत और इस सीजन की उनकी 56वीं जीत भी है। बेसलाइन से सबालें. का के जोरदार प्रहारों का मुक. ाबला करते हुए, 23 वर्षीय अमे. रिकी खिलाड़ी ने गत चैंपियन को शुरुआत में ही परेशान किया, लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर की गई गलतियां उसके लिए महंगी साबित हुईं। शुरुआती सेट में पांच बार सर्विस ब्रेक हुई, लेकिन सबालेंका ने 5-3 के स्कोर पर अपनी लय बनाए रखी और सेट को केवल 38 मिनट में ही समाप्त कर दिया, क्योंकि अनिसिमोवा का फोरहैंड बाहर चला गया था। दूसरे सेट में अमे. रिकी खिलाड़ी ने वापसी की और 5-4 के स्कोर पर सबालेंका की सर्विस के दौरान लड़खड़ाने का फायदा उठाया।



## भारत की दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम करेगी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम से मुकाबला

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की 24 सदस्यीय टीम, जिसमें अधिकांश निशानेबाज राष्ट्रीय रैंकिंग में चार से छह के बीच रैंक किए गए हैं, विश्व के शीर्ष निशानेबाजों से मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी सत्र के चौथे और अंतिम अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल चरण की शुरुआत निंगबो, चीन में हो गई है। मंगलवार (9 सितम्बर 2025) से शुरू होकर छह दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के कुल 320 निशानेबाज, 10 स्वर्ण पदकों के लिए निशाना साधेंगे।

● मंगलवार से शुरू होकर छह दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के कुल 320 निशानेबाज हिस्सा लेंगे

निंगबो में चार मौजूदा ओलंपिक चैंपियनों सहित दुनिया के कई शीर्ष निशानेबाज हिस्सा लेंगे, जहां वे नवम्बर में काहिरा में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेंगे।

कुछ निशानेबाज दिसंबर में दोहा में होने वाले सीजन के समापन आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने की उम्मीद में यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना चाहेंगे।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### एआईएफएफ ने सुपर कप के लिए तारीखों की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति शनिवार को वर्चुअल रूप से एकत्रित हुई और एआईएफएफ की व्यावसायिक संपत्तियों के प्रबंधन और मुद्रीकरण के अधिकारों को सीमित अवधि के लिए प्रदान करने हेतु एक एजेंसी के चयन के लिए महासंघ के कोटेशन अनुरोध (आरएफक्यू) प्रक्रिया को मंजूरी दी। एआईएफएफ ने इसके साथ ही सुपर कप की तारीखों को भी अपनी मंजूरी दे दी। चयन प्रक्रिया की निगरानी के लिए, कार्यकारी समिति ने तीन सदस्यीय बोली मूल्यांकन समिति (बीईसी) गठित करने का संकल्प लिया।

#### पाक अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका के साथ बहु-प्रारूप श्रृंखला खेलेगा

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान 12 अक्टूबर से शुरू होने वाली बहु-प्रारूप श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के साथ अक्टूबर से शुरु होने वाली बहु-प्रारूप श्रृंखला की घोषणा की हैं। इस दौरे में दो टेस्ट मैच होंगे। इसके जरिए दोनों टीम 2025-27 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेगी।

दक्षिण अफ्रीका 2023-25 संस्करण जीतकर वर्तमान में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का विजेता है। पहला टेस्ट मैच लाहौर में (12-16 अक्टूबर) और दूसरा टेस्ट रावलपिंडी (20-24 अक्टूबर) खेला जायेगा। इसके बाद दोनों टीमें तीन टी-20 और तीन वनडे मैच खेलेंगी। रावलपिंडी में पहला टी-20 मैच 28 अक्टूबर को खेला जाएगा। इसके बाद श्रृंखला के बाकी दो मैच 31 अक्टूबर और एक नवम्बर को लाहौर में खेले जाएंगे।

# इंग्लैंड ने सैम को किया टीम में शामिल

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ होने वाले अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच के लिए ऑलराउंडर सैम करेन को टीम में शामिल किया है, जबकि सभी प्रारूपों के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट को आराम दिया गया है। ब्रेंडन मैकुलम की कप्तानी में इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम में पहली बार करेन की वापसी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक और एकदिवसीय सीरीज हारने के बाद हुई है।

चयनकर्ताओं ने करेन को उनके कौशल के आधार पर टीम में वापस बुलाया है। उन्होंने मौजूदा टी-20 ब्लास्ट के 15 मैचों में 365 रन और 21 विकेट लिए हैं और इससे पहले, द हंड्रेड में ओवल इनलवसिबल्स के खिताबी अभियान में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने नौ मैचों में 238 रन और 12 विकेट लिए थे। करेन ने आखिरी बार नवम्बर 2024 में वेस्टइंडीज दौरे पर राष्ट्रीय टीम के लिए खेला था। चयनकर्ताओं को उम्मीद है कि वह इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती प्रदान करेंगे। चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले डकेट को आराम देने का भी फैसला किया है।

● चयनकर्ताओं ने सैम करेन को उनके कौशल के आधार पर टीम में वापस बुलाया है

30 वर्षीय डकेट ने भारत के खिलाफ ड्रॉ हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 462 रन बनाए थे, लेकिन उसके बाद से उनकी फॉर्म खराब चल रही है और वे पिछली 10 पारियों में सिर्फ एक बार 20 का आंकड़ा पार कर पाए हैं (द हंड्रेड में आठ और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय में दो रन बनाये है)। इसके अलावा इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को भी आयरलैंड के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय टी-20 से हटा दिया है ताकि उन्हें काउंटी चैंपियनशिप खेलने और एशेज टीम में चयन के लिए दबाव बनाने का मौका मिल सके। इस महीने की शुरुआत में जेमी ओवरटन के लाल गेंद वाले क्रिकेट को छोड़ने के फैसले के बाद, इस प्रमुख शीतकालीन दौरे में उनके लिए जगह पक्की हो सकती है।

**दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड की टी-20 टीम प्रकार है:-** हैरी ब्रुक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्स, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, जेमी स्मिथ और ल्यूक वुड।

**आयरलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की टी-20 टीम इस प्रकार है:-** जैकब बेथेल (कप्तान), रेहान अहमद, टॉम बैंटन, जोस बटलर, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, ल्यूक वुड, जॉर्डन कॉक्स, सन्नी बेकर और टॉम हार्टले

## स्वतंत्र परीक्षण में सुब्रायन का बॉलिंग ऐक्शन वैध

**दुबई, वार्ता।** स्वतंत्र परीक्षण केंद्र ने दक्षिण अफीका के ऑफ स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर प्रीनेलान सुब्रायन का गेंदबाजी ऐक्शन वैध पाया है। अब तक एक टेस्ट और एक एकदिवसीय मैच खेल चुके सुब्रायन का गेंदबाजी ऐक्शन पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में संदिग्ध पाया गया था। हालांकि सुब्रायन को गेंदबाजी से रोका नहीं गया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने उन्हें आराम देते हुए ऑस्ट्रेलिया में आगे न खिलाने का फैसला किया और इंग्लैंड के खिलाफ जारी सीरीज के लिए उनका चयन नहीं किया था। सुब्रायन का 26 अगस्त को ब्रिस्बेन में परीक्षण किया गया और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एक बयान में पुष्टि की गई कि उनकी सभी गेंदों में कोहनी का विस्तार आईसीसी के अवैध गेंदबाजी विनियमों के तहत अनुमत 15 डिग्री के स्तर के भीतर था।

# आखिरी क्षणों की पेनल्टी से भारत को कतर से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा

**दोहा, वार्ता।** एएफसी अंडर-23 एशियाई कप 2026 के लिए जल्दी क्वालीफाई करने की भारत की उम्मीदों पर कल रात पानी फिर गया जब ब्लू कोल्ट्स को दोहा के अब्दुल्ला बिन खलीफा स्टेडियम में मेजबान कतर के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

ग्रुप एच के एक कड़े मुक. ाबले में, भारत ने खेल के अधिकांश समय कतर से बराबरी की, लेकिन दूसरे हाफ में एक पेनल्टी और डिफेंडर प्रमवीर को मिले रेड कार्ड के कारण उसे हार का सामना करना पड़ा। इस परिणाम के साथ कतर दो मैचों में छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि भारत तीन मैचों में तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। मजबूत घरेलू प्रशंसकों के उत्साहवर्धन के बीच मेजबान टीम ने शानदार शुरुआत की और 18वें मिनट में बढ़त बना ली जब अल हाशमी मोहियालदीन ने कॉर्नर पर गेंद को गोल में पहुंचाने के लिए ऊपर की ओर बढ़े और एक लूपिंग हेडर को नेट में डाल दिया, जिससे भारतीय रक्षा पंक्ति स्तब्ध रह गई। मुख्य कोच नौशाद मूसा के नेतृत्व में भारत ने शुरुआती दबाव को झेला और धीरे-धीरे मुकाबले में अपनी जगह बनाई।

पार्थिब गोगोई और मोहम्मद सन्नन के जरिए मौके आए, जिनकी गेंदों ने मुश्किलें तो पैदा कीं, लेकिन वे निर्णायक साबित नहीं हुईं। आखिरकार 52वें मिनट में इनाम मिला। मिडफील्डर मैकार्टन लुइस निक्सन ने गेंद को बीच में ही रोक लिया और काउंटर अटैक शुरू किया, जिसका अंत सन्नन के सटीक क्रॉस से हुआ, जो मोहम्मद सुहैल के लिए था। स्ट्राइकर ने बिना कोई गलती किए, अपने मार्कर से ऊपर उठकर गेंद को गोल में पहुंचाया और बराबरी हासिल की। हालांकि, बराबरी ज्यादा देर तक नहीं टिकी। 67वें मिनट में, कतर ने तेजी से हमला किया और बॉक्स के अंदर नूरेलदीन इब्राहिम पर प्रमवीर के गलत समय पर किए गए टैकल ने रेफरी को स्पॉट की ओर इशारा करने पर मजबूर कर दिया। पहले से ही बुक किए गए डिफेंडर को आउट करार दिया गया, जिससे भारत की टीम 10 खिलाड़ियों पर सिमट गई। जसीम अल शरशानी ने आगे बढ़कर पेनल्टी को गोल में बदल दिया, जिससे गोलकीपर साहिल सही दिशा में डाइव लगाने के बावजूद गलत दिशा में चले गए। एक गोल और एक खिलाड़ी से पिछड़ने के बावजूद भारत ने हार मानने से इनकार कर दिया। गोलकीपर साहिल ने लगातार बेहतरीन बचाव करके अपनी टीम को मुकाबले में बनाए रखा, अब्दुलअज़ीज हसन और मोहम्मद सुराग को नाकाम करते हुए कतर ने मुकाबले को अपने नाम कर लिया।

## न्यूजीलैंड की पुरुष-महिला हॉकी टीमों ने विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया

● न्यूजीलैंड की महिला और ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीमों ने महाद्वीपीय चैंपियन का खिताब जीता

**जर्मनी, वार्ता।** ओसनिया कप 2025 आज ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में संपन्न हुआ। न्यूजीलैंड की महिला और ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीमों ने अपनी-अपनी प्रतियोगिताएं जीतकर तीन-तीन मैचों की श्रृंखला के बाद महाद्वीपीय चैंपियन का खिताब जीता।

इस जीत का मतलब था कि ब्लैक स्टिक्स की महिला टीम ने आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप, बेल्जियम और नीदरलैंड्स, 2026 के लिए ओसनिया की चैंपियन टीम के रूप में क्वालीफाई कर लिया। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग के माध्यम से विश्व कप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी थी, और दूसरे स्थान पर रहने के बाद, न्यूजीलैंड की पुरुष टीम भी आगामी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली महिला टीम के साथ जुड़ गई।

न्यूजीलैंड की जीत के बाद उसकी कप्तान ओलिविया शैनन ने कहा कि विश्व कप हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पिछले साल हम पेरिस के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए थे और मुझे लगता है कि इस सीरीज ने पेरिस के लिए क्वालीफाई न कर पाने के बावजूद हमारे अंदर मौजूद उस संघर्ष, उस लचीलेपन और ऊर्जा को दर्शाया है। न्यूजीलैंड की पुरुष टीम खाली हाथ नहीं लौटी क्योंकि ओसनिया से सीधे विश्व कप क्वालीफिकेशन स्थान उसका था।

# पुजारा ने इंडियन हेल्थकेयर लीग का शुभारंभ किया



● लीग का उद्देश्य चिकित्सा जगत और समाज में कैंसर जागरुकता और मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत को बढ़ावा देना है

**नई दिल्ली, वार्ता।** व्हाइटकोट स्पोर्ट्स ने आज इंडियन हेल्थकेयर लीग का अनावरण किया, जो विशेष रूप से डॉक्टरों के लिए समर्पित एक अभूतपूर्व स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म है। एक स्वास्थ्य पहल से कहीं बढ़कर, यह लीग खुद को दोहरे उद्देश्य वाले एक शक्तिशाली आंदोलन के रूप में स्थापित करती है - कैंसर जागरूकता को अपना प्राथमिक मिशन बनाना और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के मानसिक स्वास्थ्य को अपना द्वितीयक उद्देश्य बनाना। इसके साथ, यह भारत की सबसे परिवर्तनकारी और प्रभावशाली डॉक्टर-केंद्रित पहलों में से एक बनने के लिए तैयार है। हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स समाज की रीढ़ हैं, फिर भी व्यस्त दिनचर्या, लंबे समय तक काम करने और तनावपूर्ण वातावरण के कारण उनका शारी. रिक और मानसिक स्वास्थ्य अक्सर पीछे छूट जाता है।

इंडियन हेल्थकेयर लीग की स्थापना इसी कमी को पूरा करने के लिए की गई थी—डॉक्टरों को खेल के आनंद के माध्यम से तरोताजा होने, जुड़ने और फलने-फूलने के अवसर प्रदान करना, साथ ही चिकित्सा जगत और समाज में कैंसर जागरूकता और मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत को बढ़ावा देना। इस अवसर पर, व्हाइटकोट स्पोर्ट्स के सीएमडी, डा. राहुल मंगल ने कहा कि व्हाइटकोट स्पोर्ट्स में, हम डॉक्टर-फर्स्ट की नीति में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। इंडियन हेल्थकेयर लीग न केवल फिटनेस को बढ़ावा देने के बारे में है, बल्कि हमारे समय की दो महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं-कैंसर जागरूकता और मानसिक स्वास्थ्य - को संबोधित करने के बारे में भी है। डॉक्टरों को खेल में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान करके, हमारा लक्ष्य एक ऐसा प्रभाव पैदा करना है जहां स्वस्थ डॉक्टर मजबूत समुदायों का नेतृत्व करें, साथ ही यह लीग उन मुद्दों पर जागरूकता भी बढ़ाए जो पूरे भारत में लाखों लोगों को प्रभावित करते हैं। इस शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा के साथ-साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में कई प्रमुख डॉक्टर उपस्थित रहे। लॉन्च के दौरान, चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि इंडियन हेल्थकेयर लीग वास्तव में एक अनूठी पहल है जो उन लोगों के स्वास्थ्य का जश्न मनाती है जो हमें स्वस्थ रखने के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं। कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने और डॉक्टरों के बीच मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने का इसका मिशन इसे एक खेल आयोजन से कहीं बढ़कर बनाता है। यह बदलाव का एक मूवमेंट है। मेरा मानना है कि इस लीग में भारत की दूसरी सबसे बड़ी लीग बनने की क्षमता है, जो न केवल डॉक्टरों को बल्कि पूरे समाज को फिटनेस, निवारक स्वास्थ्य और खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। इंडियन हेल्थकेयर लीग के पहले सीजन में देश के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली छह गतिशील फ्रेंच. इजी टीमें शामिल हैं।

## साउथ और सेंट्रल जोन के बीच होगी दलीप ट्रॉफी में खिताबी भिड़ंत

**बेंगलुरु, वार्ता।** साउथ जोन और सेंट्रल जोन के बीच दलीप ट्रॉफी के फाइनल में खिताबी भिड़ंत होगी। साउथ जोन को मिली बड़ी बढ़त गुरजपनीत सिंह (चार विकेट) और एम डी निधीष (तीन विकेट) के बाद नारायण जगदीशन (नाबाद 52) के शानदार प्रदर्शन के दम पर साउथ जोन ने 270 रनों की बड़ी बढ़त के साथ रविवार को ड्रॉ हुए पहले सेमीफाइनल में नॉर्थ जोन के खिलाफ रविवार को दलीप ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली। वहीं छह बल्लेबाजों शुभम शर्मा (96), दानिश मालेवर (76), कप्तान रजत (77), उपेंद्र यादव (87), हर्ष दुबे (75) और सारांश जैन (63) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से बनाये गए 600 रनों के विशाल स्कोर साथ फाइनल में जगह बना ली। यहां सेमीफाइनल के चौथे दिन नॉर्थ जोन ने कल के पांच विकेट पर 278 रनों से आगे खेलना शुरु किया।

# सम्पादकीय

सोमवार, 8 सितम्बर 2025

## उप राष्ट्रपति का चुनाव

9 सितंबर को होने वाले उप राष्ट्रपति चुनाव से पहले सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच जोर आजमाइश चल रही है। जहां भाजपा अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गई है और दिल्ली में भाजपा सांसदों की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन इसी चुनाव को लेकर किया गया है। यह कार्यशाला कितनी महत्वपूर्ण है यह देखकर ही पता चलता है कि इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम कार्यकर्ता की तरह सबसे पिछली सीट पर बैठे दिखाई दिए। वहीं दूसरी तरफ उप राष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर रविवार को कांग्रेस की भी एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, बैठक में कांग्रेस नेताओं ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, वहीं सोमवार को संसद भवन परिसर में इंडिया गठबंधन नेताओं की बैठक बुलाए जाने की बात भी कही।

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया गठबंधन के सांसदों ने सोमवार को जहां संसद भवन एनेक्सी में रात्रि भोजन का आयोजन करने की बात कही, वहीं सभी से गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना वोट करने के लिए कहा। हालांकि अब तक उप राष्ट्रपति चुनाव में गैर गठबंधन की बात करें तो एआईएमआईएम असदुद्दीन ओवैसी ने अपना समर्थन सुदर्शन रेड्डी को दिया है। वहीं रात्रि भोज के जरिये खड़गे इंडिया गठबंधन से इतर दलों से भी समर्थन की अपील कर सकते हैं। बीजू जनता में अभी भी मंथन जारी है। भोज तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी देना था, लेकिन वह पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड में आई बाढ़ को लेकर रद्द कर दिया। ठीक उसी तरह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी शनिवार को भोज देना था, उन्होंने भी रद्द कर दिया। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस समय उप राष्ट्रपति का चुनाव बेहद चुनौतीपूर्ण बना हुआ दिखाई दे रहा है। बेशक संख्याबल अभी सत्तापक्ष के पक्ष में ही दिखाई दे रहा है, लेकिन जिस तरह के इस समय राजनीतिक हालात हैं, कोई भी जरा सा जोखिम लेने को तैयार नहीं है और दोनों ही पक्षों को क्रॉसिंग वोट का डर सताता दिखाई दे रहा है। विपक्ष की सफलता का दारोमदार भी क्रॉसिंग वोट पर ही टिका हुआ है। जैसेकि कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा भी कि उप राष्ट्रपति पद का चुनाव किसी चुनाव चिन्ह पर नहीं होता, यह अंतरात्मा का चुनाव है और उन्हें उम्मीद है कि लोग अंतरात्मा की आवाज पर वोट देंगे। जिस तरह उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अचानक इस्तीफा दिया था, उससे भी यह चुनाव और रौचक हो गया है।

राहुल गांधी ने वोट अधिकार यात्रा के दौरान जिस तरह का बिहार में जन समर्थन जुटाया, उससे भी सत्ता पक्ष खेमे में सुगबुगाहट है और इंडिया गठबंधन के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ही पूरी तैयारी के साथ इस चुनाव को लेकर आगे बढ़ रहे हैं और अपनी तरफ से कोई कमी छोड़ते दिखाई नहीं दे रहे हैं। वैसे भी कहा जाता है कि राजनीति में कभी भी समय एकजैसा नहीं रहता, चीजें नाटकीय तरीके से बदल जाती हैं। भाजपा भले ही नंबर के गेम में अभी भी आगे है, लेकिन वह आश्वस्त नहीं हो सकती, क्योंकि वह अल्पमत सरकार की अगुवाई कर रही है। देखना है कि उप राष्ट्रपति का ताज किसके सिर पर सजता है।

### नई चुनौतियां चिंता का विषय



ट्रम्प टैरिफ के आतंक से उभरी नई चुनौतियां चिंता का विषय हैं, इन चुनौतियों से निपटने को लेकर भारत व सत्ताधारी पार्टी भाजपा को जन व देशहित का ध्यान रखते हुए अपनी नीतियों व कार्यक्रमों में ठोस व भारी सुधारवादी रवैया अपनाने की जरूरत है, ऐसा करना जरूरी है, वरना देश के विशाल बहुजनों की समस्याएं और भी जटिल होकर देश के मान-सम्मान को भी दुनिया में प्रभावित करेंगी, इससे बचना बहुत जरूरी है, विरोधी दल अंदर खाने मिलकर बसपा को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को संवैधानिक अधिकारों से वंचित कर उन्हें शासक वर्ग बनने से रोकने की कोशिशें की जा रही हैं, बसपा सरकारों में सर्वसमाज को विकास मिला था, जिसे अब रोकने का प्रयास हो रहा है।

**सुश्री मायावती, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बसपा**

# प्राकृतिक आपदाओं का बढ़ता कहर





विनीत नारायण

भारत, अपनी प्राकृतिक सुंदरता और विविध भौगोलिक संरचना के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। लेकिन हर साल मानसून के आगमन के साथ यह देश प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में आ जाता है। हाल के वर्षों में, विशेष रूप से हिमालई राज्यों जैसे उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बादल फटने, भूस्खलन और भारी बारिश के कारण होने वाली तबाही ने न केवल जन-धन की हानि की है, बल्कि सरकारी तंत्र की नाकामी और भ्रष्टाचार को भी उजागर किया है।

भारत में मानसून का मौसम जून से सितंबर तक रहता है और इस दौरान देश के कई हिस्सों में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं अब आम हैं। हाल के महीनों में, उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में बादल फटने से भारी तबाही मची, जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हुई और 50 से अधिक लोग लापता हो गए। हिमाचल प्रदेश में भी अगस्त 2025 में भारी बारिश के कारण दर्जनों सड़कें बंद हो गईं और कई लोगों की जान चली गई। इन घटनाओं ने एक बार फिर यह सवाल उठाया है कि सरकारी तंत्र इन आपदाओं को रोकने और उनके प्रभाव को कम करने में क्यों असफल हो रहा है?

बादल फटने की घटनाएं, जिन्हें भारत मौसम विज्ञान विभाग 100 मिमी प्रति घंटे से अधिक बारिश के रूप में परिभाषित करता है, विशेष रूप से हिमालई क्षेत्रों में आम हैं। ए घटनाएं न केवल प्राकृतिक हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन और मानवीय गतिविधियों जैसे अनियोजित निर्माण, जंगलों की कटाई और नदियों के प्राकृतिक प्रवाह में हस्तक्षेप के कारण और भी घातक हो गई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश की तीव्रता बढ़ रही है, जिससे बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं अधिक बार और अधिक विनाशकारी हो रही हैं।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में अपने बयान में कहा कि पहाड़ी राज्यों में होने वाले निर्माण और नुकसान के लिए घर में बैठकर तैयार की गई फर्जी डीपीआर बनाने वाले दोषी कल्प्रिट हैं। ये लोग बिना जमीनी हकीकत जाने हुए डीपीआर बना देते हैं जिससे ऐसे हादसे होते हैं। यह बयान न केवल सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि विकास परियोजनाओं में पारदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की कमी कितनी घातक हो सकती है।

डीपीआर, जो किसी भी योजना का बुनियादी ढांचा व आधार होती है, में अगर भ्रष्टाचार और लापरवाही बरती जाती है, तो इसका परिणाम ऐसी हादसों व त्रासदियों के रूप में सामने आता है।इसे 'करप्शन ऑफ डिजाइन' कहा जाता है।

पहाड़ी क्षेत्रों में सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण करते समय भूगर्भीय और पर्यावरणीय कारकों को नजरअंदाज करना आम बात हो गई है। गडकरी का यह बयान इस ओर इशारा करता है कि कई परियोजनाओं के लिए डीपीआर बिना स्थानीय भूगोल और जलवायु की गहन जांच के तैयार की जाती हैं। उदाहरण के लिए, उत्तराखंड जैसे क्षेत्रों में, जहां भूस्खलन और बाढ़ का खतरा हमेशा बना रहता है, सड़क निर्माण के लिए अक्सर पहाड़ों को अंधाधुंध काटा जाता है, जिससे ढलान अस्थिर हो जाते हैं। यह न केवल भूस्खलन को बढ़ावा देता है, बल्कि नदियों में मलबे का प्रवाह भी बढ़ाता है, जिससे बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो जाती है।

भारत में बाढ़ और जलभराव की स्थिति को नियंत्रित करने में सरकारी तंत्र की विफलता कई स्तरों पर दिखाई देती है। सबसे पहले तो हमारी आपदा प्रबंधन की तैयारी ही अपर्याप्त है। उत्तराखंड में 2013 की केदारनाथ त्रासदी, जिसमें 6,000 से अधिक लोग मारे गए थे। 2021 की चमोली आपदा, जिसमें 200 से अधिक लोग हिमस्खलन और बाढ़ की चपेट में आए। इन हादसों ने यह स्पष्ट कर दिया कि सरकार को पहले से चेतावनी और तैयारी की जरूरत है। फिर भी, हर साल न सिर्फ एक जैसी आपदाएं दोहराई जाती हैं बल्कि राहत और बचाव कार्यों में देरी और अव्यवस्था भी दिखाई देती है।

दूसरा, जल निकासी प्रणालियों की कमी और रखरखाव की अनदेखी भी एक बड़ा मुद्दा है। दिल्ली-एनसीआर जैसे शहरी क्षेत्रों में, जहां 2024 में 108 मिमी बारिश ने भारी जलभराव पैदा किया, नालों की सफाई और उचित जल निकासी की कमी साफ दिखाई दी। पहाड़ी क्षेत्रों में नदियों के किनारे अनियोजित निर्माण और अतिक्रमण ने प्राकृतिक जल प्रवाह को बाधित किया है, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

तीसरा, स्थानीय समुदायों की भागीदारी और जागरूकता की कमी भी एक बड़ी समस्या है। ऐसे में स्थानीय ज्ञान का उपयोग करके सड़क निर्माण हो तो शायद भूस्खलन में रोकथाम हो सके। लेकिन वास्तव में, स्थानीय लोगों की सलाह को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है और परियोजनाएं केवल ठेकेदारों और अधिकारियों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं।

इन समस्याओं का समाधान तभी संभव है जब सरकार और समाज मिलकर एक समग्र और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं। सबसे पहले, डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया को पारदर्शी और वैज्ञानिक बनाना होगा। भूगर्भीय सर्वेक्षण, पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन, और स्थानीय विशेषज्ञों की राय को शामिल करना अनिवार्य होना चाहिए। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए स्वतंत्र ऑडिट और निगरानी तंत्र स्थापित किए जाने चाहिए। दूसरा, आपदा प्रबंधन के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करना होगा। इसमें न केवल राहत और बचाव की तैयारी शामिल होनी चाहिए, बल्कि प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों, जैसे कि बादल फटने की निगरानी, को भी मजबूत करना होगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग भूस्खलन और जलभराव की संभावना वाले स्थानों की पहचान के लिए किया जाना चाहिए। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ विकास को प्राथमिकता देनी होगी। जंगलों की कटाई को रोकना, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करना और अंधाधुंध निर्माण पर रोक लगाना जरूरी है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में इको-सेंसिटिव जोन में निर्माण को सख्ती से विनियमित करना होगा। भारत में बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ की त्रासदियां केवल प्राकृतिक नहीं हैं, बल्कि मानवीय लापरवाही और भ्रष्टाचार का भी परिणाम हैं। नितिन गडकरी का बयान इस दिशा में एक कड़वी सच्चाई को उजागर करता है। सरकारी तंत्र की नाकामी, चाहे वह जलभराव को नियंत्रित करने में हो या आपदा प्रबंधन में, ने आम लोगों का जीवन खतरे में डाल दिया है। अब समय है कि सरकार, समाज और विशेषज्ञ मिलकर एक ऐसी व्यवस्था बनाएं जो न केवल आपदाओं को रोके, बल्कि उनके प्रभाव को कम करने में भी सक्षम हो। टिकाऊ विकास, पारदर्शी प्रशासन, और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही इस दिशा में आगे बढ़ने का रास्ता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पंजाब प्रलय: दुनिया के मददगारों आज मदद की दरकार

**ईरान के भारत स्थित दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर जारी एक संदेश में कहा कि पंजाब में आई बाढ़ से हुए व्यापक नुक्सान और दर्द को देखकर मन दुखी है। दूतावास ने प्रभावित लोगों और राहत कार्यों में लगे सभी के लिए प्रार्थनाएं कीं तथा भगवान से सभी की रक्षा और आशीर्वाद की कामना की। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामनेई की ओर से भी पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की हिफाजत और सलामती के लिए दुआएं भेजी गई हैं। ईरान के इस बयान की सोशल मीडिया पर काफी सराहना की गई है। आज पूरे देश के हर वर्ग व हर धर्म का व्यक्ति पंजाब के इन किसानों के साथ इसीलिए खड़ा है।**



तनवीर जाफरी

भारत का अन्न भंडार कहा जाने वाला देश की खाद्य आपूर्ति के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य पंजाब इन दिनों जल प्रलय जैसे अति गंभीर संकट से जूझ रहा है। कुछ स्रोतों के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य भंडार में पंजाब लगभग 45% अनाज का योगदान करता है। इसमें देश के गेहूं उत्पादन में लगभग 22% और चावल उत्पादन में लगभग 12% का योगदान शामिल है। इसीलिए पंजाब देश की खाद्य आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है। इसके अलावा इसी पंजाब का किसान भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में जरूरतमंदों की हर तरह की मदद करने के लिए पहली पंक्ति में खड़ा नजर आता है। चाहे वह युद्ध की विभीषिका से जूझने वाले लोग हों या भूकंप,सुनामी अथवा बाढ़ से प्रभावित लोग, शरणर्थियों की मदद करनी हो या कोरोना जैसे विश्वस्तरीय संकटकाल में लोगों को मुफ्त भोजन व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हो, पंजाब की यह कौम हमेशा सबसे आगे खड़ी नजर आई है। न यह धर्म देखते हैं न देश, न सीमा न जाति या भाषा। इन्हें प्रत्सेक मानव की पीड़ा अपनी पीड़ा महसूस होती है और यह कौम तन मन धन से एकजुट होकर मदद करने को खड़ी हो जाती है। आज पूरे देश में न जाने कितने गुरुद्वारे दिन रत जरूरतमंदों को लंगर उपलब्ध कराते हैं। देश बार में स्वास्थ्य सम्बन्धी दर्जनों प्रयोगशालाएं व अस्पताल इनके सौजन्य से संचालित हो रहे हैं।

दुर्भाग्यवश आज हमारे देश का यही पंजाब प्राकृतिक प्रकोप से जूझ रहा है। इन दिनों जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश व उत्तरांचल सहित केवल पंजाब में आई भीषण बाढ़ से राज्य के सभी 23 जिले प्रभावित हैं। राज्य में अब तक दर्जनों लोगों की मौत या उनके लापता होने के समाचार हैं। इस जल प्रलय से पंजाब के लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। करीब 2000 गांव जलमग्न हो गए हैं। अनुमान के अनुसार बाढ़ ने लगभग 18 लाख हेक्टेयर खेतों की फसलें बर्बाद कर दी हैं। बासमती फसल को तो भारी नुकसान हुआ है। अभी तक 600 करोड़ से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। सरकारी व अनेक गैर सरकारी स्वयंसेवी संगठनों द्वारा राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रह है। हजारों बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित जगहों पर या राहत शिविरों में पहुंचाया जा चुका है।

इसी दौरान शौर्य समर्पण व बलिदान की इस धरती से बड़े ही हृदय विदारक दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हजारों गाएं भैंसें तेज बहाव में बहकर लापता हो गई हैं। पूरी पूरी डेयरियां जल प्रलय का शिकार हो गई हैं। लोगों के खेतों में वर्तमान फसल तो बर्बाद हुई ही है परन्तु ऐसी संभावना भी है कि खेतों में रेत की मोटी परत बैठ जाने के चलते अनिश्चितकाल के लिए इन खेतों की अपनी उर्वरक क्षमता भी समाप्त हो जाएगी।

गोया इस जल प्रलय के चलते आने वाले वर्षों में देश की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होने की संभावना है। बहरहाल आज पीड़ा की इस घड़ी में पंजाब के किसानों के साथ पूरा देश खड़ा दिखाई दे रहा है। अक्षय कुमार, दिलजीत दोसांझ, रणदीप हुड्डा,सोनू सूद, प्रीटी जिंटा, करीना कपूर, विक्की कौशल, एमी विर्क, राज कुंद्रा, गुरु रंधावा, गिप्पी ग्रेवाल, करण औजला, सुनंदा शर्मा, शाहरुख खान, आलिया भट्ट, करण जौहर, हरभजन सिंह, मनकीरत औलख, बब्बू मान, रणजीत बावा, सोनम बाजवा, संजय दत्त, अजय देवगन, कपिल शर्मा, बादशाह, सिद्धार्थ मल्होत्रा व अनन्या पांडे जैसे अनेक फिल्म व कला जगत से जुड़े लोगों ने बढ़चढ़कर या तो भारी भरकम रकम दान की है या पीड़ितों के लिए राहत शिविर स्थापित किए हैं, एम्बुलेंस दान की हैं अथवा उनके साथ अपना समर्थन व्यक्त किया है। इसी तरह मदरसा जीनत उलूम, नारायणगढ़ मदरसा जमीयतुल उलूम, मेवात के मुस्लिम समुदाय के लोग व दर्जनों मस्जिदों से राहत भरे ट्रक पंजाब की ओर भेजे जा रहे हैं। ईरान ने भी भारत के पंजाब में आई भीषण बाढ़ पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आखिर कब साकार होगा पूर्ण साक्षर भारत का सपना



योगेश कुमार गोयल

दुनियाभर में लोगों को साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को विश्वभर में 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जाता है। दुनिया से अशिक्षा को समाप्त करने के संकल्प के साथ आज 59वां 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जा रहा है। पहली बार यूनेस्को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन द्वारा 17 नवम्बर 1965 को 8 सितम्बर को ही अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसके बाद प्रथम बार 8 सितम्बर 1966 से शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने तथा विश्वभर के लोगों का इस ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रतिवर्ष इसी दिन यह दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। वास्तव में यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों का ही प्रमुख घटक है।

निरक्षरता को खत्म करने के लिए ईरान के तेहरान में शिक्षा मंत्रियों के विश्व सम्मेलन के दौरान वर्ष 1965 में 8 से 19 सितम्बर तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए पहली बार बैठक की गई थी और यूनेस्को ने नवम्बर 1965 में अपने 14वें सत्र में 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस घोषित किया। उसके बाद से सदस्य देशों द्वारा प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जा रहा है। साक्षरता दिवस के अवसर पर निरक्षरता समाप्त करने के लिए जन जागरूकता को बढ़ावा देने तथा प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों के पक्ष में वातावरण तैयार किया जाता है। यह दिवस लगातार शिक्षा को प्राप्त करने की ओर



लोगों को बढ़ावा देने के लिए तथा परिवार, समाज और देश के लिए अपनी जिम्मेदारी को समझने के लिए मनाया जाता है। दुनियाभर में आज भी अनेक लोग निरक्षर हैं और यह दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत, सामुदायिक तथा सामाजिक रूप से साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विश्व में सभी लोगों को शिक्षित करना ही है। साक्षरता दिवस के माध्यम से यही प्रयास किए जाते हैं कि इसके जरिए तमाम बच्चों, व्यस्कों, महिलाओं तथा वृद्धों को भी साक्षर बनाया जाए। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में फिलहाल करीब चार अरब लोग साक्षर हैं लेकिन विड़म्बना यह है कि आज भी विश्वभर में करीब एक अरब लोग ऐसे हैं, जो पढ़ना-लिखना नहीं जानते। तमाम प्रयासों के बावजूद दुनियाभर में 77 करोड़ से भी अधिक युवा भी साक्षरता की कमी से प्रभावित हैं अर्थात प्रत्एक पांच में से एक युवा अब तक साक्षर नहीं है, जिनमें से दो तिहाई महिलाएं हैं। आंकड़े बताते हैं कि 6-7 करोड़ बच्चे आज भी ऐसे हैं, जो कभी विद्यालयों तक नहीं पहुंचते जबकि बहुत से बच्चों में नियमितता का अभाव है या फिर वे किसी न किसी कारणवश विद्यालय जाना बीच में ही छोड़ देते हैं। कोरोना काल में यह समस्या और ज्यादा गहरी हुई। करीब 58 फीसदी के साथ सबसे कम व्यस्क साक्षरता दर के मामले में दक्षिण और पश्चिम एशिया सर्वाधिक पिछड़े हैं।

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के लिए प्रतिवर्ष एक विशेष थीम चुनी जाती है और इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम है 'डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना', जो संचार को बेहतर बनाने और विविध संस्कृतियों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने के लिए कई भाषाओं में शिक्षा प्रदान करने के महत्व पर जोर देती है। पिछले साल साक्षरता दिवस 'बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देनारू आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता' थीम के साथ मनाया गया था। इस विशेष दिवस के लिए 2006 से लेकर अब तक निर्धारित थीम पर नजर डालें तो 2006 में सामाजिक प्रगति प्राप्ति पर ध्यान देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का विषय 'साक्षरता सतत विकास' रखा गया था। वर्ष 2007 और 2008 में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की विषय-वस्तु 'साक्षरता और स्वास्थ्य' थी, जिसके जरिए टीबी, कॉलेरा, एचआईवी, मलेरिया जैसी फैलने वाली बीमारियों से लोगों को बचाने के लिए महामारी के ऊपर ध्यान केन्द्रित करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्ष 2009 में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देने के लिए इसका विषय 'साक्षरता और सशक्तिकरण' रखा गया था जबकि 2010 की थीम 'साक्षरता विकास को बनाए रखना' थी। 2011 में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के लिए थीम 'साक्षरता और महामारी' एचआईवी, क्षय रोग, मलेरिया आदि संक्रमणीय बीमारियों पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए थी। 2012 में लैंगिक समानता और महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए थीम थी 'साक्षरता और सशक्तिकरण'। 2013 में शांति के लिए साक्षरता के महत्व पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए 'साक्षरता और शांति', 2014 में '21वीं शताब्दी के लिए साक्षरता', 2015 में 'साक्षरता और सतत विकास', 2016 में 'अतीत पढ़ना, भविष्य लिखना', 2017 में 'डिजिटल दुनिया में साक्षरता', 2018 में 'साक्षरता और कौशल विकास' अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम थी। 2019 में 'साक्षरता और बहुभाषावाद', वर्ष 2020 में 'कोविड-19 संकट और उससे संबंधित शिक्षा और शिक्षण', 2021 में 'मानव-केन्द्रित पुनर्प्राप्ति के लिए साक्षरता डिजिटल विभाजन को कम करना' लिटरेसी फॉर ए ह्यूमन-सेंट्रड रिकवरी नैरोइंग द डिजिटल डिवाइड, 2022 में 'ट्रांसफॉर्मिंग लिटरेसी लर्निंग स्पेसेस' साक्षरता सीखने के स्थान को बदलना तथा 2023 में 'संक्रमण काल में दुनिया के लिए साक्षरता को बढ़ावा देना टिकाऊ और शांतिपूर्ण समाजों की नींव का निर्माण' प्रोमोटिंग लिटरेसी फॉर ए वर्ल्ड इन ट्रांजिशन बिल्डिंग द फाउंडेशन फॉर सस्टेनेबल एंड पीसफुल सोसायटीज अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम थी। बहरहाल, भारत हो या दुनिया के अन्य देश, गरीबी मिटाना, बाल मृत्यु दर कम करना, जनसंख्या वृद्धि नियंत्रित करना, लैंगिक समानता प्राप्त करना आदि समस्याओं के समूल विनाश के लिए सभी देशों का पूर्ण साक्षर होना बेहद जरूरी है। दरअसल साक्षरता ही सामाजिक विकास का आधार स्तंभ बन सकती है। साक्षरता में ही वह क्षमता है, जो परिवार और देश की प्रतिष्ठा बढ़ा सकती है। आंकड़े देखें तो दुनिया में 100 से भी अधिक देश अभी भी ऐसे हैं, जो पूर्ण साक्षरता हासिल करने के लक्ष्य से अभी दूर हैं और चिंता की बात है कि भारत भी इनमें शामिल है। हालांकि आजादी के बाद देश में साक्षरता दर काफी तेजी से बढ़ी है लेकिन अभी इस दिशा में बहुत किया जाना बाकी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### लंदन से वाशिंगटन तक सड़कों पर प्रदर्शन

**लंदन/वाशिंगटन।** वाशिंगटन डीसी में हजारों लोगों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा राजधानी में पुलिस व्यवस्था पर संघीय नियंत्रण के खिलाफ मार्च किया। यह अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है। दूसरी तरफ, ब्रिटेन की पुलिस ने संसद भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे 400 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर लिया। ये लोग फलस्तीन एक्शन समूह पर लगे प्रतिबंध का उल्लंघन करने के लिए जुटे थे। सरकार ने इस समूह को आतंकवादी संगठन घोषित किया है। लाल बैनर पर अंग्रेजी और स्पैनिश में लिखा था कि डीसी पर कब्जा खत्म करो। इसी नारे के साथ प्रदर्शनकारी मेरिडियन हिल पार्क से होते हुए व्हाइट हाउस के पास फ्रीडम प्लाजा तक करीब दो मील पैदल मार्च करते पहुंचे।

### एक सप्ताह में 107037 शरणार्थी अफगानिस्तान लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान में पिछले एक सप्ताह में कुल 107037 अफगान शरणार्थी पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान से अपने वतन लौटे हैं। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार वतन लौटने वाले सभी नागरिकों को भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं और उनके संबंधित गृहनगरों तक मुफ्त परिवहन सहित आवश्यक सहायता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त शरणार्थियों को परिवार से मिलाने के लिए 23 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक की नकद सहायता प्रदान की गई है।

### चीन के हैनान प्रांत में तापा तूफान के कारण स्तर-4 की चेतावनी

**हाइकू।** दक्षिण चीन के हैनान प्रांत में उष्णकटिबंधीय अवसाद के कारण स्तर-4 के तापा तूफान की चेतावनी जारी की गई है। इस साल का यह 16वां तूफान है। हैनान प्रांतीय मौसम विज्ञान वेधशाला के अनुसार रविवार सुबह 7 बजे तापा का केंद्र दक्षिण चीन सागर के ऊपर दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत से लगभग 445 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित था। इसके केंद्र के पास अधिकतम 23 मीटर प्रति सेकंड की गति से हवाएं चल रही थीं।

### घाना में सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत

**अकरा।** दक्षिणी घाना में शनिवार तड़के एक कार और ट्रक की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। घाना राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा (जीएनएफएस) ने यह जानकारी दी। जीएनएफएस के क्षेत्रीय जनसंपर्क अधिकारी अब्दुल वसीउ हुडू ने बताया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह 3:50 बजे केप कोस्ट-अकरा राजमार्ग पर हुई। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद सड़क को यातायात के लिए फिर से खोल दिया गया है।

---

कनाडा ने कबूला...

# देश में खालिस्तानी आतंकी संगठन सक्रिय

## फंडिंग भी जुटाने में बब्बर खालसा इंटरनेशनल और सिख यूथ फेडरेशन का नाम शामिल

**ओटावा।** कनाडा सरकार ने कबूल कर लिया है कि खालिस्तानी आतंकी संगठन देश की जमीन पर सक्रिय हैं।

इन्हें कनाडा में फंडिंग भी मिल रही है। इनका मकसद हिंसा के जरिए नई राजनीतिक व्यवस्था बनाना या मौजूदा सिस्टम में बदलाव करना है। हाल ही में कनाडा की सरकार ने असेसमेंट आफ मनी लान्ड्रिंग एंड टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क इन कनाडा 2025 नाम से एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन जैसे संगठन कनाडा से फंड प्राप्त कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ये संगठन कनाडा के अलावा कई




- ये संगठन कनाडा के अलावा कई देशों में प्रवासी भारतीयों से भी चंदा जुटाते हैं
- खालिस्तानी समूहों को हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठनों के साथ लिस्ट किया

देशों में प्रवासी भारतीयों से भी चंदा जुटाते हैं। इन खालिस्तानी संगठनों को राजनीतिक मकसद से हिंसा फैलाने वाले चरमपंथी समूह (पीएमवीएम) नाम की कैटेगरी में रखा गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इन संगठनों के पास मजबूत नेटवर्क है और ये कई तरीकों से पैसा जुटाते हैं। इनमें बैंकिंग और मनी सर्विस सेक्टर का दुरुपयोग, क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल, कुछ देशों से डायरेक्ट फंडिंग, चैरिटी और गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ) का दुरुपयोग और आपराधिक गतिविधियां शामिल हैं। कनाडाई एजेंसियों ने खालिस्तानी समूहों को हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठनों के साथ लिस्ट किया है। हालांकि पहले के मुकाबले अब खालिस्तानी नेटवर्क छोटे स्तर पर काम कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी गई है कि 1980 के दशक से कनाडा में खालिस्तानी उग्रवादी हिंसा का सहारा लेकर पंजाब में अलग देश बनाने की कोशिश करते रहे हैं। भारत और कनाडा के रिश्तों में खालिस्तान समर्थक गतिविधियों को लेकर लंबे समय से विवाद बना हुआ है। भारत कई बार यह चिंता जता चुका है कि कनाडा की जमीन का इस्तेमाल खालिस्तानी समूह भारत विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने और फंडिंग जुटाने के लिए कर रहे हैं। भारत का कहना है कि कनाडा सरकार इन चरमपंथी गतिविधियों पर कड़ा कदम नहीं उठा रही।



नई दिल्ली। शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के पास यमुना नदी का जलस्तर घटने और खतरे के निशान के करीब पहुंचने के बाद एक अस्थायी आश्रय में अपने दैनिक कार्य करते लोग।

# नाइजीरिया में बोको हरम का तांडव, 60 लोगों की हत्या

**बामा।** डिप्टी असिस्टेंट कमिश्नर क्लेयर स्मार्ट ने कहा कि आज डयूटी करते समय हमारे अफसरों को मुक्के मारे गए, लातें मारी गईं, थूका गया और उन पर चीजें फेंकी गईं। यह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। वहीं, आयोजक डिफेंड आवर ज्यूरीज ने पुलिस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हिंसा की शुरुआत पुलिस ने की और प्रदर्शनकारियों को हिंसक बताना 'हास्यास्पद' है। इससे पहले हुए प्रदर्शनों में 700 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया था और 138 लोगों पर आतंकवाद कानून के तहत मुकदमा चलाया गया है। गांव के एक निवासी मोहम्मद बाबागाना ने बताया कि देर रात हुआ यह हमला बेहद खौफनाक था। बोर्नो राज्य के राज्यपाल बाबागाना जुलुम ने शनिवार शाम गांव का दौरा किया और पुष्टि की कि मरने वालों की संख्या 60 से अधिक है। जुलुम ने कहा कि हम प्रभावित लोगों के साथ हैं और उनसे अपील की है कि वे अपने घर न छोड़ें। सुरक्षा बढ़ाने और भोजन व दूसरी जरूरी मदद उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। बामा की स्थानीय सरकार ने बताया कि हमलावरों ने दर्जनभर से ज्यादा घरों को जला दिया और 100 से अधिक लोग अपने घर छोड़कर भागने पर मजबूर हो गए।

# एक लाख लोगों ने गाजा सिटी को छोड़ा: नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बताया है कि एक लाख लोगों ने गाजा सिटी को छोड़ दिया है। उन्होंने यरुशलम में हुई बैठक के दौरान इसकी जानकारी दी।

टाइम्स आफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने कहा कि हमास लोगों को रोकने की कोशिश कर रहा है ताकि उन्हें मानव ढाल की तरह इस्तेमाल किया जा सके। इजरायली पीएम के मुताबिक हमास ने महिलाओं और बच्चों को भी गोली मारकर रोकने की कोशिश की है। इससे पहले इजरायली सेना (आईडीएफ) ने शनिवार को आसमान से पर्चे गिराकर लोगों से शहर खाली करने को कहा था। आईडीएफ गाजा सिटी में बड़े सैन्य अभियान की तैयारी कर रही है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि गाजा सिटी में अब भी करीब 10 लाख फलस्तीनी मौजूद हैं। गाजा सिटी में इजरायली सेना ने

- कल आसमान से पर्चे गिरवाए थे, शहर खाली करने का फरमान

हेलिकाप्टर से पर्चे गिराए। आईडीएफ ने गाजा सिटी को हमास का गढ़ और काम्बैट जोन घोषित किया है। सेना अब शहर के अंदरूनी इलाकों की ओर बढ़ रही है। इसके चलते उसने लोगों को उनसे दक्षिणी गाजा के मानवीय शिविरों में जाने की हिदायत दी है। इजरायल ने कहा है कि मानवीय क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, खाना-पानी और टेंट उपलब्ध कराए जाएंगे। आईडीएफ का दावा है कि लोग सुरक्षित रास्ते से गाड़ियों में जा सकते हैं। हालांकि, यूएन और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने कहा कि यह जोन सिर्फ इजरायल की तरफ से घोषित है, इसमें उनकी कोई भागीदारी नहीं है। इन संस्थाओं ने चेतावनी दी है कि लाखों लोगों के पलायन से मानवीय संकट और बढ़ेगा।

# डोनाल्ड ट्रम्प के रोजगार के वादे धरे रह गए

## अमेरिका में नियुक्तियां ठप, टैरिफ लागू होने से मुद्रास्फीति बढ़ना जारी, रोजगार बाजार स्वस्थ से सुस्त हो चुका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को दूसरा कार्यकाल संभाले अभी सात माह ही हुए हैं और इस दौरान महाशक्ति का रोजगार बाजार स्वस्थ से सुस्त हो चुका है। इसका बड़ा कारण उनके टैरिफ लागू होने के साथ भर्तियों का ठप होना और मुद्रा स्फीति का एक बार फिर बढ़ना है। ताजा रोजगार रिपोर्ट बताती है कि नियोक्ताओं ने अगस्त में सिर्फ 22000 नौकरियां ही जोड़ीं, जबकि बेरोजगारी दर बढ़कर 4.3 प्रतिशत हो गई।

कारखानों व निर्माण कंपनियों ने श्रमिकों की छंटनी की है। संशोधनों से पता चला है कि जून में अर्थव्यवस्था में 13000 नौकरियां कम हुईं। नए आंकड़ों ने ट्रम्प द्वारा वादा की गई तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और अब तक उनके द्वारा हासिल की गई कमजोर वास्तविकता के बीच बढ़ते अंतर को उजागर कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ताजा बयान में देशभर में नए कारखाने खुलने तक रोजगार की प्रतीक्षा करने का आश्वासन देते हुए कहा, आप इस देश में ऐसी चीजें होते देखेंगे जिनकी किसी ने उम्मीद नहीं की होगी। लेकिन धैर्य रखने की ये अपील अमेरिकियों को ज्यादा राहत नहीं दे पाई। सीनेट



**संशोधनों से पता चला है कि जून में अर्थव्यवस्था में 13000 नौकरियां कम हुईं**

के अल्पसंख्यक और डेमोक्रेट नेता चक शूमर ने कहा कि ट्रम्प की टैरिफ और मनमानी नीतियां अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रही हैं और ताजा रोजगार रिपोर्ट ने इसे साबित कर दिया है। राष्ट्रपति बनने से पहले चुनाव प्रचार के दौरान 2024 में ट्रम्प ने सुझाव दिया था कि देश में अवैध रूप से रह रहे आप्रवासियों को निर्वासित करने से अश्वेत नौकरियों की रक्षा होगी, लेकिन यह दर बढ़कर 7.5 प्रतिशत हो गई है।

## 'X' पर ट्रम्प के करीबी नवारों ने मुंह की खाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के वरिष्ठ व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने एक बार फिर भारत पर रूस से तेल आयात को लेकर हमला बोला, लेकिन इस बार सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स ने उनके दावों को फैक्ट-चेक किया और इसे भ्रामक करार दे दिया।

इसके बाद भड़के नवारो ने एक्स के मालिक एलन मस्क पर ही निशाना साधा है। पीटर नवारो ने अपने पोस्ट में दावा किया कि भारत रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदकर मुनाफा कमा रहा है और यह पैसा रूस की युद्ध मशीन को चला रहा है। उन्होंने लिखा कि तथ्य- भारत के ऊंचे टैरिफ से अमेरिकी नौकरियां खत्म हो रही हैं। भारत सिर्फ मुनाफे के लिए रूसी तेल खरीदता है। इस राजस्व से रूस को युद्ध में ताकत मिलती है। यूक्रेनियन और रूसी मर रहे हैं और अमेरिकी टैक्सपेयर ज्यादा पैसा खर्च कर रहे हैं। भारत सच्चाई बर्दाश्त नहीं कर सकता और झूठ फैलाता है। नवारो ने यह भी

**एक्स ने उनके दावों को फैक्ट-चेक किया और भ्रामक करार दे दिया, फैक्ट-चेक से भड़के पीटर नवारो**

आरोप लगाया कि भारत के ऊंचे आयात शुल्क (टैरिफ) के कारण अमेरिकी उद्योग को भारी नुकसान हो रहा है। पीटर नवारो की इस पोस्ट के नीचे एक्स ने फैक्ट-चेक जोड़ते हुए लिखा कि भारत का रूसी तेल खरीदना पूरी तरह कानूनी है और यह उसकी ऊर्जा सुरक्षा के लिए है। एक्स के फैक्ट-चेक में कहा गया कि भारत के रूसी तेल आयात अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन नहीं करते। हालांकि भारत के कुछ उत्पादों पर टैरिफ हैं, लेकिन अमेरिका को भारत से सेवाओं में व्यापार अधिशेष (ट्रेड सरप्लस) है। अमेरिका खुद रूस से कुछ वस्तुएं, जैसे यूरेनियम, अब भी आयात कर रहा है। ऐसे में भारत की आलोचना करना दोहरे मापदंड को दिखाता है। एक्स के इस नोट में सीधे तौर पर नवारो के दावों को 'पाखंडी' करार दिया गया है।

# जेलेंस्की ने पुतिन को दिखाया ठेंगा

## जेलेंस्की ने पुतिन के प्रस्ताव को खारिज किया, मास्को बैठक में शामिल होने से किया इन्कार

**कीव।** अलास्का में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच हुई बैठक के बाद उम्मीद बंधी थी कि रूस-यूक्रेन के बीच जल्द युद्धविराम हो सकता है, लेकिन अब यह उम्मीद धूमिल होती नजर आ रही है।

दरअसल अलास्का बैठक के बाद पुतिन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को मास्को में बैठक करने का प्रस्ताव दिया था, जिसे अब यूक्रेनी राष्ट्रपति ने खारिज कर दिया है। जेलेंस्की ने मास्को के बजाय कीव में बैठक की मांग की है। एक अमेरिकी मीडिया चैनल से बातचीत में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि मैं एक आतंकी की राजधानी नहीं जा सकता, क्योंकि यूक्रेन पर हर दिन हमले हो रहे हैं। पुतिन कीव आ सकते हैं। अलास्का बैठक के बाद से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प, पुतिन और जेलेंस्की के बीच आमने-सामने बैठक



- मैं एक आतंकी की राजधानी नहीं जा सकता, क्योंकि यूक्रेन पर हर दिन हमले हो रहे हैं: जेलेंस्की

कराने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में पुतिन ने कहा था कि वह जेलेंस्की से मिलने के लिए तैयार हैं, लेकिन यह बैठक मास्को में होनी चाहिए। शुक्रवार को, रूसी सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने स्पष्ट किया कि जेलेंस्की को रूसी राजधानी मास्को में आत्मसमर्पण करने के लिए नहीं बल्कि बातचीत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि रूस ने सितंबर के पहले पांच दिनों में यूक्रेन पर 1300 से ज्यादा ड्रोन, लगभग 900 बम और विभिन्न प्रकार की लगभग 50 मिसाइलें दागीं हैं। उन्होंने कहा कि ये हमले देश के 14 क्षेत्रों में हुए। यूक्रेनी नेता ने कहा कि रूस युद्ध को लम्बा खींचने की कोशिश कर रहा है और कूटनीति को एक तमाशा बनाने की कोशिश कर रहा है।

# जापान के प्रधानमंत्री इशिबा ने दिया इस्तीफा

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने रविवार को इस्तीफा दे दिया है। इशिबा ने यह कदम सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के भीतर विभाजन से बचने के लिए उठाया है। जापानी मीडिया एनएचके ने यह खबर दी है। इशिबा की गठबंधन सरकार जुलाई में हुए ऊपरी सदन (हाउस आफ काउंसलर्स) के चुनाव में हार गई थी। इशिबा ने इसके लिए हाल ही में माफी मांगी थी और कहा था कि वह इस्तीफा देने के बारे में निर्णय लेंगे। चुनावी हार के बाद एलडीपी के भीतर 'इशिबा को हटाओ' आंदोलन तेज हो गया था। पार्टी के कुछ नेताओं और सांसदों ने उनके नेतृत्व पर सवाल उठाए, जिससे उनकी स्थिति कमजोर हो गई थी। इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और उसके सहयोगी दल ने जुलाई में हुए चुनावों में देश के ऊपरी सदन में अपना बहुमत खो दिया था। हालांकि उस समय उन्होंने कहा था कि वो प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। जापानी संसद के उच्च सदन में कुल 248 सीटें हैं। इशिबा के गठबंधन के पास पहले से 75 सीटें थीं। बहुमत बनाए रखने के लिए उन्हें इस चुनाव में कम से कम 50 नई सीटों की जरूरत थी, लेकिन उन्हें केवल 47 सीटें ही मिल पाईं।

# रूस ने कीव पर दागे 800 ड्रोन

**कीव।** रूस ने रविवार रात यूक्रेन पर 805 ड्रोन और हथियारों से हमला किया। यह जंग की शुरुआत से अब तक का सबसे बड़ा हमला है। यूक्रेनी वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने इसकी पुष्टि की कि रविवार का हमला रूस का सबसे बड़ा ड्रोन हमला था।

रूस ने अलग-अलग तरह की खतरनाक 13 मिसाइलें भी दागीं। वायु सेना के एक बयान के मुताबिक, यूक्रेन ने 747 ड्रोन और चार मिसाइलों को मार गिराया। यूक्रेन में 37 स्थानों पर हमले हुए। इससे पहले बताया गया कि रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। इस दौरान एक प्रमुख सरकारी इमारत की छत से धुआं उठता दिखाई दिया। लोगों ने कीव के कैबिनेट भवन की छत से धुएं का गुबार उठता देखा, लेकिन यह तुरंत स्पष्ट

- रूस के मिसाइल हमले के बाद कैबिनेट भवन से धुआं उठता देखा गया, दो लोगों की मौत

नहीं हो पाया कि क्या यह धुआं सीधे हमले का नतीजा था। रूस अब तक शहर के केंद्र में सरकारी इमारतों को निशाना बनाने से बचता रहा है। यह इमारत यूक्रेन के मंत्रिमंडल का मुख्यालय है, जहां उसके मंत्रियों के कार्यालय स्थित हैं। दमकल गाड़ियों और एम्बुलेंस के पहुंचने पर पुलिस ने इमारत में प्रवेश बंद कर दिया। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि हमले में दो लोग मारे गए और 15 घायल हुए। कीव के नगर प्रशासन प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि मृतकों में एक साल का बच्चा भी शामिल है, जिसका शव बचावकर्मियों ने मलबे से निकाला।

# पाकिस्तान के पंजाब में नाव डूबने से पांच लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** भारत के पंजाब के साथ-साथ पाकिस्तान के पंजाब में भी बाढ़ का कहर बरकरार है। बाढ़ के कारण गांव के गांव पानी में डूब गए हैं। लोगों को बचाने के लिए बचाव दल पूरी ताकत के से अभियान चला रहा है, लेकिन हताहतें बढ़ती जा रही हैं।

एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बाढ़ पीड़ितों को ले जा रही एक नाव के पलट जाने से पांच लोगों की मौत हो गई है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम लाहौर से लगभग 350 किलोमीटर दूर मुल्तान जिले के जलालपुर पीरवाला में हुई। अधिकारी के मुताबिक बाढ़ से पाकिस्तान में भारी तबाही हुई है और जून के अंत से अब तक देश भर में बारिश एवं बाढ़ से संबंधित

- बाढ़ पीड़ितों को नहीं दी गई थी लाइफ सेफ्टी जैकेट

घटनाओं में 900 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। पंजाब के प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के डायरेक्टर इरफान अली काठिया ने मीडिया को जानकारी दी कि पानी के तेज बहाव की वजह से जब बचाव कार्यों में जुटी नाव पलटी, तब उसमें लगभग 30 बाढ़ पीड़ित सवार थे। उन्होंने बताया कि एक महिला और चार बच्चे डूब गए, जबकि बाकी लोगों को बचा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों ने लाइफ सेफ्टी जैकेट नहीं पहनी थी। इरफान ने बताया कि पंजाब में 23 अगस्त को बाढ़ शुरू होने के बाद से हमने 25 हजार से ज्यादा सफल नाव बचाव अभियान चलाए हैं।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....


क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं


(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108